CMYK

तापमान अधिकतम :34°C न्यूनतम: 23°C

सेंसेक्स 81,721.08 निफ्टी 24,853.15

सोना 98,175 चांदी 1,00,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

बरेली, शनिवार 24 मई 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 179 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 25 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



इस्तीफा देने पर विचार कर रहे मुहम्मद यूनुस

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



चोट से उबर चुके हेजलवुड प्लेऑफ में कर सकते हैं वापसी

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## आईपीएल की आड़ में लग रहा सट्टाः सुप्रीम कोर्ट

### कोर्ट बोला-कोई कानून जुआ-सट्टा खेलने से नहीं रोक सकता, केंद्र को नोटिस देकर मांगा जवाब

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ ऑनलाइन एप को रेगुलेट करने की मांग करने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा : जरूरत पड़ी तो सभी से जवाब मांगेगे

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि लोग इंडियन प्रीमियर लीग की आड़ में सट्टा लगा रहे हैं और जुआ खेल रहे हैं। हम जानते हैं कि इसे रोका जाना चाहिए, लेकिन शायद आप इस गलतफहमी में हैं कि इसे कानून के जरिये रोका जा सकता है।

कोर्ट ऑनलाइन एप को रेगुलेट करने की मांग करने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई कर रहा था। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि जिस तरह हम लोगों को हत्या करने से नहीं रोक सकते, उसी तरह कोई कानून लोगों को सट्टेबाजी और जुआ खेलने से नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि वह केंद्र से पूछेगी कि वह इस मुद्दे पर क्या कर रही है। इसके लिए केंद्र को नोटिस देकर जवाब मांगा गया है। बेंच ने मामले में अटॉर्नी जनरल और सॉलिसिटर जनरल से मदद की मांग की और कहा कि जरूरत पड़ी, तो वह बाद में सभी राज्यों से जवाब मांगेगी। बेंच ने इन हालात को समाज का विचलन बताते हुए अपनी मजबूरी व्यक्त की और कहा कि कानून के लागू होने से लोगों को सट्टा लगाने से नहीं रोका जा सकता। हमने अपने बच्चों को इंटरनेट दे दिया है। वे इसे अपने स्कूलों में भी ले जाते हैं। माता-पिता एक टीवी देखते हैं, बच्चे दूसरा देखते हैं। यह पूरी तरह से सामाजिक विचलन है। क्या किया जा सकता है। जब लोग अपनी मर्जी से सट्टे में लिप्त हैं। याचिकाकर्ता के ए.पाल ने आरोप लगाया है कि कई ऑनलाइन इन्फ्लूएंसर, एक्टर और -शेष पृष्ठ दो पर



### छात्र सुसाइड केसः राजस्थान सरकार को फटकार

#### पूछा- छात्र कोटा में ही क्यों जान दे रहे, इसे रोकने के लिए अब तक क्या किया

**नई दिल्ली।** स्टूडेंट्स सुसाइड मामले में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने इस दौरान कोटा में हो रहे स्टूडेंट्स सुसाइड के मामलों को भी गंभीर बताया और राजस्थान सरकार को फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा कि कोटा में इस साल अब तक 14 स्टूडेंट्स सुसाइड कर चुके हैं। आप एक राज्य के तौर पर इसे लेकर क्या कर रहे हैं? स्टूडेंट्स कोटा में ही क्यों आत्महत्या कर रहे हैं? एक राज्य के तौर पर क्या आपने इस पर कोई विचार नहीं किया? सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी कोटा में छात्रा का शव मिलने और आईआईटी खड़गपुर के छात्र के सुसाइड मामले की सुनवाई के दौरान की। सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार से इस मामले में जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 14 जुलाई को होगी। 4 मई को नीट एग्जाम से कुछ ही घंटे पहले कोटा के हॉस्टल में 17 साल की छात्रा का शव मिला था। 4 मई को ही, आईआईटी खड़गपुर में पढ़ने वाले 22 साल के स्टूडेंट ने हॉस्टल के कमरे में फांसी लगा ली थी। इन्हीं दोनों मामलों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने 6 मई को स्वत: संज्ञान लिया था।

## लड़खड़ा गई है देश की विदेश नीतिः राहुल

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को मोदी सरकार पर विदेश नीति को कमजोर करने पर आरोप लगाया और विदेश मंत्री एस. जयशंकर की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए।

श्री गांधी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि श्री जयशंकर को यह जवाब देना चाहिए कि कुछ देश पाकिस्तान को भारत के बराबरी पर क्यों रख रहे हैं और एक भी देश पाकिस्तान की निंदा करने में हमारा साथ क्यों नहीं दे रहा है। कांग्रेस नेता ने यह सवाल भी किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को भारत-पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता करने के लिए किसने कहा। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत की विदेश नीति लड़खड़ा गई है। गौरतलब है कि श्री ट्रम्प लगातार कह रहे हैं कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और वह दोनों देशों के बीच कश्मीर मुद्दे पर भी मध्यस्थता करने को तैयार हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने बयानों में भारत और पाकिस्तान को समान स्तर पर रखा है।

### शैक्षणिक संस्थानों को नशामुक्त बनाने को अभियान शुरू

**नई दिल्ली।** सरकार ने छात्रों और युवाओं को तंबाकू तथा नशीले पदार्थों से बचाने के लिए शैक्षणिक संस्थानों को तंबाकू मुक्त करने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरुआत की है। शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग (डीओएसईएल) ने इस संबंध में शुक्रवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कार्रवाई करने का आह्वान किया ताकि शैक्षणिक संस्थानों के आसपास के क्षेत्रों को तंबाकू, शराब और नशीले पदार्थों से मुक्त रखने के लिए नियमों और दिशानिर्देशों को सख्ती से लागू किया जा सके। शिक्षा मंत्रालय ने नशीले पदार्थों के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए तम्बाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान दिशानिर्देशों को लागू कर रहा है। इसके तहत स्कूलों और कॉलेजों को तम्बाकू के उपयोग और बिक्री से पूरी तरह मुक्त बनाने के लिए दिशानिर्देश जारी किया गया है। मंत्रालय ने इस मिशन का समर्थन करने में स्कूल प्रबंधन समितियों, शिक्षकों और अभिभावकों की भूमिका पर जोर दिया है। सरकार ने सभी नागरिकों से इस महत्वपूर्ण अभियान का समर्थन करने का आग्रह किया है। मंत्रालय का मानना है कि निरंतर प्रयासों और जन समर्थन से भारत अपने स्कूलों और कॉलेजों को सुरक्षित, स्वस्थ और हानिकारक पदार्थों के प्रभाव से मुक्त बना सकता है।

### स्वास्थ्य सेवा कर्मियों को आग के प्रति संवेदनशील बनाएं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने देशभर में सभी चिकित्सा सुविधा केंद्रों में आग से बचाव के उचित प्रबंध करने के निर्देश देते हुए कहा है कि सभी कर्मचारियों को अग्नि दुर्घटनाओं के प्रति संवेदनशील बनाया जाना चाहिए। मंत्रालय ने निजी एवं सरकारी अस्पतालों से किसी भी आग दुर्घटना से निपटने के लिए कर्मचारियों की क्षमता निर्माण पर जोर दिया है। इसके लिए सभी स्वास्थ्य सेवा संस्थानों से आवश्यक उपकरण स्थापित करने और उनके संचालन के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने को भी कहा गया है। इस संबंध में आयोजित की जा रही कार्यशालाओं से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सभी सरकारी और निजी चिकित्सा सुविधा केंद्रों में कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण शिविर लगाए जा रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आग दुर्घटनाओं से निपटने के लिए सामूहिक कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया है।

### जंगल में आग लगने से नियंत्रण रेखा पर बारूदी सुरंगें फटी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में पुंछ के कृष्णा घाटी सेक्टर में जंगल में लगी भीषण आग के कारण नियंत्रण रेखा पर शुक्रवार को कई बारूदी सुरंगें फट गई। अधिकारियों ने कहा कि आग कृष्णा घाटी सेक्टर के जंगलों में लगी है। आग लगने के कारण इलाके की बारूदी सुरंग में विस्फोट हुआ है। आग से किसी के हताहत होने एवं बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। सेना के अग्निशमनकर्मी, पुलिस एवं प्रशासन के साथ मिलकर आग को बुझाने में जुटे हुए है।

## हवाई यात्राः टेक ऑफ-लैंडिंग पर कैमरा क्लिक वर्जित

### खिड़कियां भी बंद रहेंगी, देश के चार डिफेंस एयरपोर्ट पर नए नियम लागू

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ डिफेंस एरिया की सुरक्षा को देखते हुए डीजीसीए ने दिया आदेश



**नई दिल्ली।** डिफेंस एरिया की सुरक्षा को देखते हुए भारत सरकार ने फ्लाइट के टेक ऑफ और लैंडिंग के वक्त खिड़कियां बंद रखने का आदेश दिया है। यह आदेश डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) की तरफ से जारी किया गया है। आदेश के मुताबिक पैसेंजर्स के फोटो खींचने और वीडियो बनाने पर भी बैन रहेगा।

यह नियम देश के उन 4 डिफेंस एयरपोर्ट पर लागू होगा, जिनका इस्तेमाल कॉमर्शियल फ्लाइट के लिए होता है। इसमें अमृतसर, जम्मू, श्रीनगर और जैसलमेर एयरपोर्ट शामिल है। डीजीसीए ने एयरलाइंस, हेलीकॉप्टर और चार्टर्ड प्लेन ऑपरेटरों को निर्देश जारी किया है कि डिफेंस एयरफील्ड में आने और जाने वाले विमानों में खिड़कियां तब तक बंद रहेंगी, जब तक कि प्लेन टेकऑफ के दौरान 10,000 फीट की ऊंचाई तक नहीं पहुंच जाता या लैंडिंग के दौरान नीचे नहीं उतर जाता। सूत्रों ने डीजीसीए के एक सीनियर अधिकारी के हवाले से बताया कि यह -शेष पृष्ठ दो पर

### भारत-पाकिस्तान ने एक-दूसरे के लिए बढ़ाई एयरस्पेस पाबंदी

**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के रिश्तों में तनाव चरम पर है। इस हमले का बदला भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिये लिया। तनाव के माहौल में भारत ने पाकिस्तान के लिए अपने एयरस्पेस को बंद कर दिया था। अब एक बार फिर इस पाबंदी को भारत ने एक और महीने के लिए बढ़ा दिया है। भारत ने इस बाबत नोटम भी जारी कर दिया है। नए नोटम के मुताबिक, यह 23 जून, 2025 तक प्रभावी रहेगा। वहीं, दूसरी ओर भारत की कार्रवाई से तिलमिलाए पाकिस्तान ने भी भारतीय उड़ानों के लिए अपनी हवाई क्षेत्र पाबंदी को एक और महीने तक बढ़ाने का फैसला लिया है। इस बाबत नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा है कि भारतीय हवाई क्षेत्र पाकिस्तान में पंजीकृत एसीएफटीएस और पाकिस्तानी एयरलाइनों/ऑपरेटरों द्वारा संचालित/स्वामित्व वाली या पट्टे पर ली गई एसीएफटीएस के लिए स्वीकृत नहीं है। इसमें सैन्य उड़ानें भी शामिल -शेष पृष्ठ दो पर

### विमान में चीख-पुकार, फिर भी पाक ने नहीं दी परमिशन

**नई दिल्ली।** दिल्ली से श्रीनगर जा रही इंडिगो की एक फ्लाइट 21 मई को ओलावृष्टि के कारण भीषण टर्बुलेंस (हवा में झटकों) की चपेट में आ गई थी। इस दौरान पायलट ने पाकिस्तान से उसका एयरस्पेस इस्तेमाल करने की इजाजत मांगी थी। हालांकि, पाकिस्तान ने मना कर दिया। इंडिगो फ्लाइट जब अमृतसर के ऊपर से गुजर रही थी, तब पायलट ने हल्का टर्बुलेंस महसूस किया। उन्होंने लाहौर एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) से कॉन्टैक्ट किया और खराब मौसम से बचने के लिए पाकिस्तान के एयरस्पेस में घुसने की परमिशन मांगी। लाहौर एटीसी ने पायलट को साफ मना कर दिया, जिसके कारण फ्लाइट को अपने तय रूट पर आगे बढ़ना पड़ा। आगे जाकर फ्लाइट गंभीर टर्बुलेंस की चपेट में आ गई। फ्लाइट जोर से हिलने-डुलने लगी। फ्लाइट में 227 लोग सवार थे। तेज झटकों के कारण सभी चीखने-चिल्लाने लगे थे। पायलट ने श्रीनगर एटीसी को जानकारी दी और फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग कराई।

## दुनियाभर में बेनकाब हो गया पाकिस्तानः शाह

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ आतंकियों के समर्थन में भारत पर पाक की जवाबी कार्रवाई को गृह मंत्री ने बनाया मुद्दा



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठनों पर भारत की सैन्य कार्रवाई के विरोध में और आतंकवादियों के समर्थन में भारत पर जवाबी कार्रवाई करने से दुनिया भर में पाकिस्तान की पहचान आतंकवाद का समर्थन करने वाले देश की बन गई है और वह पूरी तरह बेनकाब हो गया है।

श्री शाह ने शुक्रवार को यहां रूस्तमजी स्मृति व्याख्यान और सीमा सुरक्षा बल अलंकरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान बार बार दावा करता रहा है कि वह आतंकवाद को समर्थन नहीं देता, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के बाद के घटनाक्रम ने उसे बेनकाब कर दिया है। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और पाकिस्तान में केवल नौ आतंकवादी अड्डों को तबाह किया था और सैन्य तथा असैनिक अड्डों को निशाना नहीं बनाया था। गृह मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान ने इसके जवाब में भारतीय सैन्य और असैनिक ठिकानों पर हमले की विफल कोशिश कर साबित कर दिया कि वह आतंकवाद का समर्थन करता है और आतंकियों को शह दे रहा है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद के घटनाक्रम से पाकिस्तान का पूरी तरह पर्दाफाश हो गया कि वह आतंकवाद को प्रश्रय दे रहा है। पूरी दुनिया ने देखा कि किस तरह पाकिस्तान सेना के अफसरों ने आतंकवादियों के जनाजों में नमाज पढ़ी। दूसरी ओर भारतीय सेनाओं की सराहना की जानी चाहिए कि उन्होंने जवाबी कार्रवाई के दौरान पाकिस्तान के केवल सैन्य अड्डों को ही निशाना बनाया और असैनिक क्षेत्रों में हमला नहीं किया।

### पाक को फिर FATF की ग्रे लिस्ट में लाएंगे

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने कहा है कि पाकिस्तान को फिर (एफएटीएफ) की ग्रे लिस्ट में शामिल कराएंगे। इसके लिए एफएटीएफ के साथ मिलकर मजबूत केस तैयार करेंगे।

सूत्र के मुताबिक, भारत को लगता है कि पाकिस्तान अपनी जमीन पर आतंकवाद को खत्म करने में नाकाम रहा है। पाकिस्तान सरकार देश को हो रही फंडिंग को हथियार और गोला-बारूद खरीदने में खर्च करती है। ऐसे देश टेरर फंडिंग, मनी लॉन्ड्रिंग रोकने में न केवल नाकाम रहते हैं, बल्कि वहां ये चीजें बढ़ती हैं, उन्हें एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डाला जाता है। एफएटीएफ प्लेनरी (फैसले लेने वाली संस्था) की साल में तीन बैठकें फरवरी, जून और अक्टूबर में होती हैं। 2018 में पाकिस्तान को एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डाला गया था। 2022 में उसे बाहर कर दिया गया। भारत सरकार ने कहा है कि पाकिस्तान को फिर (एफएटीएफ) की ग्रे लिस्ट में शामिल कराएंगे। इसके लिए एफएटीएफ के साथ मिलकर मजबूत केस तैयार करेंगे। एक न्यूज एजेंसी ने सरकारी सूत्र के हवाले से ये बात कही है।

## नौ वीर सपूतों के परिजनों को मिले बलिदान बैज व सम्मान प्रमाण पत्र

■ सेना प्रमुख ने भावपूर्ण समारोह में किया सम्मानित

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने शुक्रवार को यहां एक समारोह में भारत मां के उन नौ वीर सपूतों के परिजनों को 'बलिदान का बैज' और 'सम्मान प्रमाण पत्र' प्रदान किए जिन्होंने कर्तव्य की वेदी पर अपने प्राण न्यौछावर कर दिए।

दिल्ली छावनी के मानेकशॉ सेंटर में आयोजित एक भव्य और भावपूर्ण समारोह में वीरता और सर्वोच्च बलिदान के लिए गहन प्रतीकात्मक श्रद्धांजलि के रूप में ये पुरस्कार उन अधिकारियों, जूनियर कमीशन प्राप्त अधिकारियों और अन्य रैंकों को प्रदान किए गए, जो देश की सेवा करते हुए दुश्मन की और आतंकवादियों की कार्रवाई में शहीद हो गए। यह कार्यक्रम राष्ट्रपति भवन में आयोजित औपचारिक रक्षा अलंकरण समारोह के एक दिन बाद आयोजित किया गया। ये सम्मान कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष ढोंचक, कैप्टन दीपक सिंह, हवलदार रोहित कुमार, नायक दिलवर खान, राइफलमैन रवि -शेष पृष्ठ दो पर

## आतंकवाद व माओवादी हिंसा अब बर्दाश्त नहीं



■ सरकार 11 वर्षों से पूर्वोत्तर में विकास व शांति के लिए कर रही कामः मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शांति और बुनियादी ढांचागत सुविधाओं को विकास की आवश्यक शर्त बताया है और कहा है कि उनकी सरकार ने पिछले 11 वर्ष में पूर्वोत्तर क्षेत्र में अवसंरचना-विकास और शांति के लिए जो काम किए हैं, उससे पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्य आज निवेशकों के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

श्री मोदी ने शुक्रवार को यहां पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों के विकास के विषय पर केन्द्रित दो दिवसीय निवेशक सम्मेलन- नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन करते शांति के महत्व को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद हो या अशांति फैलाने वाले माओवादी, (उनके प्रति) हमारी सरकार जीरो टॉलरेंस (रत्ती भर भी बर्दाश्त न करने) की नीति पर चल रही है। उनकी सरकार ने पूर्वोत्तर में विभिन्न संगठनों के साथ पिछले कुछ वर्षों में कई शांति समझौते किए हैं और 10 हजार से अधिक युवाओं ने हथियार छोड़ कर मुख्य धारा को अपनाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र की उनकी योजना में क्षेत्र के युवाओं के लिए विकास के अवसरों का सृजन सबसे उच्च प्राथमिकता रखता है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्ष में हमने पूर्वोत्तर में बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए, जो कुछ किया है, वह केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि वह क्षेत्र के विकास की एक बड़ी सोच को दर्शाता है।

## गढ़चिरौली में चार नक्सली ढेर

कांकेर/मुंबई, वार्ता

■ चारों नक्सलियों के शवों के साथ-साथ हथियार भी बरामद

**छत्तीसगढ़ से** सटे महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में शुक्रवार को चार हार्डकोर नक्सलियों को मार गिराया। जवानों ने चारों नक्सलियों के शवों के साथ-साथ हथियार को भी बरामद कर लिया है।

इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। इस घटना की पुष्टि डीआईजी अंकित गोयल ने भी की है। उन्होंने बताया कि सभी जवानों की वापसी पर ही नक्सलियों को हुए वास्तविक जानकारी मिल सकती है। मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बलों ने मौके से चार शवों के साथ एक स्वचालित सेल्फ-लोडिंग राइफल, दो 303 राइफल, एक भरमार बंदूक, वॉकी-टॉकी, कैंपिंग का सामान बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार सुबह माओवादियों ने अचानक सी-60 कमांडो पर फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया।






## ट्रम्प की एपल को धमकी, अमेरिका में ही बनाएं आईफोन

### अमेरिकी राष्ट्रपति ने एपल सीईओ को दी 25 % टैरिफ लगाने की चेतावनी

नई दिल्ली, वार्ता

■ टिम कुक से कहा: जो फोन अमेरिका में बेचे जाएंगे, वे यहीं बनेंगे, न कि कहीं और

■ हम नहीं चाहते कि एपल के प्रोडक्ट भारत में बनें



**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत में आईफोन बनाने को लेकर एपल को एक बार फिर धमकी दी है। शुक्रवार को ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका में बेचे जाने वाले आईफोन का निर्माण भारत या किसी अन्य देश में नहीं, बल्कि अमेरिका में ही होना चाहिए।

ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने पहले सीधे तौर पर एपल के सीईओ टिम कुक को बता दिया है कि यदि एपल अमेरिका में आईफोन नहीं बनाएगा, तो कंपनी पर कम से कम 25 प्रतिशत का टैरिफ लगाया जाएगा। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर लिखा कि मैंने बहुत पहले एपल के टिम कुक को सूचित कर दिया था कि जो आईफोन अमेरिका में बेचे जाएंगे, वे अमेरिका में निर्मित किए जाएंगे, न कि भारत या कहीं और। यदि ऐसा नहीं होता है, तो एपल को कम से कम 25 प्रतिशत का टैरिफ देना होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प नहीं चाहते कि एपल के प्रोडक्ट भारत में बनें। पिछले हफ्ते ट्रम्प ने कंपनी के सीईओ टिम कुक से कहा था कि भारत में फैक्ट्रियां लगाने की जरूरत नहीं है। इंडिया अपना ख्याल खुद रख सकता है। एपल सीईओ के साथ हुई इस बातचीत की जानकारी ट्रम्प ने कतर की राजधानी दोहा में बिजनेस लीडर्स के साथ कार्यक्रम में दी। उन्होंने कहा था कि एपल को अब अमेरिका में प्रोडक्शन बढ़ाना होगा। इसके बावजूद एपल की सबसे बड़ी कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरर फॉक्सकॉन ने भारत में 1.49 बिलियन डॉलर (करीब 12,700 करोड़) का निवेश किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी के राज्य सूचना आयुक्त गिरजेश चौधरी का निधन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के राज्य सूचना आयुक्त गिरजेश चौधरी का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है। वह करीब 62 वर्ष के थे। जानकारी के अनुसार सूचना आयुक्त राकेश कुमार के कक्ष में आयोजित जलपान में श्री चौधरी गुरुवार को शामिल हुए थे। इसके बाद वह बस्ती में एक समारोह में शामिल होने चले गए, वहीं बीती रात उन्हें दिल का दौरा पड़ा। पहले बस्ती जिला अस्पताल और फिर लखनऊ में लारी इंस्टिट्यूट लाया गया, लेकिन बचाया नहीं जा सका। हंसमुख स्वभाव और शानदार व्यक्तित्व के धनी चौधरी मूल रूप से संत कबीर नगर (पूर्व में बस्ती) जिले के सेमरियावां विकासखंड के चंगेरा मंगेरा गांव के मूल निवासी थे। लखनऊ में उनका आवास मुंशी पुलिया के पास मानस विहार में है।

### भाजपा सांसद को कांग्रेस ने दिया करारा जवाब

**नई दिल्ली।** सैन्य कार्रवाई से पाकिस्तान को सूचित करने पर विदेश मंत्री एस जयशंकर को आड़े हाथ ले रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे के पलटवार का करारा जवाब देते हुए कांग्रेस ने कहा है कि दुबे जिस समय का हवाला दे रहे हैं, तब तत्कालीन केंद्र सरकार से कांग्रेस समर्थन वापस ले चुकी थी। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि भाजपा सांसद जिस तथ्य को लेकर विदेश मंत्री का बचाव कर रहे हैं, उसकी उन्हें सही जानकारी नहीं है, इसलिए इस बारे में सहयोगी सांसद नीरज शेखर से ज्यादा जानकारी हासिल कर सकते हैं। उन्होंने भाजपा सांसद का जवाब देते हुए लिखा- इस व्यक्ति की जानकारी दुरुस्त कर दें कि कांग्रेस पार्टी ने चंद्रशेखर सरकार से समर्थन फरवरी 1991 में ही वापस ले लिया था। दसवीं लोकसभा के चुनाव घोषित हो चुके थे। आगे की जानकारी के लिए यह अपनी पार्टी के साथी एमपी नीरज शेखर से संपर्क कर सकते हैं। गौरतलब है कि दुबे ने गांधी को संबोधित करते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा था राहुल गांधी जी यह आपकी बनाई हुई सरकार के समय का समझौता है।

### कश्मीर में पर्यटन स्थलों को खोलने का किया आग्रह

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर कांग्रेस विधायक दल के नेता गुलाम अहमद मीर ने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से पिछले महीने सुरक्षा कारणों से बंद पर्यटन स्थलों को तुरंत खोले जाने की दिशा में कदम उठाने का आग्रह किया है। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए निमर्म आतंकवादी हमले के बाद प्राधिकारियों ने कश्मीर घाटी में लगभग 50 रिसॉर्ट और पर्यटन स्थलों को बंद करने का आदेश दिया था। इस हमले में 25 पर्यटकों और एक स्थानीय निवासी की मौत हो गई थी। अभूतपूर्व हिंसा के कारण सुरक्षा उपाय बढ़ा दिए गए तथा आगंतुकों की सुरक्षा के प्रति व्यापक चिंता उत्पन्न हो गई। दूरू से विधायक मीर ने पर्यटन क्षेत्र को पुनर्जीवित करने के प्रयास में इन गंतव्यों को फिर से खोलने के लिए उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री से मुलाकात की। मीर ने 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में कहा कि कश्मीर पर्यटन को पुनर्जीवित करने की तत्काल आवश्यकता पर चर्चा करने के लिए आज जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से मुलाकात की।

# उत्तर प्रदेश: मानसून में झमाझम बारिश के आसार

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ यूपी भी अमृत वर्षा की बूंद-बूंद को सहेज कर भूजल स्तर में सुधार को तैयार

**लखनऊ।** भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने इस साल मानसून औसत से अधिक रहने के आसार जताए हैं, जिसे देखते हुए घनी आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में कैच द रेन कार्यक्रम के तहत अमृत वर्षा की बूंद-बूंद को सहेज कर भूजल स्तर में सुधार की तैयारी कर ली गई है। केरल और पश्चिमी बंगाल में हो रही मानसून की सक्रियता से यह भी पूर्वानुमान है कि इस बार यह समय से पहले या समय से आकर पूरे देश को तर करेगा। उल्लेखनीय है कि जुलाई से लेकर सितंबर तक के मानसून के सीजन में कुल बारिश के औसत का 70 से 80 फीसद प्राप्त होता है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर के पर्यावरण विभाग के अध्यक्ष रहे प्रोफेसर डॉक्टर दिनेश कुमार सिंह के अनुसार बारिश लिहाज से भारत इंद्र देव से मिलने वाले इस प्रसाद के लिहाज से दुनियां के कई देशों से संपन्न है। यहां चार महीने के दौरान करीब 870 मिलीमीटर बारिश होती है। उत्तर प्रदेश खासकर तराई के एक बड़े इलाके में तो इससे भी अधिक। मसलन अपने देश में पानी की नहीं इसके प्रबंधन की कमी है। हाल ही में सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पूरी ने भी इस बात को स्वीकार किया। उनके मुताबिक भारत में जल संकट जल संसाधनों की कमी के नहीं उपलब्ध पानी के कुप्रबंधन के कारण है। डबल इंजन की सरकार (मोदी और योगी) का फोकस इसीलिए बारिश के हर बूंद को सहेजने का है।

### जारी रहेगा आंधी-तूफान का दौर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पिछले 48 घंटों में आंधी तूफान और वर्षा जनित हादसों में 50 से अधिक लोगों की मृत्यु हुई है जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। इस बीच मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के दौरान आंधी वर्षा का दौर जारी रहने का अनुमान जताया है। हालांकि मौसम का यह मिजाज 29 मई तक बना रहने के आसार हैं। विभाग के अनुसार पूर्वी उत्तर प्रदेश में 40 से 60 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से तेज आंधी का अनुमान है। इस दौरान बिजली चमकने और वर्षा के आसार हैं। आमजनो को सलाह दी जाती है कि मेघ गर्जन और वज्रपात की दशा में पेड़ के नीचे अथवा खुले में खड़ा न हों। राहत आयुक्त कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 21 मई रात आठ बजे से 22 मई शाम चार बजे के बीच 21 जिलों में आंधी तूफान और बिजली गिरने की घटनाओं में 49 लोगों की अकाल मृत्यु हो गई है। इस दौरान गाजियाबाद में दो, मेरठ में चार, बुलंदशहर में तीन, औरैया में चार, कासगंज और फतेहपुर में पांच-पांच, गौतमबुद्धनगर, कानपुर नगर, एटा और कन्नौज में तीन-तीन, फिरोजाबाद और कानपुर देहात में दो-दो, अलीगढ़, हाथरस, चित्रकूट, अंबेडकरनगर, अमेठी, अयोध्या, आजमगढ़ और उन्नाव में एक एक व्यक्ति की मृत्यु की सूचना है।

# निजीकरण पर सीएम योगी करें हस्तक्षेप

लखनऊ, वार्ता



■ विद्युत कर्मचारी संयुक्त समिति ने मुख्यमंत्री से फैसला वापस लेने की मांग की

उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण के प्रस्ताव का विरोध कर रहे बिजली कर्मचारियों ने इस मसले पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हस्तक्षेप की मांग की है। आंदोलनरत कर्मचारियों का कहना है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम प्रबंधन की हठवादिता चरम पर है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील की है कि वे इस मामले में प्रभावी हस्तक्षेप कर निजीकरण की प्रक्रिया को निरस्त कराने की कृपा करें।

जिला अधिकारियों द्वारा बिजली कर्मी नेताओं की बुलाई गई बैठकों में बिजली कर्मियों ने उन्हें दो टूक बता दिया है कि निजीकरण पर कोई भी बात करनी है तो संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों से की जाए। आज लगातार तीसरे दिन बिजली कर्मियों ने प्रदेश भर में तीन घंटे का विरोध प्रदर्शन जारी रखा। संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों ने कहा है कि बिजली कर्मचारी इस भीषण गर्मी में उपभोक्ताओं को कोई तकलीफ नहीं होने देना चाहते। इसी दृष्टि से पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मचारी शांतिपूर्वक ध्यान आकर्षण आंदोलन चला रहे हैं मगर प्रबंधन इस ध्यान आकर्षण आंदोलन को हड़ताल बताकर बिजली कर्मियों को डराने, धमकाने, उत्पीड़न करने, ट्रांसफर करने ,संविदा कर्मियों की बड़े पैमाने पर छटनी करने आदि जैसे उत्पीड़नात्मक कदम उठाकर ऊर्जा निगमों में अनावश्यक तौर पर अशांति का वातावरण बना रहा है। संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली कर्मचारियों का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर पूरा विश्वास है। उनके नेतृत्व में बिजली कर्मचारियों ने 2017 में 41 फीसदी ए टी एंड सी हानियों को घटाकर 2024 तक 16.5 प्रतिशत कर दिया है मगर निजी घरानों से मिली भगत के चलते पावर कारपोरेशन का प्रबंधन उनके सामने झूठे मनगढ़ंत आंकड़े रखकर घाटे का हवाला देकर निजीकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहा है और टकराव का वातावरण बना रहा है।

# भारत में फिर लौटा कोरोना, अहमदाबाद में 20 मरीज मिले

नई दिल्ली।

■ गाजियाबाद में चार केस दिल्ली में एडवाइजरी जारी देश में अब तक 312 मामले

देश में कोरोना के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। शुक्रवार को गुजरात के अहमदाबाद में 20, यूपी में 4, हरियाणा में 5 और बेंगलुरु में 9 महीने का एक बच्चा कोरोना पॉजिटिव पाया गया है।

इस तरह देश में अब तक कोरोना के 312 एक्टिव केस हैं। 2 मौतें हो चुकी हैं। उधर, दिल्ली सरकार ने कोविड-19 को लेकर एडवाइजरी जारी की है। सरकार ने सभी अस्पतालों को कहा है कि वे बेड, ऑक्सीजन, दवाइयों और वैक्सीन की पूरी व्यवस्था रखें। दिल्ली के सभी अस्पतालों को निर्देश दिया गया है कि हर पॉजिटिव कोविड सैंपल को जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए लोक नायक अस्पताल भेजा जाए। सभी संस्थानों को अपनी रिपोर्ट दिल्ली हेल्थ डेटा पोर्टल पर डेली अपलोड करनी होगी। ये एडवाइजरी ऐसे समय पर जारी की गई है जब पाकिस्तान, चीन, थाईलैंड और सिंगापुर जैसे देशों में कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। गुजरात अब तक कुल 40 मामले आ चुके, जिनमें 33 एक्टिव हैं। दिल्ली के हेल्थ मिनिस्टर पंकज सिंह ने बताया कि गुरुवार तक राजधानी में 23 केस दर्ज किए गए हैं। उत्तरप्रदेश के गाजियाबाद में 4 नए मरीज सामने आए। तीन मरीज को आइसोलेशन में रखा गया है, जबकि एक अस्पताल में भर्ती है। वहीं, हरियाणा में 48 घंटे में 5 मरीज मिले हैं।

इनमें 2 महिलाएं शामिल हैं। इन सभी मरीजों की कोई इंटरनेशनल ट्रैवल हिस्ट्री नहीं है। इस बार संक्रमण के लिए ओमिक्रोन के नए वैरिएंट जेएन1 और उसके सब-वैरिएंट्स एलएफ7 और छठ1.8 को जिम्मेदार माना जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि अब तक ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है जिससे यह लगे कि ये नए वैरिएंट पहले से ज्यादा खतरनाक या तेजी से फैलने वाले हैं। हालांकि, उनका मानना है कि यह लहर कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों पर अपना असर दिखा सकती है।

### भारतीय सेना की कार्रवाई में 124 से ज्यादा आतंकी ढेर: योगी

# आतंकवाद ही बनेगा पाक के अंत का कारण

अयोध्या, वार्ता



■ पाकिस्तान का आध्यात्मिक जगत से कोई नाता नहीं, जिसका अस्तित्व न हो, उसकी एक निश्चित लाइफ होती है, पाक का समय अब पूरा हो गया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान के अंत की शुरुआत हो चुकी है और आतंकवाद ही उसके अंत का कारण बनेगा। उन्होंने हनुमान जी का उदाहरण देते हुए कहा कि बजरंगबली ने रावण के दरबार में यही संदेश दिया था। पाकिस्तन आतंकवाद को बढ़ावा देकर खुद को बर्बाद कर रहा है। भारतीय सेना की कार्रवाई में 124 से अधिक आतंकवादी मारे गए हैं। यह गलती पाकिस्तान की है, जो आतंकियों को प्रश्रय दे रहा है। ये आतंकवाद पाकिस्तान को ले डूबेगा और इसमें ज्यादा दिन नहीं बचे हैं।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का अध्यात्मिक जगत में कोई अस्तित्व नहीं है। जिसका अपना वास्तविक अस्तित्व न हो, उसकी एक निश्चित लाइफ होती है। अब पाकिस्तान का समय पूरा हो गया है। अपने एक दिवसीय अयोध्या दौरे के दौरान हनुमानगढ़ी में श्रीहनुमत कथा मंडपम का भव्य लोकार्पण करने के बाद योगी ने अयोध्या की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और विकासात्मक प्रगति की चर्चा करते हुए सनातन धर्म की रक्षा और इसके वैश्विक प्रचार-प्रसार के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने हनुमानगढ़ी को भक्ति, शक्ति, बुद्धि और युक्ति का संगम बताते हुए इसे सनातन धर्म का एक अडिग गढ़ बताया। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में अयोध्या को अव्यवस्थाओं में झोंककर इसे अपमानित करने का कार्य किया गया। वहीं 2014 और 2017 के बाद डबल इंजन की सरकार में अयोध्या का विकास डबल स्पीड से हुआ है। हमें अपने मित्र और शत्रुओं की पहचान रखना जरूरी है। देश को सनातन धर्म के मार्ग में बाधा डालने वालों को चिह्नित करना होगा। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म भारत के अस्तित्व की पहचान है और इसकी गरिमा और सम्मान के विरुद्ध हमें कुछ भी स्वीकार नहीं है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन की शुरुआत हनुमानगढ़ी के त्रेतायुगीन टीले को कोटि-कोटि नमन करते हुए कहा कि यहां से हनुमान जी महाराज ने अयोध्या धाम की रक्षा की है। उन्होंने बाबा अभयराम दास जी महाराज को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि यह श्रीहनुमत कथा मंडपम बाबा अभयराम दास जी की दूरदर्शिता और वैष्णव अखाड़ों की सनातन परंपरा का जीवंत प्रतीक है। उनकी कृपा से आज हम इस भव्य स्वरूप को देख रहे हैं। उन्होंने हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन, पूज्य संतों और नागाओं की प्रशंसा की, जिन्होंने एक-एक पाई बचाकर इस मंडपम का निर्माण किया। योगी ने कहा कि हनुमानगढ़ी केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए योद्धा भाव का प्रतीक है। यह मंडपम आने वाली पीढ़ियों के लिए हनुमानगढ़ी के वैभव को संरक्षित रखेगा। उन्होंने कहा कि हनुमानगढ़ी का यह मंडपम न केवल आध्यात्मिक केंद्र बनेगा, बल्कि सत्संग और कथाओं के माध्यम से सनातन धर्म के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाएगा। उन्होंने हनुमानगढ़ी के नागाओं का आह्वान करते हुए कहा कि आपका इतिहास सनातन धर्म के उस कालखंड की सेना के रूप में जाना जाता है, जब देश विधर्मियों आक्रांताओं से त्रस्त था तब अखाड़ों ने सनातन धर्म की रक्षा केलिए स्वयं को समर्पित किया था। मुख्यमंत्री ने अयोध्या के विकास की विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि 2014 और 2017 से पहले अयोध्या अव्यवस्था, टूटी-फूटी सड़कों, बिजली की कमी और गंदगी से जूझ रही थी। जब हम यहां आते थे, तो राम की पैड़ी का पानी सड़ता था, घाटों पर गंदगी थी और हर दूसरे दिन कर्फ्यू जैसी स्थिति रहती थी। लेकिन 2017 के बाद डबल इंजन की सरकार ने अयोध्या को नया स्वरूप दिया।

### योगी ने श्रीरामलला के दरबार में टेका मत्था

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अयोध्या में प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी और श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान रामलला का दर्शन पूजन किया। एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे योगी का रामकथा पार्क स्थित हैलीपेड पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व भाजपा नेताओं ने स्वागत किया। वहां से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सीधे हनुमानगढ़ी पहुंचे, जहां पहुंचकर उन्होंने हनुमानजी की आरती उतारी और दर्शन पूजन किया। उसके बाद आयोजित 'श्री हनुमत कथा मण्डपम' के लोकार्पण समारोह में पहुंचे। यहां से वह श्रीरामलला के दर्शन-पूजन के लिए पहुंचे और भगवान श्रीराम से देश और प्रदेशवासियों के कल्याण व सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री इससे पहले 10 मई को अयोध्या पहुंचकर प्राचीन संत रविदास मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्य और नवनिर्मित सत्संग भवन का लोकार्पण करने पहुंचे था। मुख्यमंत्री का मई माह में यह दूसरी बार अयोध्या दौरा है। हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलला के दर्शन-पूजन किए। वहीं मंदिर परिसर में राम मंदिर से जुड़े ट्रस्ट के सदस्यों से व्यवस्था की जानकारी ली। योगी ने रामलला के मंदिर में साष्टांग दंडवत होकर प्रभु श्रीराम से प्रदेशवासियों के सुख और समृद्धि की कामना की। राम मंदिर में दर्शन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिसर में ही ट्रस्ट के सदस्यों के साथ एक संक्षिप्त बैठक की। सीएम ने मंदिर के निर्माण कार्य के प्रगति और परकोटा निर्माण की जानकारी ली। मंदिर में स्थापित किए जा रहे देव विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी के बारे में भी जानकारी की।

## अर्थ व्यापार

अर्थ व्यापार

अर्थ व्यापार

# चौतरफा लिवाली के बल पर बाजार में उछाल

मुंबई, वार्ता



विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर इटरनल, एलटी, रिलायंस, टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक, एसबीआई और मारुति समेत 29 दिग्गज कंपनियों में हुई लिवाली की बदौलत शुक्रवार को शेयर बाजार करीब एक प्रतिशत उछल गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 769.09 अंक अर्थात 0.95 प्रतिशत की छलांग लगाकर 81,721.08 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 243.45 अंक यानी 0.99 प्रतिशत की तेजी लेकर 24853.15 अंक पर बंद हुआ। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.50 प्रतिशत चढ़कर 44,861.42 अंक और स्मॉलकैप 0.45 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 51,521.42 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4106 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2357 में लिवाली जबकि 1594 में बिकवाली हुई, वहीं 155 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2947 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1731 में तेजी जबकि 1132 में गिरावट हुई, वहीं 84 में टिकाव रहा। विश्लेषकों के अनुसार मार्च के निचले स्तरों से 14 प्रतिशत की गिरावट के बाद घरेलू शेयर बाजार फिलहाल नई दिशा तलाशने के संघर्ष में है। इस उतार.चढ़ाव के बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। अब तक बाजार में तेजी को समर्थन देने वाली एफआईआई खरीददारी की रफ्तार थमती नजर आ रही है। खासकर इस महीने की 20 और 22 तारीख को हुई भारी बिकवाली यह संकेत देती है कि यदि वैश्विक माहौल प्रतिकूल रहा, तो एफआईआई फिर से आक्रामक बिकवाली की ओर बढ़ सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी लचताएं बढ़ रही हैं। अमेरिका और जापान में बॉन्ड ईल्ड में तेज उछाल से वैश्विक वित्तीय स्थिरता को लेकर चिंता बढ़ी है। विशेष रूप से अमेरिका में 30.वर्षीय बॉन्ड ईल्ड 5.14 प्रतिशत और 10.वर्षीय ईल्ड 4.52 प्रतिशत तक पहुंचने से अमेरिकी कर्ज के स्तर और इसके वैश्विक असर को लेकर बाजार में बेचैनी है।

### दुनिया में बढ़ी यूपी के उत्पादों की मांग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के निर्यात में पिछले आठ वर्षों में ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की गई है और इस दौरान निर्यात दोगुना से अधिक हो गया है। अधिकृत सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि वर्ष 2017-18 में जहां निर्यात 88,967.42 करोड़ रुपए था, वहीं 2023-24 में यह आंकड़ा 1,70,340.95 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। इसमें प्रदेश के विविध उत्पादों की भागीदारी रही, जो दुनिया के 100 से अधिक देशों को भेजे गए। इसी के साथ उत्तर प्रदेश ने देश के शीर्ष निर्यातक राज्यों में अपनी जगह बनाई है। इतना ही नहीं योगी सरकार निर्यात को बढ़ाने के लिए नई निर्यात नीति तैयार कर रही है। एमएसएमई सचिव प्रांजल यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी के निर्यात में दोगुना का उछाल आया है।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों में तेजी लौटने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा तीन रिंगिट की बढ़त के साथ 3825 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0-52 सेंट चढ़कर 49.63 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और पिछले स्तर पर पड़े रहे। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8600-8700 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3600-3700 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15385 रुपए, मूंगफली तेल 17802 रुपए, सूरजमुखी तेल 16703 रुपए, सोया रिफाइंड 14652 रुपए, पाम ऑयल 14066 रुपए और वनस्पति तेल 15677 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**आईपीएल की...** क्रिकेटर ऑनलाइन एप का प्रचार कर रहे हैं और बच्चों को फंसा रहे हैं। पाल ने दावा किया कि वे उन लाखों माता-पिता की तरफ से याचिका लेकर आए हैं, जिनके बच्चे पिछले कुछ सालों में मर चुके हैं। पाल ने कहा कि सिगरेट के मामले में, पैकेट पर धूम्रपान के नुकसान दिखाती तस्वीरें थीं, लेकिन सट्टेबाजी से जुड़े एप के मामले में ऐसी कोई सावधानी नहीं बरती गई। यहां तक कि भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटरों ने भी मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान इन एप का प्रचार किया। पाल ने कहा कि तेलंगाना में 1023 से ज्यादा लोगों ने आत्महत्या की है, क्योंकि 25 बॉलीवुड और टॉलीवुड एक्टर/प्रभावशाली लोगों ने मासूमों की जिंदगी से खिलवाड़ किया है। तेलंगाना में प्रभावशाली लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, क्योंकि यह मामला मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है।

**हवाई यात्रा...** आदेश रक्षा मंत्रालय की सिफारिश पर जारी किया गया है। आदेश 20 मई को जारी किया गया था। जानकारी अब सामने आई है। डीजीसीए ने एयरलाइंस को निर्देश दिया है कि वे इसके लिए क्रू मेंबर्स के लिए एक एसओपी तैयार करें, ताकि क्रू बॉर्डर के पास मौजूद एयरपोर्ट्स पर फ्लाइट के उड़ान भरने से पहले या लैंडिंग के दौरान पैसेंजर्स को इसकी सूचना दे सकें। आदेश में कहा गया है कि नियमों का उल्लंघन करने पर यात्रियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कई पायलटों का कहना है कि टेकऑफ और लैंडिंग के वक्त खिड़की को खुला रखना जरूरी होता है। यह एक सिक्योरिटी प्रोटोकॉल है। ऐसा इसलिए किया जाता है, ताकि बाहर खतरे का अंदाजा लगाया जा सके। जिसमें तकनीकी खराबी, पक्षी टकराने से इंजन में आग लगना शामिल है। खुली खिड़कियां इमरजेंसी में मौजूदा स्थिति को समझने में मदद करती हैं। इससे स्थिति को संभालने और उसका समाधान निकालने में मदद मिलती है। डीजीसीए ने कहा कि इमरजेंसी खिड़की खुली रखी जाएंगी डीजीसीए के एक सीनियार अधिकारी ने कहा कि चूंकि लैंडिंग के वक्त खिड़की खुला रखना जरूरी है, लिहाजा इमरजेंसी विंडो को खुला रखा जाएगा। आदेश का एक हफ्ते बाद फिर रीव्यू किया जाएगा।

**भारत-पाकिस्तान...**हैं। पाकिस्तान ने भारतीय उड़ानों के लिए अपनी हवाई क्षेत्र पाबंदी को एक और महीने तक बढ़ाने का फैसला लिया है। इस बाबत पाकिस्तान एयरपोर्ट अथॉरिटी ने एक नया नोटम (नोटिस टू एयरमैन) जारी किया है। इसमें कहा गया है कि पाकिस्तान ने शुक्रवार को भारतीय उड़ानों के लिए अपने एयरस्पेस की बंदी को 24 जून तक बढ़ा दिया है। यह कदम तब उठाया गया है, जब पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की जवाबी कार्रवाई से पाकिस्तान खौफ में है और दोनों देशों के बीच तनाव है।

**नौ वीर सपूतों...** कुमार, सिपाही प्रदीप सिंह, पुलिस उपाधीक्षक हिमायूं मुजम्मिल भट, ओईएम जीडीई-1 विजयन कुट्टी जी (सीमा सड़क संगठन) के परिजनों को प्रदान किए गए। ये पुरस्कार जुलाई 1999 में स्थापित किए गए थे और 1947 से चली आ रही लड़ाइयों में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों के परिवारों को प्रदान किए जाते रहे हैं।

### स्वास्थ्य और रोग प्रतिरोधक क्षमता में सुधार के लिए मोदी सरकार का प्रयास: मल्होत्रा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कॉरपोरेट मामले तथा सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि पोषण अभियान, कुपोषण में कमी लाने तथा स्वास्थ्य, स्वास्थ्य और रोग प्रतिरोधक क्षमता में सुधार लाने के लिए मोदी सरकार का एक प्रयास है। मल्होत्रा ने यहां लाभार्थियों को लगभग 300 पोषण किट वितरित करने के बाद कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा पोषण अभियान को देश में कुपोषण से निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि पोषण अभियान का लक्ष्य बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को पोषण देना है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बचपन में उचित पोषण विकास के लिए महत्वपूर्ण है और पोषण अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बच्चों को इष्टतम वृद्धि और विकास के लिए पर्याप्त पोषण मिले। उन्होंने कहा कि पोषण की स्थिति में सतत सुधार सुनिश्चित करने के लिए बच्चों को पोषण युक्त खाद्य उत्पाद दिए जाने चाहिए। इससे स्वस्थ पोषण युक्त आहार को बढ़ावा देने से बच्चों में एनीमिया और बौनेपन के मामलों में भी कमी आएगी। उन्होंने कहा कि पोषण बच्चे के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और बच्चों को अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने के लिए पर्याप्त पोषण आवश्यक है।

### अंबेडकर प्रतिमा का विरोध जातिवादी मानसिकता का परिचायक: मायावती



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने शुक्रवार को कहा कि मध्य प्रदेश में उच्च न्यायालय की ग्वालियर खंडपीठ में बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा की स्थापना का विरोध जातिवादी सोच का परिचायक है। सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा- मध्य प्रदेश हाईकोर्ट खण्डपीठ ग्वालियर में अधिवक्ताओं की मांग व उन्हीं के आर्थिक सहयोग से परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति लगाने की अनुमति माननीय कोर्ट द्वारा दी गई तथा कोर्ट के निर्देशन में ही स्थान का चयन एवं चबूतरा बनाया गया व मूर्ति भी बनकर तैयार हुई किन्तु कुछ जातिवादी सोच से ग्रसित अधिवक्ताओं द्वारा मूर्ति स्थापना का विरोध किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर भड़काऊ वक्तव्यों के बावजूद इन पर कार्रवाई नहीं की गई। बाबा साहेब के विरोधियों को यह समझना होगा कि सदियों से उपेक्षित बहुजन समाज अब अपना सम्मान पाना चाहता है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के माननीय राज्यपाल, माननीय उच्च न्यायालय तथा मुख्यमंत्री भी मूर्ति लगाने में आ रही बाधाओं को दूर करके, तत्काल उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर में संविधान निर्माता, भारतरत्न बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति को सम्मानपूर्वक स्थापित कराएं, यह अनुरोध।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, वृद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# तीन दिन से लापता युवक का शव पेड़ से लटका मिला

## परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते दी तहरीर, पुलिस ने शव पीएम को भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली।** युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है तीन दिनों से लापता युवक का शव सुबह गांव से एक किलोमीटर दूर शहतूत के पेड़ पर गमछे से लटका मिला परिवार वालो ने हत्या कर शव लटकाए जाने का आरोप लगाया है।



थाना सैदनगली के चकूनी निवासी टीकाराम का 22 वर्षीय पुत्र धन्मेंद्र तीन दिन से लापता था परिवार वालो ने उसके काफी तलाश किया लेकिन कही नहीं मिल सका शुक्रवार को सुबह खेतों की ओर जा रहे ग्रामीणों ने गांव के बाहर धन्मेंद्र का शव एक पेड़ से लटका देखा सूचना पर पुलिस ओर परिजन भी पहुंचे जिन्होंने बताया कि मृतक का गांव की एक महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा था परिजनों का आरोप है कि इसी कारण उसकी हत्या कर शव को पेड़ पर लटका दिया गया इस मामले में सीओ दीप कुमार पंथ ने बताया कि युवक के फांसी लगाए जाने की सूचना मिली थी शव पीएम को भेज दिया है परिजनों की तहरीर पर करवाई की जा रही है वही इस घटना का पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो पाएगा कि ये आत्म हत्या है या फिर किसी ने इसकी हत्या की है।



# आवारा पशु की टक्कर से घायल किसान की मौत

## हाइवे पर बाइक में मारी थी टक्कर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** हाईवे पर तीन दिन पूर्व छुट्टा पशु की टक्कर से हादसे का शिकार हुए बाइक सवार किसान की नोएडा के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों द्वारा कार्रवाई से इनकार किए जाने पर पुलिस ने किसान की मौत को इत्तेफाकिया हादसे के रूप में दर्ज किया है।

थाना क्षेत्र में हाईवे पर वेंकटेश्वरा यूनिवर्सिटी के पास हादसा 20 मई की शाम में हुआ था। मूलरूप से संभल जिले के गांव एचोड़ा कम्बोह निवासी 65 वर्षीय विजेंद्र कुमार शर्मा बाइक पर सवार होकर मंडी धनौरा जा रहे थे। हाईवे से गुजरते समय अचानक छुट्टा पशु सामने आने से अनियंत्रित हुई बाइक डिवाइडर से टकरा गई थी। सिर में चोट लगने के कारण विजेंद्र कुमार शर्मा गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती करा दिया था। जानकारी मिलने पहुंचे परिजन पहले मेरठ तथा बाद में नोएडा के निजी अस्पताल ले गए थे। जहां उपचार के दौरान विजेंद्र कुमार शर्मा की मौत हो गई। सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों ने मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया है। किसी भी तरह की कार्रवाई से इंकार पर किसान की मौत को इत्तेफाकिया हादसे के रूप में दर्ज किया गया है।



अमरोहा। नगर में तिरंगा शौर्य यात्रा निकालते जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर।

# हमें देश के सैनिकों पर गर्व: ललित

## आपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली तिरंगा शौर्य यात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** आपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना के सम्मान में शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें उमड़ा जनसमूह भारत माता के जयकारे लगाते चल रहा था। यात्रा में सुरक्षा के लिहाफ से पुलिस बल भी तैनात किया गया था।

जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर के नेतृत्व में नगर में तिरंगा शौर्य यात्रा धूमधाम से निकाली गई। जिसमें बोलते जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले का जवाब हमारी सेना ने आतंकियों को उसी की भाषा में दिया है। पाकिस्तान में चल रहे आतंकी शिविरों को नष्ट कर सैनिकों ने साबित कर दिया कि आज देश की रक्षा के लिये वह हर स्थिति से निपटना को

**गूंजे भारत माता के जयकारें, जगह-जगह हुआ तिरंगा यात्रा का स्वागत**

तैयार है। उन्होंने कहा कि जब से नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने है कि हर नागरिक खुद को पूरी तरह सुरक्षित महसूस कर रहा है। देश की सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित है तथा यहां तैनात जवाब हर स्थिति से निपटने का हुनर जानते है। आपरेशन सिंदूर के दौरान महिला अधिकारियों ने भी अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वाहन किया। उन्होंने कहा कि यह यात्रा केवल आयोजन ही नहीं बल्कि राष्ट्र के गौरव के प्रति सम्मान तथा भारतीय सेना के अदम्य साहब को समर्पित एक आंदोलन है। तिरंगा यात्रा के दौरान हर दिल में तिरंगा तथा मातृभूमि के प्रति प्रेम दिखाई दिया। जबकि भारत माता के जयकारों की गूंज दूर तक सुनाई दे रही थी। इस दौरान पुलिस बल भी मौजूद रहा। यात्रा में विधायक धनौरा राजीव तरारा, भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी, पालिकाध्यक्ष शशी जैन, हसनपुर चेयरमैन राजपाल सैनी, राकेश वर्मा, पूरन सिंह सैनी, अभिनव कौशिक, भगवंत सिंह, राहुल चौहान, पवनीत दिवाकर, उदयवीर सिंह, पिंटू भाटी, अब्दुल सत्तार, राम सिंह सैनी, शीशीराम सिंह, धर्मपाल सिंह आदि शामिल रहे।

# युवती का हाथ पकड़कर की अश्लील हरकतें

## आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** घर से निकली युवती के साथ रास्ते में छेड़छाड़ की गई। हाथ पकड़कर खींचते हुए अश्लील हरकतें करने वाला आरोपी विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। पीड़िता के पिता की शिकायत पर मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की है। यहां रहने वाले एक किसान की 19 वर्षीय बेटी बीती 17 मई को किसी काम से घर से बाहर निकली थी। आरा. ेप है कि गांव के रहने वाले निखिल ने अकेला पाकर युवती को घेरकर रास्ते में रोक लिया। छेड़छाड़ करते हुए उसके साथ अश्लील हरकते करने लगा, युवती के विरोध करने पर आरोपी निखिल गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में आरोपी निखिल के साथ रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही।

# क्वालिटी कंट्रोलर पर झोंका फायर

## दूध के सैम्पल लेकर लौट रहे थे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दूध का सैंपल चेक कर सुपरवाइजर के साथ प्लांट पर लौट रहे आनंदा दूध फैक्ट्री के क्वालिटी कंट्रोलर पर अज्ञात हमलावरों ने फायर झोंक दिया। क्षेत्र में हादीपुर चौराहे पर गुरुवार देर रात अंजाम दिए गए जानलेवा हमले से हड़कंप मच गया। छर्रे लगने से गंभीर घायल क्वालिटी कंट्रोलर का मुरादाबाद के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने फिलहाल मामले में कोई कार्रवाई नही की है।

मूलरूप से बरेली जिले के भमौरा थाना क्षेत्र के गांव रामपुर काकर निवासी विनोद उपाध्याय का बेटा शोभित आनंदा दूध फैक्ट्री के क्षेत्र के गांव पीलाकुंड स्थित प्लांट पर क्वालिटी कंट्रोलर के पद पर तैनात है। प्लांट परिसर में बने आवासीय भवन में रहकर वह ड्यूटी करता है। पुलिस के मुताबिक गुरुवार देर रात शोभित फैक्ट्री में तैनात बुलंदशहर निवासी सुपरवाइजर कपिल के साथ क्षेत्र के ही एक गांव में दूध का सैंपल चेक करने गया था। दोनों बाइक पर सवार होकर प्लांट पर वापस लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि हाद. ीपुर चौराहे के पास एक खोखे पर दोनों चाय पीने के लिए रुके थे, कपिल बाइक से उतरकर सीधे खोखे की तरफ चला गया जबकि शोभित बाइक सड़क किनारे खड़ी कर रहा था। उसी दौरान अंधेरे में अज्ञात हमलवारों ने शोभित पर अचानक फायर झोंक दिया। जानलेवा हमले में सीने और गले में छर्रे लगने से गंभीर घायल शोभित फायर की आवाज से सहमकर वहीं गिर गया। वहीं, फायरिंग से चौराहे पर भगदड़ मच गई। मौके पर मौजूद कपिल ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल शोभित को पहले शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद जहां से डॉक्टर ने उसे मुरादाबाद रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि इससे पूर्व भी चौराहे पर राहगीरों के साथ लूट की घटनाएं हो चुकी हैं। शराब की दुकान होने के कारण यहां अपराधिक प्रवृति के लोगों का जमवाड़ा रहता है। आपसी विवाद के बीच कई बार फायरिंग की जा चुकी है। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने मामले में जांच के बाद कार्रवाई की बात कही। हमलावरों की तलाश के बीच पुलिस फिलहाल घटना की जांच कर रही है।

# कैमिकल डाल दो बीघा फसल बर्बाद की

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** रंजिश में केमिकल डालकर गेंहू की दो बीघा फसल बर्बाद कर दी। पीड़ित किसान की शिकायत पर पुलिस ने मामले में चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। घटना अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव हसनपुर कचिया की है। यहां रहने वाले किसान शौकीन वर्तमान में परिवार के साथ पाकबड़ा में रहते हैं। गांव में उनकी कुछ कृषि भूमि है। दो बीघा जमीन में उन्होंने गेहूं की बुआई कर रखी थी। आरोप है कि गांव के रहने वाले दिलशेर, इरशाद, नूर आलम व रिजवान केमिकल डालकर फसल को नष्ट कर दिया। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने मामले में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# अभद्र टिप्पणी करने वालों ने हाथ जोड़कर मांगी माफी

## पंचायत से सुनाया तुगलकी फरमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव गुलामपुर में जाटव समाज के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट इंस्टाग्राम पर वायरल करने के मामले में गांव में बैठी पंचायत ने दो नाबा. लिग किशोरो को तुगलकी फरमान सुनाते हुए मुर्गा बनाया। इतना ही नहीं दोनों से हाथ जोड़कर भरी पंचायत में माफी भी मंगवाई गई। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव गुलामपुर में जाटव समाज के खिलाफ जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर एक वीडियो खड़कवंशी समाज के कुछ युवकों ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया था। उसके बाद बड़ी संख्या में जाटव समाज के युवक गुरुवार को कोतवाली पहुंचे थे और आरोपियों के खिलाफ शिकायती पत्र देकर बाद में कोतवाली गेट पर प्रदर्शन करके कार्यवाही की मांग की थी। गुरुवार की शाम गांव में बैठी पंचायत में आपत्तिजनक पोस्ट करने की सजा में पंचायत ने फैसला सुनाया गया की दोनों किशोर हाथ जोड़कर भरी पंचायत में माफी मांगेंगे। इसके बाद दोनों किशोरों ने पंचायत में हाथ जोड़कर माफी मांगी। उसके बाद पंचो ने भरी पंचायत में तुगलकी फरमान सुनाते हुए दोनों किशोरों को मुर्गा बनाने का फरमान सुनाया। इसके बाद दोनों को भरी पंचायत में मुर्गा बनाया गया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस मामले में पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत द्वारा बताया गया कि पंचायत में किशोरों को मुर्गा बनाने का वायरल वीडियो का मामला जानक. ारी में नहीं है। अगर ऐसा है तो जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी

## एक नजर

### ऑपरेशन सिंदूर सैन्य क्षमता का प्रतीक



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** शुक्रवार को भाजपा जिला महामंत्री कुसुम लता गोयल के नेतृत्व में निकली शौर्य तिरंगा यात्रा से शहर देशभक्ति के रंग में रंगा दिखाई दिया। भारी संख्या में महिलाएं हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारे लगाते हुए चल रही थीं। यह यात्रा नगर के संतोषी माता मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गो से होते हुए वापस मंदिर पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। जैसे-जैसे यह तिरंगा यात्रा आगे बढ़ी, वैसे-वैसे महिलाओ का जनसैलाब जुड़ता गया। इस दौरान मीना आर्य, रजनी अग्रवाल, सुशील गुप्ता, पूनम सिंहल, राकेश वर्मा, अनीता अग्रवाल, राधा सिंहल, उषा अग्रवाल, चित्रप अग्रवाल, श्रद्धा अग्रवाल, मीनाक्षी जाटव, शीतू अग्रवाल, मंडल महामंत्री मीना, अलका, ममता, कंचन मौजूद रहीं।

### तमंचे के साथ गिरफ्तार को दो माह सात दिन की कैद

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** तमंचे के साथ गिरफ्तार दोषी को अदालत ने दो महीने 7 दिन कैद की सजा सुनाई है। साथ ही 500 रुपये का जुर्माना लगाया। फिलहाल दोषी जमानत पर था। अदालत में 16 साल तक इस मुकदमे की सुनवाई चली। मामला हसनपुर कोतवाली से जुड़ा था। साल 2009 में पुलिस ने गश्त के दौरान क्षेत्र के गांव बाइखेड़ा के रहने वाले हरिराज को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार किया था। मामले में पुलिस ने उसके खिलाफ अवैध शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया था। गिरफ्तार कर जेल भेजे गए हरिराज को बाद में जमानत मिल गई थी। मामला अदालत में विचाराधीन था। गुरुवार को मुकदमे में आखिरी सुनवाई हुई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर अदालत ने हरिराज को दोषी करार दिया। दो महीने 7 दिन कैद की सजा सुनाई तथा 500 रुपये का जुर्माना लगाया।

### बच्चों ने डांस पर किया मंत्रमुग्ध



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** हैप्पी हार्टर्स एन इन्टरनेशनल प्री स्कूल में बच्चों ने पूल पार्टी में जमकर मस्ती की। इस दौरान उनके बीच कई प्रकार की खेलों का आयोजन भी कराया गया। डांस पर मनमोहक प्रस्तुति पेश की। कैलसा रोड स्थित हैप्पी हार्टर्स एन इन्टरनेशनल प्रीस्कूल में नन्हें मुन्नों ने पूल पार्टी में खूब उद्यम मचाया। उनके बीच पिक एंड ड्राप, टयूब स्विमिंग आदि खेल भी हुए। जबकि बच्चों ने डांस में मनमोहक प्रस्तुति से सभी का दिल जीत लिया। इस दौरान बच्चों ने नये दोस्त भी बनाये। इसके अलावा बच्चों ने फलों का भी आनंद लिया। स्कूल की प्रबंधिका अंजलि टंडन एवं कोआर्डिनेटर जूही राज ने बच्चों का उत्साह बर्धन किया।

### गंगनहर में बहता हुआ निकल गया शव

**शाह टाइम्स संवाददाता नौगांवा सादात।** कस्बा से गुजर रही गंग नहर में शुक्रवार को शव बहता मिला। जिसे देख कर लोगों की भीड़ जमा हो गई। जब तक पुलिस मौके पर पहुंची, उस समय तक शव पानी के बहाव के साथ आगे निकल गया। यह शव गंग नहर में बिजनौर की तरफ से बह कर आ रहा था। किसी युवक का यह शव पानी में पड़े रहने से गल गया था। शव दिखाई देने के बाद लोग तरह-तरह की चर्चा कर रहे है

# किसानों का उत्पीड़न नहीं होगा सहन

## एसडीएम कार्यालय पर भाकियू का धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन शंकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह के नेतृत्व में किसानों द्वारा शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन के दौरान विद्युत विभाग, चकबंदी विभाग, नहर विभाग, मुख्य पशु अधिकारी, तहसीलदार आदि अधिकारियों से वार्ता कर किसानों की समस्या का समाधान कराया। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह द्वारा कहा गया कि किसी भी कीमत पर किसान का उत्पीड़न सहन नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप किसानों को कम से कम 10 घंटे आपूर्ति दी जाये। उन्होंने कहा जनपद में हजारों एकड़ सरक. ारी जमीन पर भूमाफियाओं ने कब्जा कर रखा है उसे चयनित कर कब्जा मुक्त कराया जाये। क्षेत्र में छुट्टा गोवंशीय पशु एवं कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ रहा है। इसलिए इन्हें पकड़वाया जाये। आधार कार्ड संशोधन केंद्रों पर हो रही अवैध उगाही को



तुरंत बंद कराया जाये। इसी के साथ उन्होंने मांग की की 2 वर्षो से नवनिर्मित तहसील भवन सफेद हाथी बना हुआ खड़ा है। जल्द से जल्द उसमें तहसील कार्यालय शिफ्ट कराया जाये। धरना प्रदर्शन के अंत में किसानों के द्वारा अपनी मांगों का एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव को सौंपा गया। इस मौके पर राजवीर सिंह, पूनम चौधरी, अशोक चौधरी, मंजू चौधरी, धर्मवीर सिंह, रवि चौधरी, जगत सिंह, बबीता रानी, मोनू चौधरी, नेतराम सिंह सैनी, सुंदर सिंह, राकेश चौहान, अतुल कुमार, अनिल भटनागर, शेर सिंह राणा, चमन सिंह, वीरेंद्र सिंह, दिनेश चौधरी आदि किसान मौजूद रहे।

# तस्कर से 624 ग्राम चरस बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शहर की गलियों में नशे का सामान आसानी से बेचा जा रहा था। शहर के मोहल्ला बेगम सराय का रहने वाला बिलाल पुत्र मुकीम बड़े पैमाने पर शहर के सभी मोहल्लों में मादक पदार्थ की तस्करी कर रहा है। लिहाजा, पुलिस ने कई दिन से उसकी धरपकड़ के लिए जाल बिछाया हुआ था जिसमें शुक्रवार को सफलता मिल गई। मुखबिर की सूचना पर दरोगा संजीव राठी ने हेड कांस्टेबल कृष्णवीर सिंह, कांस्टेबल अनुभव सरोहा व सुनील कुमार की मदद से बिलाल को शहर से ही दबोच लिया। तलाशी में उसके पास 642 ग्राम चरस मिली। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि आरोपी बिलाल के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर अदालत में पेश किया गया था। रिमांड मंजूर होने पर वहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। आरोपी से पूछताछ में मादक पदार्थ की तस्करी से जुड़े अवैध कारोबार में शामिल अन्य लोगों के नाम भी सामने आए हैं। जिनकी जांच-पड़ताल की जा रही है।

## ऑपरेशन सिंदूर के शीर्षक से आल इंडिया मुशायरा आयोजित

# इतने चेहरे बदले उसने, असली चेहरा भूल गया...

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बज्म-ए-नकहत के संयोजन में गुरुवार रात शहर के आईएम इंटर कॉलेज में ऑपरेशन सिंदूर शीर्षक से मुशायरा एवं कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। शायरों एवं कवियों ने अपनी गजलों और रचनाओं के माध्यम से पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान में की गई एयर स्ट्राइक को लेकर भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाते हुए श्रोताओं की खूब वाहवाही बटोरी।

मुशायरे की शुरुआत कर्नाटक से आए विशेष अतिथि अब्दुल रज्जाक उर्फ बाबा चौधरी ने शमा रौशन कर की तथा अध्यक्षता वरिष्ठ शायर शहजादा गुलरेज रामपुरी ने की। वहीं, आईएम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डा.



जमशेद कमाल व फाखरी मेरठी विशिष्ट अतिथि रहे। शुरुआत नौशाद संभली ने नात-ए-पाक से की। इसके बाद स्मृति चिन्ह एवं शाल भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया गया। शहजादा गुलरेज रामपुरी ने पढ़ा...बजाए सीने के आंखों में दिल धड़कता है, ये इंतजार के लम्हे अजीब होते हैं। फखरी मेरठी ने कहा. ..किसी कमजर्फ के हिस्से में नहीं आ सकते, हम समंदर हैं कटोरे में नहीं आ सकते। मंच का संचालन कर रहे नय्यर जलालपुरी ने कहा... बुन रहा था जो प्यार का स्वेटर, वो सलाई में ऊन छोड़ गया। हाशिम फिरोजाबादी ने यूं पढ़ा...जिनको पढ़ने से फसादों को हवा मिलती हो, ऐसे अशआर से बेहतर है कि गूंगा हो जाऊं। निकहत अमरोहवी ने कहा...मैं क्या हूं कौन हूं इससे गरज नहीं कोई, यही बहुत है के हिंदुस्ता की बेटी हूं। सलीम अमरोहवी ने फरमाया...में जितना सब्र करता जा रहा हूँ, वो उतना आजमाता जा रहा है। खुर्शीद हैदर मुजफ्फर नगरी ने पढ़ा... किसी की ताजपोशी हो रही है किसी का सर उतारा जा रहा है। डा. जमशेद कमाल यूं नमूदार हुए...कहां जाना है किस सिमत उसे वो अपना रस्ता भूल गया, इतने चेहरे बदले उसने असली चेहरा भूल गया। कशिश वारसी ने कहा...उंगलियों से तेरी तस्वीर बना दी हमने, जम गई आके जहां कमरे की दीवार पे खाक। इनके अलावा कलीम समर, वसीम राजपुरी, काशिफ राजा, खुशबु शर्मा, हकीम बुरहान, नौशाद संभली व नाजिम रजा ने भी अपना कलाम पेश किया। इस दौरान मुस्लिम कमेटी के अध्यक्ष इकबाल खां, नुदरत नवाज, कमर नकवी, खुर्शीद अनवर, मोहम्मद अहमद जैदी, इकबाल जज्बा, गुल मोहम्मद, इमदाद खां लोदी, मरगूब सिद्दीकी, खालिद सिद्दीकी, नईम नकवी आदी मौजूद रहे। आखिर में कन्वीनर नकहत अमरोहवी ने सभी का शुक्रिया अदा किया

## पूर्व विधायक के नेतृत्व में भारतीय सेना के सम्मान में निकाली 'शौर्य तिरंगा यात्रा'

# भारतीय सेना के अदम्य साहस पर देश को गर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सेना के प्रति सम्मान का भाव लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक हरपाल सिंह के नेतृत्व में बस्ती से 'शौर्य तिरंगा यात्रा' निकाली। यात्रा में शामिल लोग हाथों में तिरंगा लहराते हुए भारतमाता की जय और वंदेमात. रम का उद्घोष कर रहे थे। कई स्थानों पर पुष्पवर्षा करके यात्रा का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि कन्या गुरुकुल चोटीपुरा की संचालिका डॉ.सुमेधा ने कहा कि भारतीय सेना के वीर जवानों ने पाकिस्तान में घुसकर आंतकी अड्डों को मिटाने का काम किया। देश की गरिमा के साथ उजड़े सिंदूर का बदला लिया। यह तिरंगा यात्रा भारतीय सैनिकों के सम्मान में एक छोटी सी अभिव्यक्ति है। पूर्व विधायक हरपाल सिंह ने कहा कि पहलगाम की घटना से पूरे देश के लोग दुखी थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने निर्दोष भारतीयों की हत्या का बदला लेने के लिये भारतीय सेना को खुली छूट दी। जिसके बाद सेना के जवानों ने अपनी वीरता और पराक्रम के द्वारा पाकिस्तान के घर में घुसकर हमला किया और आंतकी अड्डों को तहस नहस किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष



उदयगिरी गोस्वामी, चेयरपर्सन राजेन्द्री उर्फ उमा देवी, जिला उपाध्यक्ष चौ.विरेन्द्र सिंह, ब्लॉक प्रमुख अमरोहा स.गुरिंदर ढ़िल्लो, विपिन सागर, मनिपाल ढ़िल्लो, अमन गोयल, महेश प्रधान, डॉ. राजीव शुक्ला, सुधीर चौहान, कैलाश गुर्जर,चंद्रपाल खड़गवंशी, गुरुवचन सिद्धू, डॉ.उत्तम प्रजा. पति, रविराज सिंह, सतवीर सैनी, सुशील सैनी, करन सैनी, आदेश अग्रवाल, भास्कर चौहान आदि समेत भारी संख्या में कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

## बुलेट व दो लाख के लिए विवाहिता को निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मंडी धनौरा।** नगर के मोहल्ला चौधरियान निवासी सिकंदर ने अपनी बेटी सदमा का निकाह ढाई साल पहले कस्बे के ही निवासी सरफराज के साथ किया था। शादी के बाद ससुराल पक्ष के लोग विवाहिता को दहेज में दो लाख की नगदी और बुलेट मोटरसाइकिल की मांग के लिए प्रताड़ित करने लगे। मांग पूरी करने से इनकार करने पर ससुराल पक्ष के लोगों ने प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया। विवाहिता ने पति सरफराज, ससुर रमजान अली, जेठ शहनवाज, दिलनवाज, शहजाद, बहनोई निजाम पर आरोप लगाया। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया विवाहिता की तहरीर के आधार पर ससुराल पक्ष के छह लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# हाइवे पर हादसे में घायल बेटी ने भी अस्पताल में तोड़ा दम

### तीन दिन पहले मां की भी हुई थी मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** कार की टक्कर से मां की मौत के बाद हादसे में गंभीर घायल बेटी ने भी दम तोड़ दिया। परिजन तभी से दिल्ली स्थित सफदरजंग अस्पताल में उपचार करा रहे थे। तीन दिन के भीतर मां-बेटी की मौत से परि. जनों में कोहराम मचा है वहीं दोनों पक्षों के बीच समझौता होने के चलते हादसे में पुलिस स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। पोस्टमार्टम के बाद देर रात बेटी का शव घर पहुंचने की उम्मीद थी। डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव करनपुर निवासी किसान मुन्ने खां की पत्नी राजदा बुधवार को विवाहिता बेटी गुले राना के साथ दवा लेने मुरादाबाद गई थीं। दोपहर में दोनों चौधरपुर में बस से उतरकर सड़क पार कर रही थीं। उसी दौरान मुरादाबाद की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी थी। दोनों हवा में उछलकर दूर जाकर गिरी थीं। हादसे में राजदा की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि गुलेराना गंभीर घायल हो गई थी। कार चालक से समझौता होने पर मामले परिजनों ने कोई कार्रवाई नहीं की थी। पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर शव घर ले गए थे। वहीं, घायल गुलेराना का उपचार दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में चल रहा था। पुलिस के मुताबिक गुरुवार रात उपचार के दौरान 30 वर्षीय गुले राना की भी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि परिजनों की ओर से अगर तहरीर मिलती है तब मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, तीन दिन के भीतर मां-बेटी की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पोस्टमार्टम के बाद देर रात शव घर पहुंचने की बात कही रही है।

# ऋण के आवेदन निरस्त करने पर डीएम ने लगाई बैंकर्स को फटकार

### लापरवाही पर होगी रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** डीएम निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि युवाओं के लिये रोजगार से जुड़ी योजनाओं में खिलवाड़ किसी भी हाल में सहन नहीं किया जायेगा। प्राथमिकता से बैंक इन्हें ऋण उपलब्ध कराये तथा लापरवाही पर रिपोर्ट दर्ज कराई जायेगी।

कलक्ट्रेट सभागार में डीएम निधि गुप्ता वत्स ने बैंकर्स की बैठक ली। उन्होंने लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति ठीक न मिलने पर नाराजगी जाहिर की बड़ी संख्या में आवेदन निरस्त करने का कारण भी पूछा। डीएम ने पीएनबी, एसबीआई, प्रथमा बैंक द्वारा बड़ी संख्या में आवेदन निरस्त करने नाराजगी जताई। बैंक में कर्मचारियों से फोन कराकर इन आवेदनों के निरस्त करने का कारण जाना। उन्होंने कहा कि लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सही नहीं पाये जाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई जायेगी। उन्होंने कहा कि बैंकर्स अपन जिम्मेदारी को पूरी ईमानदी से निर्वाहन करें। इससे पूर्व डीएम ने जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक ली। उन्होंने जमीन, बैकिंग, विद्युत सहित अन्य शिकायतों के निस्तारण के आदेश दिये। बैठक में सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, एडीएम धीरेन्द्र प्रताप मौजूद रहे।



## सुधीर कुमार को डीएम ने किया रिलीव

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**अमरोहा।** आखिरकार एसडीएम सुधीर कुमार सिंह की कोई भी जोड़तोड़ काम नहीं आयी। डीएम ने उन्हें रिलीव कर दिया।

बताते चलें कि एसडीएम सदर सुधीर कुमार का 15 दिन पूर्व संत कबीरनगर के लिए तबादला हो गया था। परन्तु वह वहां नहीं जाना चाहते थे। इस कारण उन्होंने नेताओं की मार्फत अपना तबादला रूकवाने की जोड़तोड़ शुरू कर दी। परन्तु उनका कोई भी प्रयास सफल नहीं हुआ। आज डीएम श्रीमति निधि गुप्ता वत्स ने उन्हें रिलीव कर दिया। जबकि कलेक्ट्रेट में तैनात डिप्टी कलेक्टर प्रथम भगत सिंह को अमरोहा का उप जिला मजिस्ट्रेट का कार्यभार सौंपा गया है।

## एक नजर

### इनरव्हील ने दीं एक व्हील चेयर एवं दो साइकिलें



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** जन्म से दिव्यांग छह वर्षीय हर्षित अब व्हील चेयर पर घूम-फिर सकेगा। इतना ही नहीं कोरोना काल में अपने माता-पिता और फिर दादी को खो चुके चार भाई-बहन मानवी, अमायरा, कृष्णा और आरोही भी अब साइकिलों से स्कूल आ-जा सकेंगे। इनरव्हील क्लब से ये उपहार पाकर इनके चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई। शुक्रवार को जुबिलेंट इंग्रेविया लिघमिटेड के आफीसर्स क्लब में इनरव्हील क्लब की पदाधिकारियों ने हसनपुर तहसील क्षेत्र के गांव पथरा मुस्तकम निवासी वीरेश और उनकी पत्नी सतवती को व्हील चेयर प्रदान की। दंपति ने बताया कि उनका छह वर्षीय पुत्र हर्षित जन्म से ही दिव्यांग है। इस मौके पर नीलम भारद्वाज, रंजना झा, छवि त्यागी, रेनू चौहान के साथ ही सीएसआर की टीम से बूंदी सिंह, नवनीत सिंह आदि भी मौजूद रहे।

### ओपीएस में शिक्षिकाओं को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर के ओपीएस इंटरनेशनल स्कूल गजरौला में सचिव डॉ.पराग पंडित ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के छात्र-छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर हर्ष व्यक्त करते हुए इस उपलब्धि में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं के प्रयास को सराहा और 100 में 100 अंक प्राप्त करने वाले विषयों की दो शिक्षिकाओं को सम्मानित किया। कक्षा 12वीं की शिक्षिका अंजलि शर्मा एवं कक्षा 10वीं की शिक्षिका दीपा बिष्ट को विद्यालय परिवार की ओर से विशेष सराहना व सम्मान दिया गया। इस अवसर पर नीरज राठी, रंजीत, पंकज, अरशद, दीपक, दीपा सिंह, अजहर, शगुफ्ता, श्वेता, अभिषेक, शुभम, सतेंद्र, रंजू, शाइस्ता, नेहा, सानिया, मंजू, रिया, ज्योति, ज्योत्स्ना, शेखर आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

### समर कैंप से होता है बच्चों की प्रतिभा का विकास




**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर के श्री नारायण स्मारक इण्टर कॉलेज में शुक्रवार को समर कैम्प का शुभारंभ किया गया, जिसमें अनेकों मनोरजंक प्रतियोगिताओं के साथ साथ छात्र-छात्राओं ने खेलकूद में भाग लिया। इसी के साथ ही रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भी कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। निर्णायक मंडल के अनुसार पेपर कटिंग प्रतियोगिता मे विदिक्सा प्रथम, वन्दना गौतम द्वितीय, अंशिका चौहान तृतीय स्थान पर रहे। गिलास दौड़ मे दक्ष प्रथम, लक्ष्य द्वितीय, जुनैद तृतीय पर रहे। बाधा दौड़ में धीरेन्द्र प्रथम, दीपक द्वितीय, कौशिन्द्र तृतीय स्थान पर रहे। इन सभी प्रतियोगिताओं के आयोजन में स्वाति, प्रवेश, बबीता, बबली, गीतांजलि, सुरेन्द्र आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सहयोग किया।

# अमरोहा पुलिस ने जीते बीस स्वर्ण पदक

### अंतर्जनपदीय खेल प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** बरेली जोन की अंतर्जनपदीय खेल प्रतियोगिता में अमरोहा पुलिस टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है। टीम ने कुल 20 स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता का आयोजन जनपद मुरादाबाद, रामपुर और बदायूं में हुआ। इसमें टेबल टेनिस, बैडमिंटन, स्वीमिंग, बॉक्सिंग और 4-400 मीटर रिले दौड़ शामिल थी। अमरोहा पुलिस टीम के खिलाडियों ने अपने जोश और जज्बे से सभी को प्रभावित किया। शुक्रवार को अमरोहा पहुंची टीम को एसपी अमित कुमार आंनद ने सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खिलाडियों ने जिले का नाम रोशन करने के साथ पुलिस विभाग की सकारात्मक छवि को भी मजबूत किया है। एसपी ने सभी विजेता खिलाडियों को बधाई दी। टीम में उपनिरीक्षक सुभाष चन्द मुख्य आरक्षी मोहम्मद तारिक, सुधीर, गुरदीप सिंह, मनोज, नन्दलाल, वीरपाल, कल्याण राय, दीनदयाल, विष्णु प्रताप व अंकित शामिल हैं

# कार की टक्कर से युवक की मौत, भाई घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** बिजनौर-बदायूं स्टेट हाईवे पर गुरुवार देर रात कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई जबकि उसका भाई घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जमा हुई भीड़ ने घायल को निजी

**■ दूसरे हादसे में कार डंपर में घुसी, दंपत्ति घायल**

अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पर मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। जानकारी के अनुसार हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव कालाखेडा निवासी 22 वर्षीय राजकुमार व उसका भाई विशाल उत्तराखंड के कोटद्वार में



मजदूरी करते थे। दोनों गुरुवार रात बाइक से अपने घर वापस आ रहे थे। इसी दौरान मंडी धनौरा मार्ग पर गांव अहरौला तेजवन के पास पीछे से आई तेज गति कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार राजकुमार की मौके पर मौत हो गई जबकि उसका भाई विशाल गंभीर घायल हो गया। हादसे के बाद जमा हुई भीड़ ने घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राजकुमार के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उधर, चिकित्सक ने विशाल की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं हसनपुर रोड पर हुए दूसरे हादसे में कार आगे खड़े डंपर से टकरा गई। हादसे में पति पत्नी घायल हो गए। दोनों घायलों को सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद हॉयर सेंटर रेफर किया गया। मेरठ के संजय विहार कालोनी निवासी होराम देव व उनकी पत्नी जगवती शुक्रवार को कार से संभल के सिसौटा से घर वापस लौट रहे थे। गजरौला के पास हसनपुर मार्ग पर कुत्ते से बचाने के प्रयास में उनकी कार सड़क किनारे डंपर में घुस गई। हादसे में दोनों घायल हो गए। आसपास के लोगों व पुलिस की मदद से घायलों को बाहर निकलवाकर अस्पताल पहुंचवाया गया।

# जमीन से लेकर अंतरिक्ष तक लोहा मनवा रहीं महिलाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** नगर के श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई की 300वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में गुरूकुल चोटीपुरा में आयोजित एकदिवसीय संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि पधारीं राष्ट्रीय महिला आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्ष विजया किशोर

**■ श्री वेंक्टेश्वरा द्वारा महिला आयोग की अध्यक्षा का स्वागत**

रहाटकर एवं गुरुकुल चोटीपुरा की संस्थापिका आचार्या डॉ.सुमेधा का महिला सशक्तीकरण की दिशा में किये जा रहे शानदार कार्यो के लिए पटका, पगड़ी, स्मृति चिन्ह एवं तलवार भेंट कर भव्य अभिनंदन किया गया। राष्ट्रीय



अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि कहा कि, हम दुश्मन को उसके घर में घुसकर मारते हैं, ये बदलते हुए 'बुलन्द भारत' की बुलंद तस्वीर है। कहा कि, आज भारतीय महिलाएं जमीन से लेकर अन्तरिक्ष तक अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। कार्यक्रम को गुरुकुल की संस्थापिका आचार्या डॉ.सुमेधा, विश्वविद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष डॉ.सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति एवं प्रेरक वक्ता डॉ.राजीव त्यागी ने भी मार्गदर्शन किया। इस मौके पर कुलपति प्रो0 कृष्णकान्त दवे, भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष शुभम चौधरी, मेरठ परिसर निदेशक डॉ0प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

## नौकरी के बहाने ठगे ढाई लाख

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मंडी धनौरा।** दिल्ली मेट्रो में नौकरी दिलाने के नाम पर युवक से ढाई लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। गजरौला थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर गोसाई निवासी रंजीत पुत्र उमेश जीत सिंह का आरोप है कि मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के गांव कैसरा निवासी एक व्यक्ति ने डेढ़ वर्ष पूर्व दिल्ली मेट्रो में नौकरी दिलाने के नाम उससे ढाई लाख रुपये लिए थे। अब तक नौकरी नहीं लग सकी है। अब जब उसने आरोपी से अपनी रकम वापस मांगी तो उसने गाली गलौज कर इनकार कर दिया। पीड़ित ने इस बावत पुलिस स्तर पर शिकायत दर्ज कराई। हल्का एसआई रवि कुमार ने मामले में जांच कर कार्रवाई करने की बात कही

# मंडी में फैले भ्रष्टाचार पर रोक लगे

### एसडीएम कार्यालय में सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हसनपुर।** राष्ट्र सेवी संगठन के राष्ट्रीय संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा के नेतृत्व में एसडीएम कार्यालय पर ज्ञापन सौंप कर मंडी सचिव पर टैक्स चोरी करने का आरोप लगाया गया। उन्होंने जांच कर उचित कार्रवाई करने की भी मांग की है।

शुक्रवार को नगर के विकासखंड परिसर स्थित उप जिला अधिकारी कार्यालय पर राष्ट्र सेवी संगठन के राष्ट्रीय संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ता एकत्र हुए और मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन कार्यालय में तैनात बाबू राहुल वर्मा को सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया की चिकित्सा विभाग के द्वारा जनपद में लगभग छह पदों पर लैब टेक्नीशियन की नियुक्ति की गई है, सभी पदों पर अल्पसंख्यक समाज के लोगों की नियुक्ति की गई है। यह गलत है इससे प्रतीत होता है कहीं ना कहीं नियुक्तियों में भ्रष्टाचार व्याप्त है। इसलिए जांच कर उचित कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने वालों में कृष्ण कुमार शर्मा, हरपाल सिंह, गंगादास, राजू, सोनू, मोनू अग्रवाल, धर्मपाल सिंह, ओमवीर सिंह, ओमप्रकाश, महिपाल सिंह, राजीव कुमार, रूपचंद आदि मौजूदरहे।

# अटारी बिजलीघर के नए केबिल को चालू कराया जाए

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत का आयोजन नगर के फाजलपुर स्थित अधिशासी अभियंता कार्यालय परिसर में हुआ, जिसमें

**■ भाकियू टिकैत की मासिक पंचायत में उठे मुद्दे**

किसानों ने बिजली विभाग से जुड़ी समस्याओं के साथ अन्य सभी परेशानियों का जिक्र करते हुए एक ज्ञापन सौंपा और समस्याओं के निवारण की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि अटारी मुरीदपुर बिजलीघर के



33केवी लाइन के नए केबिल को तत्काल चालू कराया जाए, ताकि पुराने केबिल में आए दिन होने वाले फाल्टों से निजात मिल सके। अटारी मुरी. दपुर व मोहम्मदाबाद दोनों बिजलीघरों को तत्काल प्रभाव से तुरंत अलग अलग वेप से जोड़ा जाए। तूफान में क्षतिग्रस्त हुई तारों, केबिलों, टीएफ एवं खंबो को जल्द ठीक कराई जाए। बिजलीघर धनौरी माफी, ग्राम बलदाना असगर अली में रामप्रसाद की दीवार से टीएफ हटाया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युतापूर्ति की कटौती बंद की जाए। इस मौके पर थान सिंह, मुकेश चौधरी, चौ.भगवान सिंह, राजेन्द्र सिंह ब्लॉकाध्यक्ष, वेदपाल सिंह, चौ.गिरिराज सिंह, देशराज सिंह, जयपाल सिंह, सतेन्द्र चौधरी, इरफान अली, वेदपाल सिंह, भूपेन्द्र सिंह, इमरान, मेवाराम, मतीन आदि मौजूद रहे।

## तिरंगा शौर्य यात्रा में देशभक्ति गीतों पर जमकर झूमे लोग

# भारत माता की जयकारों के साथ निकली यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हसनपुर।** शुक्रवार को सेना के सम्मान में एक तिरंगा शौर्य यात्रा का आयोजन ब्लॉक प्रमुख ममता गुर्जर के द्वारा किया गया। तिरंगा यात्रा को विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने तिरंगा दिखाकर रवाना किया। शौर्य यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र वासियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। तिरंगा यात्रा नगर स्थित ब्लॉक कार्यालय से प्रारंभ होकर अंबेडकर पार्क, मोहला मनापुर, मोहल्ला हिरनवाला, सुखदेवी इंटर कॉलेज होते हुए शिवाला मंदिर पर जाकर संपन्न हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में लोग देशभक्ति के गीतों पर झूमते हुए



चल रहे थे। वही यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। यात्रा में लोग भारत माता की जय के नारे लगाते हुए चल रहे थे। रैली में सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल मौजूद रहा।वही ब्लॉक प्रमुख ममता गुर्जर द्वारा बताया गया कि भारतीय सेना ने साबित कर दिया है कि देश की सेना किसी से नहीं डरती। उन्होंने बताया कि सेना के जवानों ने पाकिस्तान में कई आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया। तिरंगा यात्रा में विधायक महेंद्र सिंह खड्गवंशी,भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष उषा शर्मा, ब्लॉक प्रमुख ममता गुर्जर,मयंक अग्रवाल,राजीव गोयल, अंकुर अग्रवाल,आम्रपाली गुर्जर, भोला सिंह पंवार, रामचंद्र गुर्जर, राजपाल भड़ाना, मुदित गुर्जर, अरविंद अन्ना, प्रमोद रोहिल्ला, कल्याण सैनी, भोला, नंदन, नरोत्तम, चमन सिंह,रिफाकत सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बोरिंग मशीन सहित अनियंत्रित होकर पलटा ट्रैक्टर ,एक की मौत, तीन घायल

## सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए भेजा अस्पताल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**औरछी।** शुक्रवार को एम एफ हाइवे पर अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर व बोरिंग मशीन पलटनें से एक मजदूर की मौत, तीन घायल सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा।

जनपद सम्भल के थाना बनियाठेर के गांव जनेटा निवासी यासीन पुत्र इलियास (48) बोरिंग करने का कार्य करते हैं। शुक्रवार को यासीन अपने साथी मजदूरों के साथ ट्रैक्टर व बोरिंग मशीन लेकर बिसौली बोरिंग का कार्य करने जा रहे थे, तभी रास्ते में फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के गांव परमानंदपुर के समीप एम एफ हाइवे पर किसी तरह ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया। जिसके चलते ट्रैक्टर व बोरिंग मशीन हाइवे पर पलट गये, ट्रैक्टर पर सवार यासीन व उसके साथी मजदूर फिरोज पुत्र अली अहमद (23) निवासी व थाना बनियाठेर संभल पिंटू पुत्र सोमपाल निवासी जनेटा थाना बनियाठेर संभल व फारूक पुत्र आबिद निवासी पीपली अहमदपुर थाना नखासा जनपद संभल गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर टीम के साथ पहुंचे एसएसआई नरेंद्र सिंह ने तुरंत घायलों को उपचार के लिए बिसौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया, जहां डाक्टरों ने यासीन पुत्र इलियास को मृत घोषित कर दिया। अन्य तीन घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है जिनका उपचार चल रहा है।

# संविदा कर्मियों की हड़ताल से विद्युत आपूर्ति ठप

■ जनता का गर्मी से बुरा हाल



**कैलाश भारती, शाह टाइम्स**

**इस्लामनगर।** विगत कई दिनों से संविदा कर्मियों की राज्यव्यापी हड़ताल जारी है। इस भीषण गर्मी में बिजली न आने से जनता का बुरा हाल है। नगर एवं क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं में विद्युत कर्मियों के प्रति भारी रोष व्याप्त है। सूत्रों के अनुसार संविदा विद्युत कर्मियों की मांग है, कि उन्हें स्थाई कर पूर्ण वेतन दिया जाए। लेकिन सरकार के प्रति. निधि इन हड़ताली कर्मियों की मांगों से अनभिज्ञ बने हुए हैं। जबकि नगर एवं क्षेत्र की जनता बिजली नियमित न आने से अत्यंत परेशान है। बिजली के तार व केवल अगर टूट गई है, तो जस की तस उसी अव्यवस्था में खराब पड़ी हुई है। विदित हो जब बिजली के तार या केवल टूट जाती है। तो लाइनमैन प्राइवेट रूप से जोड़ने के 1000 से ₹2000 तक ले रहे हैं। नगर एवं क्षेत्रीय जनता का प्राइवेट विद्युत कर्मी जबरदस्त शोषण कर रहे हैं। मजबूरी में लोग भारी रकम दे रहे हैं। मरता क्या नहीं करता। आखिर यह घिनौना खेल जनता के साथ कब तक चलता रहेगा। हड़ताल के कारण बिजली न आने के कारण जनता खून का घूंट पीकर रह रही है। लोगों का कहना है। बिल पूरा जा रहा है। और बिजली की जबर्दस्त कटौती की जा रही है। विभाग के उच्च अधिकारी व प्रशासन के नुमाइंदे विद्युत आपूर्ति सुचारू करने हेतु शीघ्र अति शीघ्र सख्त कदम उठाएं। और बिजली उपभोक्ताओं को सुकून दें। ज्ञात हो लगभग एक माह से नगर एवं क्षेत्र में विद्युत की कटौती देर सवेर कर रहे थे। किंतु हड़ताल करने से सप्लाई बिल्कुल चौपट हो गई है। लोगों के इनवर्टर भी जवाब दे रहे हैं। गर्मी से व्याकुलता बढ़ती जा रही है। शासन को शीघ्र ही जनहित में विद्युत सप्लाई की व्यवस्था दुरुस्त करने की ठोस पहल करनी चाहिए। क्योंकि कल कारखाने बंद पड़ने लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी अस्त-व्यस्त हो गई है। बिजली लाओ बिजली लाओ गर्मी से राहत दिलवाओ।

# निर्दयी पिता ने बेटे को मारी गोली



**शाह टाइम संवाददाता**

**आसफपुर।** विलोक क्षेत्र के गांव सिरसाव तहसील बिसौली - जनपद बदायूं के तहसील बिसौली क्षेत्र के गांव सिरसावा में हिस्सा बंटबारे को लेकर हुए विवाद में पिता ने बेटे को मारी गोली, बेटा हुआ घायल हम आपको बता दें कि जनपद बदायूं के बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव सिरसावां में संजय पुत्र चंद्रकेश निवासी सिरसाबा अपने खेत पर गया हुआ था वहीं संजय के पिता चन्द्रकेश भी खेत पर मौजूद थे तभी दोनों पिता पुत्र में हिस्सा बंटवारे को लेकर विवाद हो गया इसके बाद पिता ने छुब्ध होकर गुरुवार को 5 बजे करीब अपने बेटे को गोली मार दी जिससे बेटा घायल हो गया और पिता गोली मारकर मौके से फरार हो गया घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसौली में भर्ती कराया गया जहां उपस्थित डॉक्टरों द्वारा घायल का प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है वहीं सूचना पर पहुंचे पुलिस और क्षेत्राधिकारी बिसौली जांच पड़ताल में जुटे हुए हैं।

# कांग्रेस के संगठन सर्जन में कांग्रेस जन एक जुटता से जुड़े : प्रेम प्रकाश अग्रवाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** पूर्व घोषित कार्यक्रम अनुसार कांग्रेस कार्यालय परशुराम चौक के बड़े हाल में बदायूं शहर के कोऑर्डिनेटर प्रेम प्रकाश अग्रवाल ,बदायूं जिले के कोऑर्डिनेटर कुलभूषण त्रिपाठी ने उपस्थित कांग्रेस पूर्व पदाधिकारी कार्यकर्ताओं से शहर व जिले में संगठन मजबूती के साथ खड़ा करने की चर्चा की। संगठन सर्जन में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रेम का प्रेम प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि सभी कांग्रेस जन शहर में शहर कमेटी बनाने के लिए वार्ड का मीडिया बनाने के लिए भूत पर संगठन खड़ा करने के लिए सभी लोग एक जोरदार से झूठ जिससे की बधाई शहर में मजबूत संगठन खड़ा हो सके।

जिला कांग्रेस कमेटी के कोऑर्डिनेटर कुलभूषण जी के कहा की जिले में भी लोगों को एक दूसरे से कंधे से कंधा मिलाकर जिले में ब्लॉक में न्याय पंचायत और मंडल स्तर तक संगठन खड़ा करने में सभी कांग्रेसजन संगठन खड़ा करने में सहयोग करें। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी कोऑर्डिनेटर पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष ओमकार सिंह ने कहा की संगठन सर्जन में जहां भी पदाधिकारी कार्यकर्ता मेरा सहयोग चाहेंगे मैं निश्चित रूप से उनका सहयोग करने के लिए सदैव तत्पर हूं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य जितेंद्र कश्यप ने कहा कि हम सब लोग मिलजुल कर संगठन खड़ा कर हाईकमान की अपेक्षा पर खरा उतारने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना लाल सागर ने कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे है कमाने दिए उसको निर्वाह करते हुए।

पूरी शिद्दत के साथ नगर कांग्रेस कमेटी वार्ड तक खड़ा करने का प्रयास करूंगा। उपस्थित कार्यकर्ताओं को शहर कांग्रेस कमेटी के पूर्व शहर अध्यक्ष असरार अहमद ,उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य डॉ राम रतन पटेल, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य सुरेश राठौर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य इगलास हुसैन ,उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य ,अशोक कश्यप हरीश कश्यप, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य मुशर्रफ अली ,जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव वीरपाल सिंह यादव ,उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य सुधीर उपाध्याय किसान कांग्रेस के पूर्व सचिव गौरव सिंह राठौर , सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष वीरेश तोमर एससी एसटी कांग्रेस के अध्यक्ष मुनेंद्र कनौजिया, पंचायती राज के प्रदेश सचिव अफजाल बेग, महिला कांग्रेस की सचिव उपासना सिंह, बरेली की कोऑर्डिनेटर सुनीता सिंह ने भी संबोधित करते हुए संगठन में सहयोग करने की बात कही। इस अवसर पर जिला कांग्रेस के कमेटी पूर्व सचिव अन्नू दुबे जमुना प्रसाद सिंह मीडिया प्रभारी शशांक राठौर, अशोक यादव ,वीरपाल सिंह यादव, परवेज अहमद, कृष्ण वीर मौर्य ,ओमवीर खटीक, लोकपाल सिंह नरेंद्र कठेरिया, शाकिर अली, रईस मियां, परवेज अहमद, प्रेमवीर यादव देवेंद्र सिंह चौहान , प्रेमपाल आदि कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य सोमेंद्र यादव ने किया।

# सेना के सम्मान में बिसौली में निकाली तिरंगा यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश व्यापी आवाहन पर पूर्व विधायक कुशाग्र सागर के नेतृत्व में नगर में विशाल तिरंगा यात्रा बैंड बाजे के साथ निकाली गई। जिसमे भाजपाई राष्ट्रभक्ति से ओत प्रोत गगनभेदी नारे और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगा रहे थे। शुक्रवार को नगर के बैनी महाराज मनोकामना मंदिर से वीर सैनिको के शौर्य और पराक्रम के सम्मान मे भव्य तिरंगा यात्रा डी जे और बैंड बाजे के साथ शुरू हुई। तिरंगा यात्रा अटल चौक, बदायू रोड, गोड़ चौराहे, बजरंग चौक, बुधबाजार आदि गली मोहल्लो मे होती हुए ब्रज फार्म पर सभा मे परिवर्तन हुआ। जिसका जगह जगह पुष्पवर्षा कर लोगो ने भव्य स्वागत किया। जहां अपने सम्बोधन मे पूर्व विधायक कुशाग्र सागर ने कहा कि भारतीय सेना का शौर्य और बलिदान देशवासियो के लिए गर्व की बात है। उन्होंने पाकिस्तान को लालकरते हुए कहा की अगर दुश्मन ने जरा भी ओछी हरकत की तब भारतीय सेना दुनिया के नक्शे से उसका नामो निशान मिटाकर ही दम लेगी। जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश वार्ष्णेय एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख अमित पाठक ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने सिद्ध कर दिया है कि देश का नेतृत्व सुरक्षित हाथो मे है।भारतीय सेना देश की सुरक्षा करने और दुश्मन को नेस्तोनाबूत करने मे पूर्ण सक्षम है। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख ओमकृष्ण, आईटी सेल के जिला संयोजक संदीप चौहान, मुड़िया चेयरमैन अनुपम पाठक, शिव कुमार पाराशरी, ठाकुर रामवीर सिंह एड, मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह एड, नगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, रीतेश चौहान, सनवीर पाल, अमित वार्ष्णेय, रेशू वार्ष्णेय, मोंटी महाजन, नितिन महाजन, मनोज शर्मा, देवांश सक्सेना भाजपा नेत्री सविता शर्मा, रेनू अग्रवाल, प्रवेश सिन्हा, सरिता वार्ष्णेय, संगीता रस्तोगी आदि देश भक्त मौजूद रहे।

# ब्लूमिंगडेल स्कूल में भारतीय भाषा समर कैंप आयोजित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** ब्लूमिंगडेल स्कूल स्थित श्याम नगर में सीबीएसई व एनसीईआरटी द्वारा पारित दिशानिर्देश में भारतीय भाषा समर कैंप का शुभारंभ किया गया। जिसमें शुक्रवार को पहले दिन कक्षा 6 से कक्षा 11 तक के विद्यार्थियों में अंग्रेजी व मात्रा भाषा हिंदी के अलावा अन्य तृतीय भाषा की जानकारी व भविष्य में उसके के प्रति जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला गया। सात दिवसीय इस समर कैंप में क्रमवार अलग अलग दिनों में संस्कृत व उर्दू भाषा की व्यवहारिक रूप से मूल समझ के साथ उसके इस्तेमाल व सांस्कृतिक, कलात्मक एवं सचनात्मक पेहलूओं के प्रति विद्यार्थियों को प्रेरित व अभ्यास कराया जायेगा। यह रचनात्मक पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत सीबीएसई द्वारा एनसीईआरटी के दिशा निर्देशन में आरंभ की गयी है जिसके अंतर्गत विभिन्न भारतीय भाषाओ की विविधता की समरसता का पोषण किया जायेगा। मूल रूप से विभिन्न भाषाओ की समझ कम उम्र में ही विकसित की जा सकती है एवं मूल भाषाओ के आलावा जब बच्चा अन्य भाषा सीखता है तो सम्मिश्रित भाषाओ के माध्यम से अपने विचारों को अधिक प्रभावी ढंग से रखने में सक्षम होता है व आत्मविश्वासी भी बनता है। इस अवसर पर विद्यालय के चीफ मैनेजिंग ईशान मेहंदीरत्ता व श्वेता मेहंदीरत्ता के साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं उप प्रधानाचार्य भी उपस्थित रहे। सभी ने भाषा व उसके महत्व पर प्रकाश डाल विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

# ऑडिटर टीम का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** ब्लॉक संसाधन केंद्र मडोरा के सभागार में दिनांक 23 मई, 2025 को सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। उत्तर प्रदेश भारत का 10वां राज्य है जहां इस सोशल ऑडिट कार्यक्रम को आरम्भ किया जा रहा है, इसमें लखनऊ विश्वविद्यालय को 20 जिले आवंटित किए गए हैं। सोशल ऑडिट में मुख्य रूप से परिषदीय विद्यालयों एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों व इनमें पढ़ने वाले छात्र एवं छात्राओं के अभिभावक, प्रधानाध्यापक, अध्यापक एवं समुदाय के लोगों के मूल्यांकन का कार्य भी किया जायेगा। इस मूल्यांकन में जो भी खामियां व उपलब्धियां पाई जायेंगी, उस पर सरकार द्वारा प्रभावी कदम उठाये जाएंगे।इस अवसर पर प्रशिक्षण विश्वविद्यालय से प्रशिक्षित मास्टर प्रशिक्षक अंतू सिंह एवं रूपेन्द्र पटेल ने प्रशिक्षण प्रदान किया और प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों की सोशल ऑडिट क्या? क्यों? और कैसे? आदि माध्यमों से उपस्थित प्रतिभागियों की सोशल ऑडिट से संबंधित समझ विकसित की और प्रशिक्षण के दौरान श्रवण और दृश्य माध्यमो से प्रशिक्षण से सम्बंधित बारीकियों पर उपस्थित प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया। इस दौरान ऑडिट से संबंधित प्रशिक्षक द्वारा अनेक विषयों पर विस्तृत जानकारी दिया गया। सोशल ऑडिट हेतु प्रशिक्षण प्रो0 डॉ० अनूप भारतीय नोडल अधिकारी, समग्र शिक्षा प्रोजेक्ट लखनऊ विश्वविद्यालय के बहुमूल्य मार्गदर्शन और निर्देशों के तहत बदायूं जनपद में प्रशिक्षण सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।जिसमे 55 क्लस्टर सोशल ऑडिटर उपस्थिति रहें।

# समर कैंप सकारात्मक सामाजिक वातावरण में रहने का अवसर प्रदान करता है : अवंतिका सिंह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में समर कैंप के तीसरे दिन छात्राओं ने मिट्टी कला के साथ विभिन्न गति. विधियों में उत्साह पूर्वक भाग लिया तथा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शुक्रवार को ईश्वर वंदना के बाद योगाभ्यास प्रारंभ हुआ। जिसमें शिक्षिका डा. दीपा रानी ने छात्राओं को सही मुद्रा में बैठने के बाद यौगिक श्वसन को चरणवद्ध तरीके से कराया गया। इसके बाद छात्राओं ने मिट्टी की प्लेट, बर्तन, खिलौने, सुराही एवं कुल्हड़ आदि बनाए। विद्यालय की प्रधानाचार्या अवंतिका सिंह ने कहा कि समर कैंप में इन गतिविधियों का आयोजन बच्चों के लिए एक यादगार और फायदेमंद अनुभव हो सकता है। यह न केवल उन्हें नया सीखने और कौशल विकसित करने का मौका देता है, बल्कि उन्हें अपने दोस्तों के साथ समय बिताने और एक सकारात्मक सामाजिक वातावरण में रहने का भी अवसर प्रदान करता है। इस दौरान छात्राओं द्वारा उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात एवं तमिलनाडु आदि प्रति की रंगोली बनाई गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्या अवंतिका सिंह, सावित्री देवी, मानसी ठक्कर, डॉ. दीपा रानी आदि स्टाफ उपस्थित रहा।

# विधायक आशुतोष मौर्य ने रोडवेज बस सेवा का किया शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** बिसौली विधानसभा क्षेत्र की जनता के लिए एक ऐतिहासिक दिन आने वाला है। वर्षों से चली आ रही सार्वजनिक परिवहन की मांग अब पूरी होने जा रही है। क्षेत्र की जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए, बिसौली के यशस्वी विधायक आशुतोष मौर्य के अथक प्रयासों से अब दवतोरी मोड़ से रोडवेज बस सेवा की शुरुआत की जा रही है। इस बहुप्रतीक्षित बस सेवा का शुभारंभ 25 मई रविवार, प्रातः 11 बजे किया जाएगा। विधायक आशुतोष मौर्य ने इस पहल के माध्यम से यह स्पष्ट संदेश दिया है कि वे जनसेवा को ही अपना धर्म मानते हैं। विकास को गांव की चौपाल से जोड़कर, उन्होंने यह सिद्ध किया है कि जब नेतृत्व में नीयत साफ हो और इरादे मजबूत हों, तो कोई भी सपना अधूरा नहीं रहता। इस मौके पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और आम जनता की उपस्थिति में इस सेवा का शुभारंभ समारोह आयोजित किया जाएगा।

# दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण हेतु 26 मई से ब्लॉकों में लगेंगे शिविर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजनान्तर्गत दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप सहायक उपकरण (ट्राईसाईकिल, बैशाखी, स्मार्ट केन, श्रवण यंत्र एवं व्हीलचेअर आदि) निःशुल्क प्रदान किये जाते हैं। ऐसे दिव्यांगजन जिन्हे वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 में कोई भी सहायक उपकरण प्राप्त नहीं हुआ हो, वह अपने विकास खण्ड मुख्यालय में आयोजित होने वाले शि. विर में अपना चिन्हांकन व पंजीकरण करा सकते है। उन्होंने बताया कि ब्लॉक जगत में 26 मई 2025 (सोमवार), बिसौली में 27 मई(मंगलवार), वजीरगंज में 28 मई (बुधवार), आसफपुर में 29 मई(बृहस्पतिवार), कादरचौक में 30 मई(शुक्रवार), उझानी में 31 मई (शनिवार), सलारपुर में 02 जून (सोमवार), इस्लामनगर में 03 जून (मंगलवार), उसांवा में 04 जून (बुधवार), समरेर में 05 जून (बृहस्पतिवार), अम्बियापुर में 06 जून (शुक्रवार), सहसवान में 09 जून(सोमवार), दातागंज में 10 जून (मंगलवार), म्याऊ में 11 जून (बुधवार), दहगंवा में 12 जून 2025(बृहस्पतिवार) को शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि निःशुल्क सहायक उपकरण प्राप्त करने हेतु इच्छुक दिव्यांगजन स्वंय विभागीय पोर्टल ॅ.कपअलंदहरंदनच. नचेकब.हवअ.पद पर ऑनलाइन आवे. दन भी कर सकते हैं। पंजीकरण हेतु दिव्यांगजन को दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, एक पासपोर्ट साइज फोटो, आय प्रमाण पत्र (वर्षिक आय शहरी क्षेत्र में 56460 रुपए व ग्रामीण क्षेत्र में 46080 रुपए से अधिक न हो) व चिकित्सा अधिकारी का संस्तुति प्रमाण पत्र की छायाप्रति लाना अनिवार्य होगा।

# प्रदेश में 30 लाख ओबीसी छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति देकर स्थापित किया गया नया रिकॉर्ड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** उ0प्र0 सरकार ने अन्य पिछड़ा वर्ग को सशक्त बनाने और विकास की मुख्य धारा से जोडने के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किये है. इस कड़ी में मा० यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन एवं प्रदेश के प्रगतिशील मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने विगत वर्षों में पिछड़ा वर्ग के विकास के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं। छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना -पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की यह सबसे बड़ी योजना है, जिसके लिए 2024-25 में प्राप्त बजट 02 हजार, 475 करोड़ रुपये से लगभग 30 लाख छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति उपलब्ध करायी गयी, जो एक रिकार्ड है। वर्ष 2023-24 की तुलना में लगभग 05 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं को लाभ प्राप्त हुआ है। इस योजना के तहत पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत छात्र-छात्राओं को 2250 रुपये प्रति वर्ष एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति / शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत छात्र-छात्राओं को चार श्रेणियों में क्रमशः 10 हजार, 20 हजार, 30 हजार एवं 50 हजार रुपये दिया जाता है। शादी अनुदान योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में 200 करोड रुपये के बजटीय प्रबंधन से एक लाख गरीब बेटियों की शादी का अनुदान उपलब्ध कराया गया तथा इसी वर्ष में करीब 6 हजार गरीब बेटियों की शादी का अनुदान 12 करोड़ रुपये दिया गया है, जबकि वर्ष 2023-24 में केवल 105 करोड़ रुपये के बजटीय प्राविधान से 52 हजार, 553 बेटियों को शादी अनुदान से अनुदानित किया गया था। इस योजनान्तर्गत एक लाख आय सीमा के अन्तर्गत जीवन यापन करने वाले ग्रामीण अथवा शहरी ओ०बी०सी० परिवारों को 20 हजार रुपये की धनराशि शादी अनुदान के रूप में जारी की जाती है। कंप्यूटर प्रशिक्षण योजनान्तर्गत प्रदेश के अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु बजटीय प्राविधान रुपये 32.92 करोड़, था जिसमें 29 हजार, 769 ओ०बी०सी० प्रशिक्षार्थियों को लाभान्वित किया गया, जबकि वर्ष 2023-24 में रू0 22.52 करोड़ के बजट से 23 हजार, 697 ओ०बी०सी० प्रशिक्षार्थियों को लाभान्वित किया गया। इस योजना के अन्तर्गत 5 हजार रुपये से 'ट्रिपल सी' के प्रशिक्षण हेतु तथा 15 हजार रुपये से 'ओ लेवल' के प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण देने वाली संस्थाओं को दिया जाता है। छात्रावास निर्माण/अनुरक्षण योजना के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश के 105 छात्रावासों के अनुरक्षण हेतु 02 करोड़ रुपये का वित्तीय प्रबंधन किया गया। इस योजना के अन्तर्गत पिछड़े वर्गों के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क छात्रावास उपलब्ध कराकर लाभान्वित किया जाता है। इस प्रकार से उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के द्वारा संचालित इन योजनाओं से उन्हें लाभान्वित किया गया है। उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्गकल्याण विभाग ने वर्ष 2024-25 में नवाचार के माध्यम से कई महत्वपूर्ण फैसले लिये, जिसमे पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग का बजटीय प्रबंधन 2789.71 करोड़ किया गया, जबकि वर्ष 2023-24 में 2338.63 करोड़ था, जोकि पिछले वर्ष की तुलनामें 451.08 करोड़ अधिक है। शादी अनुदान प्राप्त करने वाले ओ०बी०सी० व्यक्तियों की आय सीमा को बी०पी०एल० श्रेणी शहरी व ग्रामीण से बढ़ाकर समान रूप से एक लाख की गयी। प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्राओं एवं अन्य लाभार्थियों को आर्थिक सहयोग देने के लिए विशेष कार्य किए जा रहे है। पिछड़े वर्ग के लिए वर्ष 2012-13 से वर्ष 2016-17 का कुल व्यय बजट रू0 6928.71 करोड़ था, जबकि 2017-18 से 2025-26 का कुल व्यय बजट रू0 14969.55 करोड़ है, जो कि पिछली सरकार के कुल व्यय बजट से रू0 8040.84 करोड़ अधिक है।

# निष्क्रिय दुग्ध समितियों को पुनः करें सक्रिय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा की अध्यक्षता में जिला सहकारिता विकास समिति (डीसीडीसी) की बैठक अटल बिहारी बाजपेयी सभागार कलैक्ट्रेट में आहूत की गयी। बैठक में सहकारिता विभाग की 25 नई बी-पैक्स व दुग्ध विभाग की 100 नई दुग्ध समितियों को गठित करने के मुख्यालय से प्राप्त लक्ष्य को अनुमोदित किया गया। बैठक में सम्बंधित अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि मत्स्य विभाग की भी शीघ्र ही गंगा किनारे की न्याय पंचायतों में 10 नई समितियां जनपद में गठित होने जा रही हैं।

तीन नई बी-पैक्स हजरतगंज, बसंतनगर व सिरासौल गठित हो चुकी हैं जिनके लिये भूमि की तलाश की जा रही है, दुग्ध विभाग की 4 समितियां व मत्स्य की 5 समितियों का गठन हो चुका है। दुग्ध विभाग की निष्क्रिय समितियों के बारे में निर्देश दिए गए कि जो दुग्ध समितियाँ निष्क्रिय हैं, उन्हें पुनः सकिय करने अथवा परिसमापित करने की कार्यवाही शीघ्र की जाये। बैठक में 15 समितियों में रंगाई-पुताई कराने हेतु क्षेत्र प्रबन्धक इफको व कृभको को निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त नई बी-पैक्स हेतु 02.00 लाख रूपये मुख्यालय स्तर से प्राप्त होने हैं जिसमें 01.00 लाख रू० की एफ०डी० व 01.00 लाख रू० समिति के आधारभूत सुविधाओं जैसे फर्नीचर आदि के लिये उपयोग किया जाना हैं। नई बी-पैक्स को 02.00 लाख रू0 की धनरा. शि प्राप्त होने की प्रत्याशा में धनराशि को अवमुक्त करने हेतु अनुमोदित किया गया। बैठक के संयोजक सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता, जिला कृषि अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, सहायक निदेशक मत्स्य, दुग्ध अधिकारी, डीडीएम नाबार्ड, सचिव मुख्य कार्यपालक अधिकारी डीसीबी, प्रतिनिधि जिला गन्ना अधिकारी, प्रति. निधि जिला उद्यान अधिकारी, क्षेत्र प्रबन्धक इफको व कृमको, वरिष्ठ प्रबन्धक एलडीबी और सहकारिता विभाग के सभी एडीसीओ ने प्रतिभाग किया।

# एक नजर

## आँधी तूफान सें हुई आगजनी के 69 परिवारों को बिल्सी विधायक ने चेक किये वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसवान।** रात्रि में आंधी तूफान के कारण ग्राम जामनी तहसील सहसवान में हुए अग्निकांड से प्रभावित पीड़ितों को गुरुवार शाम 5:00 बजे बिल्सी




विधायक हरीश शाक्य द्वारा प्रत्येक पीड़ित परिवारो को ₹16000 की सहायता धनराशि का चेक वितरित किये गये, कई घरों पर पहुंचकर बिल्सी विधायक द्वारा पीड़ित परिवारों को चेक दिये गये है।ैक्ड सहसवान एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। विधायक ने कहा गांव में जिन पीड़ित परिवारों के पक्के आवास नहीं है उन परिवारों को पक्के आवास दिए जाएंगे। बिल्सी विधायक हरीश शाक्य द्वारा बताया गया आज गुरुवार को पीड़ित परिवारों के खाते में चौक की राशि पहुंच जायेगी। पीड़ित परिवारों को किसी तरह की समस्या नहीं होने दी जायेगी।

## रनजीत कुमार सिंह ने लिया देहदान का संकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** राजकीय मेडिकल कालेज,बदायूँ के एनाटमी विभाग में रनजीत कुमार सिंह, आयु 56 वर्ष पुत्र बाबू सिंह निवासी महोल्ला अम्बिकापुरी निकट पी0डब्ल्यू0डी0 डाक बंगला,डी0एम0 रोड़ सिविल लाइन, बदायूँ स्वंय से प्रेरित होकर देहदान का संकल्प लिया गया। एनाटमी विभाग के विभागाध्यक्ष डा0



मुकत्याज हुसैन एवं श्री प्रमोद कुमार, लैब टेक्नीशियन /बॉडी इन्जेक्टर द्वारा पंजीकरण कराया गया साथ ही संकल्प पत्र भी भराया गया।' प्रधानाचार्य डा0 अरूण कुमार द्वारा देहदानी रनजीत कुमार सिंह को देहदान के संकल्प का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।' इस अवसर पर डा0 एस0 के0 मिश्रा, डा0 अर्जित गंगवार, डा0 पारूल सक्सेना, डा0 अदिति चौधरी, पुष्पेन्द्र पाल, टिंकू कश्यप, रूबी गुप्ता एवं अरविन्द कुमार उपस्थित रहें।

विज्ञापन के लिए संपर्क करें

कामिल खान ब्यूरो चीफ

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221

Email: mkkhan741@gmail-com

# गन्ना भुगतान को लेकर डीएम ने जताई नाराजगी

**शीघ्र करें भुगतान अन्यथा होगी कठोर कार्यवाही**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को गन्ना मूल्य भुगतान के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में डीएम ने नवाबगंज स्थित ओसवाल शुगर मिल तथा बहेड़ी स्थित केसर शुगर मिल द्वारा किसानों के लम्बित गन्ना मूल्य भुगतान पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यदि आप द्वारा किसानों को भुगतान नहीं किया जाता है तो कठोरतम कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

बैठक में डीएम ने कहा कि किसानों को अपनी दैनिक जरूरतों के लिए पैसे की आवश्यकता होती है, आपको किसानों की समस्याओं को समझने के लिए अपने आपको उनके स्थान पर रखकर सोचना होगा, यदि किसानों को उनकी दुख, बीमारी व अन्य आवश्यक कार्यों के लिए भुगतान नहीं मिलेगा तो किसान भाई आपको गन्ना क्यों देंगे, और यही कारण है कि केसर शुगर मिल को मात्र 30 प्रतिशत गन्ना प्राप्त हुआ है।

बैठक में डीएम ने कहा कि कृषकों का गन्ना मूल्य भुगतान समय से नहीं हो रहा है, जिस कारण किसान गन्ने की खेती से विमुख हो रहे हैं, और गन्ने का रकबा लगातार घटता जा रहा है। बैठक में जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि किसानों का 76 प्रतिशत गन्ना भुगतान हो चुका है, अवशेष भुगतान होना शेष है, जिसपर केसर शुगर मिल के प्रतिनिधि ने बताया कि उनकी उत्तराखण्ड में 28 एकड़ भूमि विक्रय किए जाने की बात चल रही है, विक्रय होने पर समस्त गन्ना मूल्य भुगतान कर दिया जाएगा। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट राजीव कुमार शुक्ला, जिला गन्ना अधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर सहित सम्बंधित शुगर मिल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## धार्मिक स्थल के पास मिला प्रतिबंधित मांस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** फरीदपुर में हिंदू संगठनों में उस वक्त आक्रोश फैल गया जब एक धार्मिक स्थल के पास प्रतिबंधित पशु के अवशेष मिले। जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझा-बुझाकर शांत किया गया। फिलहाल धार्मिक स्थल के पास से अवशेष हटा दिए गए थे।

शुक्रवार दोपहर को फरीदपुर के पचौमी गांव में मौजूद धार्मिक स्थल के पास लोगों ने बोरा पड़ा देखा तो उसको खोला गया। बोरे के अंदर प्रतिबंधित पशु के अवशेष देखकर लोगों में आक्रोश फैल गया। हिंदू संगठनों को इसकी जानकारी मिली तो हंगामा होने लगा। विश्व हिंदू परिषद के सोमपाल राठौर भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने मामले की जांच कराए जाने की मांग की। मामले की सूचना पर पुलिस पहुंची और लोगों को समझाया। तब जाकर मामला शांत हुआ।

# फार्मर रजिस्ट्री बनाए जाने पर दिया गया जोर

**डीएम के निर्देशन में एसडीएम ने पंचायत सहायकों व एडीओ पंचायत के साथ की बैठक**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** तहसील सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में ब्लॉक बहेड़ी, शेरगढ़ और दमखोदा के पंचायत सहायक और एडीओ पंचायत ने भाग लिया।

पंचायत सहायकों को फार्मर रजिस्ट्री कराने हेतु ट्रेनिंग, जागरूकता और लक्ष्य दिए गए। इस दौरान उन्हें रजिस्ट्री प्रक्रिया और इसके महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक में रेट्रोफिटिंग और एग्रीस्टेक जैसे विकास संबंधी विषयों पर भी चर्चा की गई। इन विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए पंचायत सहायकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में पंचायत सहायकों ने अत्यधिक गर्मी, धूप और लू की समस्या बताई। इसपर उन्हें सुझाव दिया गया कि वे क्षेत्र में सुबह या शाम के समय निकलकर कार्य मुख्य रूप से करें।

इससे उन्हें गर्मी के प्रभाव से बचने में मदद मिलेगी। बैठक में उपजिलाधिकारी बहेड़ी, तहसीलदार बहेड़ी, कृषि विभाग के अधिकारी और एडीओ पंचायत उपस्थित रहे। इन अधिकारियों ने पंचायत सहायकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, और उनकी समस्याओं का समाधान किया।

यह बैठक पंचायत सहायकों को उनके कार्यों में सुधार और विकास संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण साबित हुई। बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों और सुझावों से पंचायत सहायकों को अपने कार्यों को और भी प्रभावी ढंग से करने में मदद मिलेगी।

# अपनी वालिदा के साथ हज यात्रा पर गए आसिफ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** एक दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता साजिद अंसारी के बड़े भाई मो. आसिफ अपनी वालिदा रईस बानो के साथ हज यात्रा पर रवाना हो गए।

बरेली-पीलीभीत हाईवे किनारे ग्राम गरगईया में शुक्रवार को नारा-ए तकवीर की सदाएं बुलन्द हो रही थीं, गांव के युवा पत्रकार के बड़े भाई मो. आसिफ और उनकी मां रईस बानो हज यात्रा पर रवाना हो गए। ग्राम के सैकड़ों लोगों के साथ ही उनके अजीज अका. रिवों ने उन्हें फूल मालाएं पहनाकर गले मिलकर अपने लिए दुआ की दरखास्त कर रुखसत किया।

सैकड़ों की संख्या में लोग उन्हें जुलूस के रूप में मुख्य रोड तक नात मनकवत पढ़ते और नारा-ए तकवीर की सदाएं बुलन्द करते हुए लाए, जहां से मां बेटे मुकदस यात्रा पर रवाना हो गए।

# माफियाओं को जूते मारकर बहेड़ी से भगाना है: आराम सिंह

## सद्भावना रैली में सांसद छत्रपाल सिंह के भतीजे पर फिर की विवादित टिप्पणी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बहेड़ी।** बहेड़ी में सियासी भूचाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। नाम लिए बगैर पूर्व ब्लॉक प्रमुख पति एवं भाजपा नेता चौधरी आराम सिंह ने फिर विवादित बयान दिया है। उन्होंने सदभावना रैली में कहा कि माफियाओं को जूते मारकर बहेड़ी से भगाना है। उन्होंने मंच से कहा कि वह तन मन से झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार की बेटी सृति गंगवार का चुनाव लड़ाएंगे, पार्टी हाईकमान से उन्हें बहेड़ी विधानसभा से टिकट देने की मांग की।





बता दें कि उत्तराखंड के हरिद्वार में भाजपा के बरेली सांसद छत्रपाल सिंह के भतीजे पर विवादित टिप्पणी का वीडियो वायरल हो गया था। जिसमें पूर्व ब्लॉक प्रमुख पति चौधरी आराम सिंह ने सांसद के भतीजे को माफिया बोला था, और सांसद पर भतीजे को संरक्षण देने का आरोप लगाया था। जिसके बाद सांसद के भतीजे दुष्यंत गंगवार ने चौधरी आराम सिंह और उनके साथियों पर रंगदारी मांगने और धमकाने का मुकदमा दर्ज कराया था। जिसके बाद यहां किंग रिजोर्ट में चौधरी आराम सिंह ने सद्भावना रैली कर बरेली सांसद छत्रपाल सिंह के भतीजे दुष्यंत कुमार को निशाना बनाते हुए कहा कि बहेड़ी से माफियाओं को जूते मारकर भगाना है।

इस बैठक में उन्होंने एक बार फिर सांसद के भतीजे दुष्यंत गंगवार को माफिया बताया, और कहा कि वह बहेड़ी को माफिया मुक्त करेंगे। अगर सही से जांच हो जाए तो चाचा-भतीजे जेल जाएंगे।

चौधरी आराम सिंह ने इस दौरान ऐलान किया कि इस बार बहेड़ी विधानसभा से संतोष गंगवार की बेटी सृति गंगवार को चुनाव लड़ाने को कहा, उन्होंने पार्टी हाईकमान से मांग रखी कि झारखंड राज्यपाल संतोष गंगवार की बेटी को टिकट दिया जाए।

उन्होंने कहा कि वह बहेड़ी के विकास के लिए काम करेंगे, और माफियाओं को खत्म करेंगे। उन्होंने कहा कि बिना किसी से चंदा लिए बहन सृति गंगवार को चुनाव लड़ाएंगे। उन्होंने कहा कि वह ईमानदारी से कारोबार कर रहे हैं, और चुनाव लड़ाने के बावजूद क्या चाहिए उन्हें बता दें।

## एक नजर

### लापता हुए युवक का तेरहवें दिन उत्तराखंड में मिला शव, मचा कोहराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नगर की बस्ती विजौरिया के मुकेश का भाई धर्मपाल मौर्य गुजरी 10 मई को घर से चला गया था, जब रात तक वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसे इधर-उधर तलाश किया, लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं लग पाया था।

भाई का सुराग नहीं लग पाने पर मुकेश अपने वार्ड के सभासद दर्वेश्वर सिंह के साथ 17 मई को तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पहुंचे, और अपने भाई धर्मपाल मौर्य की गुमशुदगी को लेकर एक पत्र दिया था, भाई द्वारा दी गई तहरीर में उसके दिमाग की हालत ठीक नहीं बताई। आज शुक्रवार को उत्तराखंड के ऋषिकेश एम्स में इसके भाई का शव रखे होने की जानकारी पुलिस द्वारा दी गई, जिसपर भाई मुकेश परिजनों के साथ ऋषिकेश रवाना हो गए।

बताया जाता है कि ऋषिकेश पुलिस ने मृतक की जेब में मिले आधार कार्ड पर लगे मोबाइल नंबर पर कॉल की, जिससे भाई मुकेश को इसकी जानकारी मिल सकी। मृतक धर्मपाल मौर्य अपने दो भाईयों में छोटा था, उसके पिता बृज किशोर की मौत हो चुकी है

### बार चुनाव के नामांकन पत्र में दाखिल की गई आपत्ति हुई खारिज, आज होगी नाम वापसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन कार्यकारिणी के चल रहे चुनाव में शुक्रवार को दाखिल किए गए नामांकन पत्रों पर आपत्ति का समय था, जिसपर एक मात्र आपत्ति संरक्षक पद का चुनाव लड़ रहे सुधाकर लाल रस्तोगी के नामांकन पत्र पर युवा अधिवक्ता उपेन्द्र गंगवार द्वारा दाखिल की गई।

दाखिल की गई आपत्ति में उपेन्द्र गंगवार ने कहा कि सुधाकर लाल रस्तोगी मुख्य चुनाव अधिकारी बनाए गए थे, उन्होंने चुनाव अधिकारी रहते हुए गुपचुप तरीके से अपना पर्चा दाखिल किया है, इतना ही नहीं एल्डर कमेटी से उन्होंने इस्तीफा भी नहीं दिया, और उन्होंने उम्मीदवारों के नामांकन पत्रों को भी प्राप्त किया, जिसका फोटो समाचार पत्रों में भी प्रकाशित हुआ था।

आपत्ति पर देर तक चली वार्ता के बाद युवा अधिवक्ता उपेन्द्र गंगवार द्वारा की गई आपत्ति खारिज कर दी गई। चुनाव अधिकारी राजेश पाल गंगवार ने बताया कि सुधाकर लाल रस्तोगी ने एल्डर कमेटी से इस्तीफा देकर ही अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। आज शनिवार को नाम वापस लिए जाएंगे।

### ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पत्नी को उम्रकैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**प्रेमी संग मिलकर पति की कर दी थी हत्या, नौ साल बाद आया फैसला**

**बरेली।** ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत बरेली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। नौ साल पुराने एक सनसनीखेज हत्या के मामले में अदालत ने पत्नी को दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है।

शुक्रवार को एडीजे-03 कोर्ट, बरेली ने गुड्डी उर्फ धर्मवती को धारा 302 के तहत आजीवन कारावास और 20 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना न अदा करने की स्थिति में एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। यह मामला 10 मई 2016 का है, जब शीशगढ़ थाना क्षेत्र के गांव जिया नगला निवासी मुन्ध्नालाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी पुत्रवधू गुड्डी उर्फ धर्मवती ने अपने प्रेमी राजेश कुमार (निवासी परवेणी, अलवर, राजस्थान) के साथ मिलकर पति विनोद की गला दबाकर व जहर देकर हत्या कर दी थी। मामले में थाना शीशगढ़ पर हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ था। अभियोजन पक्ष ने 7 गवाह पेश किए, जिनके बयानों और साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने फैसला सुनाया। वहीं इस सफलता पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली ने टीम की सराहना की, और कहा कि ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत अपराधियों को सजा दिलाने का अभियान जारी रहेगा।

### सफाई कर्मियों ने सब्जी विक्रेता पर पलटा ट्रॉली भरा मलबा, दबकर मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बरेली।** तपती गर्मी से बचने के लिए सड़क किनारे पेड़ की छांव में सो रहे सब्जी विक्रेता पर नगर निगम के सफाई कर्मियों ने ट्रॉली भरा मलबा पलट दिया। काफी देर बाद तलाश करते हुए आए बेटे ने मलबे में दबे पैर देखे तो कीचड़ हटाकर पिता को निकाला। वह उन्हें अस्पताल ले गया, पर तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। मृतक के पिता ने नगर निगम के सफाई ठेकेदार नईम शास्त्री पर रिपोर्ट कराई है।

**कचरे में दबे पैर देख चीख पड़ा बेटा**

मौर्य शांति नगर निवासी गिरवर सिंह ने बारादरी थाने में तहरीर दी कि उनका बेटा सुनील कुमार प्रजापति (45) सब्जी बेचता है। बृहस्पतिवार दोपहर वह ककरइया कब्रिस्तान के सामने पेड़ के नीचे लेटा था। उसे नींद आ गई। कुछ देर बाद सुनील दिखाई नहीं दिया तो बेटा उन्हें खोजते हुए वहां पहुंचा। तब पता लगा कि जिस जगह थोड़ी देर पहले सुनील लेटा था, वहां नाली से निकला काफी मलबा व कीचड़ डाल दिया गया है।

देखा तो सुनील के पैर मलबे से बाहर निकले हुए दिखाई दिए। स्थानीय लोगों की मदद से उनके पौत्र ने सुनील को कीचड़ से निकाला, और उसे पड़ोस के निजी अस्पताल ले गए। वहां चिकित्सक ने सुनील को मृत घोषित कर दिया। गिरवर सिंह प्रजापति ने आरोप लगाया कि नगर निगम के ठेकेदार नईम शास्त्री व उसके कर्मचारियों की लापरवाही की वजह से उनके बेटे की मौत हुई है। बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडेय ने बताया कि ठेकेदार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शव का पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा।

# लॉटरी ड्रा से बीडीए को मिली 126 करोड़ की आय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) की आवासीय योजनाएं एक बार फिर निवेशकों के बीच हिट साबित हुईं। शुक्रवार को प्राधिकरण के नवीन कार्यालय परिसर में आयोजित आवंटन शिविर में रामगंगा नगर और ग्रेटर बरेली आवासीय योजना के तहत कुल 173 भूखंडों का आवंटन लॉटरी ड्रा के माध्यम से किया गया। इस प्रक्रिया से बीडीए को करीब 126 करोड़ की राजस्व आय हुई।



लॉटरी ड्रा पूरी तरह पारदर्शी तरीके से संपन्न हुआ, जिसे प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में बीडीए सचिव वंदिता श्रीवास्तव, विशेष कार्याधिकारी गौतम सिंह, मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी एपीएन सिंह, अधिशासी अभियंता शिवधनी सिंह यादव व योगेन्द्र कुमार मौजूद रहे। शहर का भविष्य-तैयार हैं टाउनशिप मॉडल के रूप में ग्रेटर बरेली योजना को शहर की सबसे आधुनिक और हाईटेक टाउनशिप के तौर पर विकसित किया जा रहा है। योजना की लोकेशन भी इसकी खासियत है, यह 60 मीटर चौड़े बरेली-बिसलपुर मार्ग और 80 मीटर चौड़े लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे (बड़ा बाईपास) से जुड़ी है। 45 और 30 मीटर चौड़ी जोनल सड़कें, 18, 12 और 9 मीटर चौड़ी आंतरिक सड़कें, पूरी तरह भूमिगत बिजली लाइनें, 132 केवीए का प्रस्तावित विद्युत उपकेंद्र, आवासीय, व्यावसायिक, होटल, अस्पताल, स्कूल, साइबर सिटी और मल्टीप्लेक्स के लिए भूखंड, विशाल स्पोर्ट्स स्टेडियम, सेंट्रल और नेबरहुड पार्क, प्राधिकरण अधिकारियों के आवास भी योजना के भीतर ही प्रस्तावित, ताकि योजनाओं की सतत निगरानी और क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।

बीडीए अधिकारियों का कहना है कि ग्रेटर बरेली योजना आने वाले वर्षों में बरेली शहर के रियल एस्टेट और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास का सबसे बड़ा केंद्र बनेगी।

# जल निगम द्वारा बनाई जा रही बाउंड्री वॉल का कार्य प्रधान ने रुकवाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** गांव मलसाखेड़ा में जल निगम द्वारा खलियान की जमीन पर पानी की टंकी का निर्माण होना है। जिसकी तत्कालीन एसडीएम के आदेश पर तीन तरफ से पहले से ही बाउंड्री हो चुकी थी। जिसमे पूर्व दिशा में जाहिद खां के खेत की तरफ व दक्षिण दिशा में वहीद खान आदि के मकान की तरफ सरकारी भूमि छूट गई थी। जिसकी ग्राम प्रधान तारा देवी ने जल निगम व तत्कालीन हल्का लेखपाल पर मिलीभगत कर सरकारी भूमि छोड़ने का आरोप लगाकर उच्चाधिकारियों से लिखित शिकायत की थी।

शिकायत पर दो दिन पहले एस डी एम मीरगंज तृप्ति गुप्ता ने मौके पर पहुंचकर पैमाइस करबाकर पूर्व साइड जाहिद खाँ के खेत की तरफ लगभग ढाई मीटर निकली सरकारी भूमि निशान लगबाकर कार्य किए जाने का जे ई को निर्देशित किया।जिसके बाद जल निगम के जे ई गोकुल कुमार ने मौके पर पहुंचकर कार्य शुरू करवा दिया। कार्य शुरू होने की सूचना पर ग्राम प्रधान तारा देवी ने बहिष्कार कर कार्य बंद करवा दिया। प्रधान का आरोप था कि सरक. ारी भूमि दोनों तरफ है तो दोनों तरफ नहीं छोड़ी जाए वर्ना पुरानी बाउंड्री पर ही कार्य किया जाए।उधर जे ई गोकुल कुमार ने बताया कि उन्होंने एस डी एम साहिबा के द्वारा पैमाइश के बाद उनके आदेश पर ही कार्य शुरु करवाया था,जिसे ग्राम प्रधान ने बन्द करवा दिया है। अव दोवारा भी उन्हीं के आदेश पर शुरू कराया जाएगा।

हमने दो दिन पहले मौके पर जाकर पैमाइस कराई थी ,जिसमें लगभग ढाई मीटर भूमि पूर्व में सरक. ारी निकली थी। निशान लगवाकर वहीं से निर्माण कार्य कराने को जेई को आदेश दे दिया था। वहीं से ही बाउंड्री का निर्माण कराया जाएगा। अगर ग्राम प्रधान या किसी को आपत्ति है तो वह उनसे अपनी बात कह सकता है

**तृप्ति गुप्ता**
**उपजिलाधिकारी मीरगंज**

# एसएसपी ने पुलिस लाइन में परेड का किया निरीक्षण

**संसाधनों की गुणवत्ता और अनुशासन पर दिया जोर**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने परेड में शामिल पुलिसकर्मियों की फिटनेस, टर्नआउट और ड्रिल कौशल का मूल्यांकन करते हुए उन्हें बेहतर स्वास्थ्य और अनुशासन बनाए रखने के निर्देश दिए।

परेड की निगरानी ड्रोन कैमरे से भी की गई, जिससे परेड की समग्र गुणवत्ता की समीक्षा की जा सके।

एसएसपी ने क्वार्टर गार्ड, बैरक, शस्त्रागार, परिवहन शाखा और स्टोर का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने रिक्रूट आरक्षियों की आगामी ट्रेनिंग को ध्यान में रखते हुए शस्त्रों की उपलब्धता और उनकी कार्यशीलता की जांच की। शस्त्रों की साफ-सफाई और रिकॉर्ड संधारण को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए।

परिवहन शाखा में पीआरवी वाहनों की स्थिति का भी जायजा लिया गया। एसएसपी ने प्रत्येक वाहन में फर्स्ट एड किट और दंगा नियंत्रण उपकरण की अनिवार्य उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही वाहनों की नियमित मेंटेनेंस और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।

एसएसपी ने परेड ग्राउंड के निर्माण और लेवलिंग कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की और समयबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।आदेश कक्ष में गार्द रजिस्टरों की जांच के साथ तैनात कर्मियों को कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन बनाए रखने की हिदायत दी गई।

निरीक्षण के अंत में एसएसपी अनुराग आर्य ने पुलिस मेस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# हड़ताल के दौरान जनपद में न हो विद्युत आपूर्ति बाधित: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को विद्युत विभाग के कर्मचारियों की दिनांक 29 मई 2025 से प्रस्तावित हड़ताल के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में डीएम ने संबंधित अधिकारियों को बिजली आपूर्ति सुधारने एवं शिकायतों का त्वरित समाधान करने के आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि जनपद के समस्त विद्युत केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल लगाया जाए, जिससे खुराफाती तत्व आराजकता न फैला सकें। उन्होंने कहा कि विद्युत कर्मचारियों से वार्ता भी करें, जिससे वह हड़ताल में शामिल न हों। इस कार्य में सिविल डिफेन्स को लगाया जाए, जिससे वह कर्मचारियों को जागरूक कर सकें। बैठक में डीएम ने विद्युत विभाग को निर्देश दिए कि 29 मई से प्रस्तावित हड़ताल के दौरान जनपद में विद्युत आपूर्ति किसी प्रकार से बाधित न की जाये। उन्होंने निर्देश दिए कि हड़ताल के समय यदि किसी जगह में विद्युत फाल्ट होती है तो उसे समय से सही कराया जाए, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। बैठक में नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. विश्राम सिंह, पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक आदि मौजूद थे।

# दरगाह आला हजरत के खादिम को जान से मारने की धमकी

**बजरंग दल के नाम पर दी गई धमकी, एसएसपी से शिकायत कर की सुरक्षा की मांग**


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** दरगाह आला हजरत में खिदमत करने वाले एक खादिम को बजरंग दल के नाम पर जान से मारने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया है। खुद को बजरंग दल का सदस्य बताने वाले शख्स ने फोन कर न सिर्फ आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया, बल्कि जान से मारने और झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी भी दी। थाना सुभाषनगर क्षेत्र के ग्राम करेली निवासी समीर अहमद ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर इस संबंध में लिखित शिकायत सौंपी। समीर ने बताया कि वह दरगाह आला हजरत में बतौर खादिम वर्षों से सेवा कर रहे हैं। 22 मई को उन्हें एक अज्ञात मोबाइल नंबर से कॉल आया।

फोन करने वाले ने खुद को रोहित पंडित उर्फ रोहित मिश्रा बताकर बजरंग दल का सदस्य बताया। शिकायत के अनुसार, कॉल करने वाले ने समीर को आतंकी, असलहा तस्कर और लव जिहादी बताते हुए गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। समीर ने बताया कि कॉल की रिकॉर्डिंग भी उनके पास मौजूद है, और घटना के बाद से वह काफी डरे हुए हैं। पीड़ित ने एसएसपी से मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# डीएम ने दस से एक बजे के मध्य प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण को ली बैठक

**सरकारी एवं निजी भूमि पर अवैध कब्जे के मामले में विधिक कार्यवाही किए जाने के संबंध में दिए आवश्यक निर्देश**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को 10 से 01 बजे के मध्य कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्राप्त होने वाली शिकायत व प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में डीएम ने समस्त उप जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि जिस शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का निस्तारण किया जाए, उसमें क्या टिप्पणी लगायी गयी है, यह अवश्य दर्शाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सरकारी एवं निजी भूमि में अवैध कब्जे की शिकायतें अधिक आ रही हैं, उस क्षेत्र के सम्बंधित लेखपाल के साथ पैमाइश कराकर अवैध कब्जा हटाया जाए।

बैठक में समस्त उप जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि अपनी-अपनी तहसीलों का निरीक्षण करें तथा धारा-67 के अंतर्गत जो भी केस लंबित हैं, उनका निस्तारण शीघ्र करें। भू-माफिया पोर्टल पर जो भी मामले दर्ज हैं, उनका अति शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दिनांक 24 व 25 मई को जनपद में नोडल अधिकारी भ्रमण पर रहेंगे, सभी सम्बंधित अधिकारी अपने-अपने कार्य क्षेत्र में उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राजीव कुमार शुक्ला, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण कुमकुम गंगवार, समस्त उप जिलाधिकारी सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# इनीशियम ग्लोबल स्कूल में समर कैंप का आयोजन




**पीलीभीत।** इनीशियम ग्लोबल स्कूल में आवधिक परीक्षा समाप्त होने के बाद समर कैंप की शुरुआत हुई। इस कैंप में बच्चों के लिए विभिन्न क्रियाकलापों का आयोजन स्कूल द्वारा किया जा रहा है, जिसमें कैलीग्राफी वर्कशॉप, जुंबा डांस, क्राफ्ट शैली, रेन डांस, गुजराती लिपन आर्ट, टी शर्ट पेंटिंग, फायरलेस कुकिंग और अन्य कार्यशालाओं द्वारा बच्चों को सीखने को मिलेगा। गर्मियों की छुट्टियों में बच्चें ये सभी क्रियाएं अपने घरों में करके अपने समय का उपयोग कर पाएंगे। स्कूल की प्रधानाध्यापिका रितिका धमेजा की ओर से सभी कार्यशालाओं को सम्पन्न कराने के लिए अनेक स्थानों से विशेषज्ञों को बुलाया गया है और बच्चों की शिक्षा के साथ मनोरंजन की व्यवस्था भी की गई है।

# पांच स्तरीय संगठन का सृजन करेगी कांग्रेस

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** जिला कांग्रेस कमेटी के कैंप कार्यालय आसिम पैलेस गजरौला में पार्टी के 'संगठन सृजन अभियान' को लेकर बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश नेतृत्व द्वारा नामित किए गए, जिला कोऑर्डिनेटर अहमद हमीद और अभिषेक गोयल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कहा कि पूरे भारत में कांग्रेस

■ **दो जिला कोआर्डिनेटरों ने ली पार्टी की बैठक**

पार्टी संगठन सृजन अभियान चला रही है, संगठन सृजन अभियान के तहत नए संगठन का निर्माण किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में पांच स्तरीय संगठन का सृजन किया जाएगा।

पार्टी की आगामी 100 दिन की कार्य योजना तैयार हो चुकी है, 100 दिन के में हम सब लोग मिलकर कांग्रेस पार्टी का बूथ स्तर तक संगठन खड़ा करेंगे। उन्होंने कहा कि सक्रिय कार्यकर्ताओं को ही संगठन में जगह मिलेगी। जिला कोऑर्डिनेटर अभिषेक गोयल ने कहा कि, पार्टी संगठन में अनुशासन होना अत्यंत आवश्यक है,

अनुशासनहीनता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संगठन पार्टी की रीढ़ होती है, जब तक संगठन सशक्त मजबूत और सक्रिय नहीं होगा, तब तक कोई भी लड़ाई जीतना संभव नहीं है। जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया ने दोनों कोआर्डिनेटरों को आश्वस्त करते




हुए कहा कि, अमरोहा में हम सब लोग दिन-रात मेहनत करके आगामी 100 दिन के अंतर्गत पार्टी हाईकमान के निर्देश पर कमेटी का गठन कर लेंगे।

बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष चौ0सुखराज सिंह, तारिक मोहम्मद खान, हाजी खुर्शीद अनवर, ऋषिपाल धिंगान, पूर्व प्रत्याशी हसनपुर विधानसभा आसिम हुसैन साबरी, आभा चौधरी डॉ0अहमद मुर्तजा, विनोद सक्सेना, सचिन चौहान, अनवर हुसैन, अकबर हुसैन, मोहम्मद शाहिद, स.रविन्द्र सिंह, वाहिद अली सैफी आदि मौजूद रहे।

## पूरनपुर तहसील क्षेत्र में रात के अंधेरे में धड़ल्ले से हो रहा अवैध खनन, माफियाओं के हौसलें बुलंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र में अवैध खनन ने एक बार फिर प्रशासनिक व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। जहां एक ओर शासन ने खनन पर सख्त पाबंदी लगा रखी है, वहीं दूसरी ओर खनन माफिया रात के अंधेरे में बेधड़क मिट्टी खनन कर रहे हैं। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, शाम ढलते ही ट्रैक्टर-ट्रालियों की आवा. जें गूंजने लगती हैं और रात्रि भर खनन का खेल चलता है। रायपुर, वासुकपुर, केसरपुर, कुर्रैया, मनहरिया सहित कई गांवों में यह अवैध गतिविधि जारी है। ट्रैक्टर ट्रालियों के शोर ने ग्रामीणों का रात में सोना तक दुश्वार कर दिया है। बताया जा रहा है कि इन ट्रैक्टर ट्रालियों के माध्यम से गांव में अवैध रूप से मिट्टी डाली जा रही है, जिससे लाखों रुपये का राजस्व नुकसान हो रहा है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि पुलिस प्रशासन और राजस्व विभाग की मिलीभगत से अवैध खनन कराया जाता है और अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं रात के अंधेरे में फर्राटा भरती ट्रालियां किसी बड़े हादसे को भी न्योता दे सकती हैं। अब देखने वाली बात होगी कि प्रशासन कब जागेगा और इस अवैध खनन पर लगाम लगाने के लिए क्या सख्त कदम उठाएगा।

## नगर आयुक्त ने परखी वृन्दावन की स्फ़ाई व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** नगर आयुक्त जग प्रवेश ने वृंदावन नगर की सफाई व्यवस्था को परखा। नगर आयुक्त ने शुक्रवार को वृन्दावन नगर की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया गया। नगर आयुक्त द्वारा सर्वप्रथम विद्यापीठ चौराहे से लेकर श्री बांकेबिहारी जी मंदिर तक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सफाई संतोषजनक न पाये जाने के दृष्टिगत बिहारीपुरा में सफाई का कार्य कर रही संस्था मै. बीवीजी इण्डिया लिमिटेड को सफाई व्यवस्था सुदृढ किये जाने के लिए स्थल पर ही कड़े निर्देश प्रदान किये गये। तत्पश्चात नगर आयुक्त द्वारा प्रेम मंदिर से लेकर छटीकरा तक मुख्य मार्ग का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उक्त मार्ग पर सफाई का कार्य कर रही संस्था मै. किंग सिक्योरिटी गार्ड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को भी सफाई कार्य में सुधार लाये जाने के लिए निर्देश दिये गये। नगर आयुक्त द्वारा उक्त दोनो संस्था को कड़े निर्देश देते हुये स्पष्ट रूप से कहा गया कि साफ सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। वृन्दावन नगर में प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते है। इस के लिए साफ सफाई के दृष्टिगत श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं आहत न होने पाये। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त द्वारा जोनल सेनेटरी आफीसर, मुख्य सफाई निरीक्षक व समस्त निरीक्षकों को प्रातःकाल से ही स्थल पर स्वयं खड़े रहकर सफाई का कार्य कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान सीपी पाठक अपर नगर आयुक्त, महेश चन्द जोनल सेनेटरी ऑफीसर, सुरेशचन्द मुख्य सफाई निरीक्षक एवं सुभाष सफाई निरीक्षक अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस द्वारा निस्तारित किए जाने के बाद भी नहीं सुलझा पैतृक संपत्ति का विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जेवर/टप्पल।** मोहल्ला काजीपाड़ा निवासी दो सगे भाईयों के बीच एक दादालाई मकान को लेकर काफी समय से चला रहा विवाद निस्तारण होने के बाद भी सुलझता दिखाई नहीं दे रहा है। जिससे नाराज हुई छोटे भाई की पत्नी अपने जेष्ठ के खिलाफ पुलिस प्रशासन द्वारा कराये गए समझौते के दौरान हुए मकान के बंटवारे के बाद तोड़े गए मकान के हिस्से में ही अनशन पर बैठ गई और जेष्ठठ पर दबंगई करने का आरोप लगाते हुए पूर्व में पुलिस प्रशासन द्वारा कराये गए फैंसले पर अमल कराये जाने तथा न्याय दिलाने की मांग करने लगीं। बताया जाता है कि मामले की सूचना दिए जाने के बाद भी स्थानीय पुलिस का कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुॅचा और पीड़ित महिला लगभग आठ घंटे तक आमरण अनशन पर बैठी रही जिस कारण पीड़ित महिला के परिवार के लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया। इसके बाद कुछ पुलिसकर्मी लेपर्ड वाले आमरण अनशन पर बैठी पीड़ित महिला के पास पहुॅचे और उल्टा रौब दिखाते हुए पीड़िता को डांटते हुए आमरण अनशन से उठने की चेतावनी दे डाली जिसके बाद पीड़ित महिला ने आरोपी पुलिस कर्मियों की शिकायत अपर थाना प्रभारी टप्पल से फोन पर करते हुए आरोपी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। बता दे कि मोहल्ला काजीपाड़ा कस्बा टप्पल निवासी इरशाद अली व दिलशाद दो सगे भाइयों में पैतृक संपत्ति के बटवारे को लेकर विगत दो वर्ष से विवाद चला आ रहा है। जिसका फैसला पुलिस प्रशासन एवं कस्बे के कुछ संम्भ्रात व्यक्तियों ने दोनों भाईयों के बीच समझौता सुलहनामा करा दिया था। उस समय तो बड़े भाई इरशाद अली ने पुलिस द्वारा किया गया फैंसला मान लिया मकान में तोड-फोड़ शुरू कर दी मगर अब वह उस फैसले को नहीं मान रहे जिस कारण पुनः विवाद उत्पन्न हो जो अब तक चला आ रहा है। आरोप है कि बड़े भाई इरशाद अली ने अपनी दबंगई दिखाते हुए विवादित बैठक को खुर्द-बुर्द कर दिया।

# गोवर्धन तहसील प्रेस क्लब की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा

**गोवर्धन।** गोवर्धन तहसील प्रेस क्लब की नवीन कार्यकारिणी गुरुवार को होटल गोविंद रेजीडेंसी में घोषित हुई। यहां मुख्य अतिथि जिला पंचायतराज अधिकारी धनंजय जायसवाल ने पत्रकारिता की प्रशंसा कर इसे दुरूह सामाजिक कार्य एवं स्वस्थ लोकतंत्र के लिए जरूरी बताया। यहां उनका क्लब के अध्यक्ष पं. श्याम जोशी एवं महासचिव राम पंडित ने माला दुपट्टा उढ़ाकर व स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मान किया। उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम अध्यक्ष वनबिहारी भारद्वाज ने आभार व्यक्त किया। वरिष्ठ पत्रकारों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये जिसमें पत्रकारों की एकजुटता पर बल देते हुए दौर को लेकर चर्चा की गई. उन्होंने कहा पत्रकारता का भविष्य गर्त में चला जाएगा। सबको एक साथ मिलकर कार्य करना होगा तभी पत्रकारों के हितों की रक्षा हो सकती है। आपसी मतभेदों को बुलाकर एक दूसरे की टांग खींचना बंद करना होगा. अन्यथा आपसी मतभेदों का लाभ भ्रष्ट अधिकारी उठाते रहेंगे. सम्मान समारोह में गोवर्धन, राधाकुंड जतीपुरा



अड़ींग नंदगांव, बरसाना साहर आदि क्षेत्रों के पत्रकारों ने सहभागिता की. कार्यकारिणी में संरक्षक गिरधारी लाल श्रोत्रिय, सुभाष चन्द्र अग्रवाल, उमेश तिवारी, सलाहकार मनीष लम्बरदार, हरेकृष्ण कुम्हेरिया, योगेन्द्र छौंकर, सौरभ शर्मा, संयोजक राकेश श्रोत्रिय, हरिओम चौधरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीर नारायण शर्मा, उपाध्यक्ष खन्ना सैंनी, अनिल अग्रवाल, यतेन्द्र तिवारी, सुमित श्रोत्रिय, सचिव राघव श्रोत्रिय, भूपेन्द्र चौधरी, सतेन्द्र यादव, मनोज शर्मा, कृष्ण दयाल गौड़, कोषाध्यक्ष डॉ. कमल सिंह यदुवंशी, संगठन मंत्री दीपक शर्मा, कृष्णगोपाल दुवे, दीनदयाल शर्मा, धर्मेन्द्र कुमार, अनुशासन अधिकारी बृजविहारी कौशिक, गौरव कौशिक, उत्तम शर्मा, मोहित गोस्वामी, प्रवक्ता नरेश उपाध्याय, राजन सिंह, भारत उपाध्याय, जगदीश गोकुलिया, मीडिया प्रभारी अमित गोस्वामी, नरेश ठाकुर, तेजपाल सिंह, एजेण्डा प्रभारी कोमल चौधरी, दाऊदयाल शर्मा, हीरालाल, मुकेश जोगी, विवेक अग्रवाल, विक्की भैया, सदस्य राजू ठाकुर, जीतेन्द्र पांचाल, महेश गौड, ऋषभ कौशक, अशोक यादव, नितिन गुप्ता, रवि वर्मा, ओमप्रकाश लवानिया, पवन पाठक,

# संस्कृति के 60 विद्यार्थियों को मिली नौकरी



**मथुरा।** संस्कृति विश्व विद्यालय के 60 विद्यार्थियों का श्रीराम जानकी हॉस्पिटल स्टाफिंग सर्विस कंपनी द्वारा कैंपस प्लेसमेंट किया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई हैं।

संस्कृति प्लेसमेंट सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्रीराम जानकी हॉस्पिटल स्टाफिंग सर्विस ने कैंपस में तीन स्तरीय चयन प्रक्रिया के पश्चात 60 विद्यार्थियों को ऑफर लैटर प्रदान किए। इन विद्यार्थियों में 22 विद्यार्थी नर्सिंग, 5बीपीटी, 15 बीएमएलटी, 7 डीएमएलटी, 9 सीवीटी, एक ओटीटी और एक ऑप्टोमेट्री विभाग के हैं। बताते चलें कि श्री राम जानकी हॉस्पिटल स्टाफिंग सर्विस कंपनी स्वास्थ्य और कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। कंपनी प्रत्येक स्वास्थ्य सेवा सुविधा की स्टाफिंग की जरूरतें और ऐसे समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है जो इष्टतम रोगी देखभाल सुनिश्चित करते हैं। स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों की समर्पित टीम योग्य और सेवाभावी कर्मचारियों को प्रदान करने पर केंद्रित है जो रोगी की सेवा का अनुभव रखते हैं। कंपनी कुशल नर्सों से लेकर सहायक कर्मचारियों तक, विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप सही कर्मियों का चुनाव करने के लिए लगन से काम करते हैं। विद्यार्थियों के इस चयन पर संस्कृति विश्विद्यालय के कुल. पति प्रो एमबी चेट्टी ने हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## तीन तहसीलों में नए एसडीएम की तैनाती

**मथुरा।** जनपद की तीन तहसील के उप जिलाधिकारी बदल दिए गए हैं। मथुरा, मांट, महावन तहसील में नए उप जिलाधिकारी की नियुक्ति जिला अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह द्वारा की गई है। सरकारी प्रवक्ता के अनुसार मांट तहसील में तैनात ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आई ए एस अभिनव जे जैन को तहसील सदर में एस डी एम क चार्ज दिया गया है। श्री जैन सितम्बर 24 से मांट तहसील में तैनात थे। यहां तैनात ज्वाइंट मजिस्ट्रेट निशा ग्रेवाल का मुख्य विकास अधिकारी बुलंदशहर के पद पर प्रमोशन होने के कारण यह पद खाली था। एसडीएम महावन पद पर तैनात आदेश कुमार को छाता तहसील में एसडीएम न्यायिक का चार्ज दिया गया है। डिप्टी कलेक्टर कंचन नई एसडीएम महावन होंगी। डिप्टी कलेक्टर वैभव को एसडीम (न्यायिक) महावन पद पर भेजा गया है।

# टेलीफोन टावर गिरा, लोगों में दहशत, हो सकता था बडा हादसा



**जेवर।** क्षेत्रान्तर्गत गॉव तिरथली में उस समय बड़ा हादसा होने से बच गया जबकि तेज हवा और आंधी के चलते शौकत पुत्र लाल मौहम्मद के मकान पर खड़ा टेलीफोन टावर धडाम से गिर गया। गनीमत रही किसी तरह की कोई जनहानि तो नहीं हुई मगर आस-पास के कई मकानों में दरारें पड़ गयीं। तेज और तूफानी आंधी का सिलसिला अभी थमने का नाम नहीं ले रहा है विगत दिवस क्षेत्र के गॉव तिरथली में तेज हवा धूल भरी ऑधी की चपेट में आने से हनीफ के मकान की छत पर लगी सौलर प्लेटें हवा में उड़कर दूर जा गिरीं तो वहीं दूसरी ओर शौकत के मकान की छत पर लगा एक टलीफोन कम्पनी का टॉबर उखड़ कर जा पड़ा जिससे आस-पास के कुछ मकान चटक गए तथा उनमें दरारें पड़ गयीं ग्राम प्रधान शाहिद मंजूर रहत खॉ ने बताया कि तेज हवा व ऑधी तूफान के कारण उखड़ गिरे टेलीफोन टावर और सौलर प्लेटों के उड़कर दूर गिरने जाने से ग्रामवासी खासे परेशान हैं अधिकांश लोगों का कहना है कि घनी आबादी में शौकत के मकान की छत पर लगा टावर उखडकर गिर जाने से काफी खौफजदा हैं उन्होंने मकान की छत पर टॉवर लगवाने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किए जाने तथा घनी आबादी के बीच टेलीफोन टॉवर को पुनः लगाने से रोके जाने की मांग की है।

## श्री कृष्ण जन्म स्थान मामले की सुनवाई 4 जुलाई को होगी



मथुरा। श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर का केस लड़ रहे दिनेश फलाहारी ने बताया कि मुगल शासक औरंगजेब द्वारा श्री कृष्ण जन्मस्थान पर किए गए अवैध कब्जे को हटाने के लिए आज प्रयागराज हाईकोर्ट में सुनवाई हुई, आपको बता दें कि जन्मस्थान से मस्जिद को हटाने से संबंधित प्रयागराज हाईकोर्ट में 18 मुकदमे चल रहे हैं, पिछली डेट को माननीय प्रयागराज हाईकोर्ट में हिंदू पक्ष की तरफ से राधा रानी को पार्टी बनाने के लिए दिए गए प्रार्थना पत्र पर बहस हुई, जिसका विरोध दूसरी तरफ से भी हिंदू पक्ष के अधिकता ने ही किया, एक पक्ष ने कहा कि राधा रानी को पार्टी बनाना बहुत जरूरी है,तो दूसरे पक्ष ने कहा कि अब राधा रानी को पार्टी बनाएंगे, फिर कोई व्यक्ति कहेगा कि कृष्ण भगवान का सखा को पार्टी बनाया जाए, फिर कोई कहेगा कि ग्वाल वालों को पार्टी बना जाय,आज एडवोकेट रीना एन सिंह की तरफ से रुक्मणी जी को पार्टी बनाने के लिए प्रार्थना की गई, तो इस तरह से मामला लंबा हो जाएगा,हम चाहते हैं कि यह मामला लंबा ना खींचे,फैसला जल्द से जल्द हो, आज एडवोकेट महेंद्र प्रताप सिंह ने माननीय न्यायालय से प्रार्थना की की ईदगाह मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित कर दिया जाए,इस पर मुस्लिम पक्ष ने कहा कि यदि विवादित ढांचा घोषित कर देंगे तो हम वंहा नमाज नहीं पढ़ सकेंगे,इस पर हिंदू पक्ष ने कहा कि वहां तो नमाज 1992 के बाद पढ़ने लगी है,उससे पहले वंहा नमाज नहीं होती थी,माननीय प्रयागराज हाई कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद में अगली सुनवाई के लिए 4 जुलाई की डेट लगा दी।

# औषधि विभाग को मिली बड़ी सफलता

**पीलीभीत।** अपर सत्र न्यायाधीश विजय कुमार ने बिना लाइसेंस के दवा बिक्री मामले में तीन साल की सजा और 70 हजार का जुर्माना की सजा सुनाई है। मामला है लगभग 5 वर्ष पूर्व तत्कालीन औषधि निरीक्षक को पोर्टल के माध्यम से बरखेडा क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर में किसी व्यक्ति द्वारा बिना लाइसेंस के दवा विक्रय किये जाने के सम्बन्ध में शिकायत प्राप्त होनें पर सहायक आयुक्त (औषधि) बरेली मण्डल बरेली द्वारा टीम गठित कर उक्त के विरुद्ध दिनांक 16 अगस्त 2019 को कार्यवाही की गयी। मौके पर अभियुक्त इरफ़ान अली द्वारा द्वारा बिना लाइसेंस के दवा विक्रय किये जाने का दोषी पाया गया। जिसके विरुद्ध न्यायालय में औषधि एवं प्रशाधन समाग्रीअधिनियम की धाराओं में वाद पंजीकृत किया गया। वाद की पैरवी राज्य सरकार की ओर से अधिकृत वर्तमान में तैनात तेज तर्रार कार्यशैली छवि की महिला अधिकारी नेहा वैश औषधि निरीक्षक पीलीभीत व् सरकारी अधिवक्ता नंदन गंगवार द्वारा की गयी। काफी लम्बी चली न्यायिक प्रक्रिया को पूर्ण कर दिनांक 22 मई 2025 को अपर सत्र न्यायाधीश विजय कुमार डूंगराकोटी ने तमाम गवाहों व् सबूतों को मद्देनजर रखते हुए। आरोपी इरफ़ान अली को दोषी पाते हुए तीन साल कैद और 70 हज़ार रूपए जुर्माने की सजा सुनाई।

## पति सहित आठ पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** ससुरालियों के उकसाने के बाद विवाहिता ने आत्महत्या की थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी मौत का खुलासा नहीं हो सका है। मृतका के पिता की ओर से पुलिस ने पति, देवरानी सहित आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। तीन दिन पहले उसका शव फंदे पर लटका मिला था। शाहजहांपुर जनपद के थाना बंडा की रहने वाली रोली सिंह पुत्री कृपाल सिंह का विवाह शादी 13 वर्ष पूर्व पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव मुजफ्फरनगर निवासी संजीव सिंह पुत्र कल्लू सिंह के साथ हुआ था। 21 मई को विवाहिता का शव कमरे के अंदर दीवार पर लगी खुटी में दुपट्टे से फंदे पर लटका मिला था। जबकि मृतिका की बहन ने उसकी देवरानी पर हत्या करने का आरोप लगाया था। मृतिका के दो पुत्र शेखर उम्र दस वर्ष व ऋऋऋलभ उम्र 7 वर्ष हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की मौत का कारण स्पष्ट न होने पर पुलिस ने बिसरा प्रजर्व किया है। मृतिका के पिता कृपाल सिंह की ओर से पुलिस ने पति संजीव सिंह, देवरानी लवी सहित आठ के खिलाफ आत्महत्या को उकसाने का मुकदमा दर्ज किया है। मामले में पुलिस जांच कर रही है। कोतवाल सत्येंद्र कुमार ने बताया विवाहिता की मौत में पति सहित 8 के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है मामले की जांच की जा रही है।

## रौरा खुर्द में निकाली गई तिरंगा यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सैनिकों के सम्मान में नगर में तिरंगा यात्रा निक. ालने का सिलसिला जारी है नगर पालिका परिषद मिलक के वार्ड नंबर 13 रौरा खुर्द में सिंदूर ऑपरेशन की सफलता एवं सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्रा अंतिम दिन निकल गई जिसमें भाजपा नेता कुंवर नरेंद्र सिंह गंगवार के नेतृत्व में मंडल अध्यक्ष ममता अत्री,सरदार देवेंद्र सिंह,मनोज पांडे, चंद्रभान मित्तल, वसंत कुमार एडवोकेट, जिला मंत्री हेमा रानी, दीपा, शादाब, असीम बाबू,असीम राजा खान, सभासद भगवान दास, प्रेम जोशी, भीम जोशी, निर्मला कश्यप,ममता जोशी, सीता जोशी आदि लोग उपस्थित रहे।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# डीएम व एसपी ने किया मिलक के मुख्य आवागमन मार्गों का निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक/रामपुर।** शुक्रवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने जनपद में आमजनमानस की यातायात सुविधाओं के दृष्टिगत तहसील मिलक के जीरो प्वाइंट, नवदिया, जालिफनगला एवं क्योरार के मुख्य आवागमन मार्गों का निरीक्षण पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र के साथ किया। नवदिया में लोक निर्माण विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त एवं निष्प्रोज्य पुल के पास नव निर्मित पुल का निर्माण कार्य कराया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पूर्व में निर्मित पुल को तत्काल हटाये जाने के निर्देश दिये, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो सके। नवदिया में पुल के पास मुख्य प्रवेश द्वार पर किये गये अवैध कब्जा को तत्काल जांचकर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी, मिलक को दिये। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी मिलक को निर्देशित किया कि मिलक से जाने वाली नहाल नदी की खुदाई गुणवत्तापरक एवं त्वरित गति से हो तथा खुदाई के पश्चात् किसी भी व्यक्ति द्वारा अवैध कब्जा किसी भी दशा में न होने पाये। इसके अतिरिक्त खण्ड विकास अधिकारी एवं अधिकारी नगर पालिका को यह भी निर्देश दिये कूड़े निस्तारण की उचित व्यवस्था करायी जाये, जिससे कूड़ा सड़क के किनारे न डाला जाये।

तत्पश्चात जिलाधिकारी ने सुलभ एवं सुगम यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत मिलक में बनाये जा रहे रेलवे पुल की प्रगति एवं उसके निर्माण में आ रही समस्याओं के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी मिलक एवं सेतु निगम के अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। मौके पर उपस्थित सेतु निगम के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया है कि आरओबी का निर्माण कार्य लगभग 50 प्रतिशत से अधिक हो गया है तथा वर्तमान में निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसे जल्द ही पूर्ण कर दिया जायेगा। निर्माण कार्यों को लेकर स्थानीय अधिकारियों के स्तर से अपेक्षित सहयोग मिल रहा है। इस आरओबी का निर्माण कार्य पूर्ण होने से तहसील मिलक से शाहबाद को जाने वाले आम जनमानस को अत्यधिक सुविधा मिलेगी। आरओबी के निर्माण से तहसील मिलक में रेलवे फाटक बन्द होने से लगने वाले जाम से निजात मिलेगी और दुर्घनाओं में भी कमी आयेगी।



# अवैध चाकू सहित नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक/रामपुर।** कोतवाली पुलिस ने फल विक्रेता पर चाकू से जानलेवा हमले का आरोपी चाकू सहित गिरफ्तार किया पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार अपराध व अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी मिलक के निर्देशन व प्रभारी निरीक्षक थाना मिलक जनपद रामपुर के कुशल नेतृत्व में थाना मिलक पुलिस द्वारा आज एक नफर वाछित अभियुक्त कमरे आलम पुत्र अता हुसैन निवासी ग्राम कूप थाना मिलक जिला रामपुर सम्बन्धित मु.अ.स. 195/25 धारा 109(1) बीएनएस को मुखविर की सूचना के आधार पर नोराह स्कूल के पास तिराहे से मय मुकदमा उपरोक्त की घटना में प्रयुक्त एक अदद् चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया अभियुक्त से बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 4/25/27 की वृद्धि की गयी है अभियुक्त को न्यायालय भेजा।

# डीएम ने रौराकलां में फर्जी मुआवजा की शिकायत पर किया स्थलीय निरीक्षण



शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक/रामपुर।** नगरपालिका परिषद के रौराकलां में फर्जी मुआवजे को लेकर मिली शिकायत पर जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र, उप जिलाधिकारी सुनील कुमार व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने प्रकरण में अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. नितिन मदान की अध्यक्षता में समिति गठित की।

जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी मिलक सुनील कुमार एवं तहस. ीलदार सीमा गंगवार को इस प्रकरण से संबंधित समस्त अभिलेख समिति को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जांच आख्या सात दिन के भीतर उपलब्ध कराई जाए।

इसके अतिरिक्त रौराकलां में नदी की भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर भी शिकायतें प्राप्त हुईं, जिसके लिए जिलाधिकारी ने कमेटी के माध्यम से जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने उप जिलाधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी, मिलक को निर्देशित किया कि नदी की भूमि को कब्जा मुक्त कराते हुए उसे पूर्व की भांति नदी के स्वरूप में लाना सुनिश्चित करे।

# तालाब मे डूबकर किशोर की मौत, परिवार में मचा कोहराम

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी/रामपुर।** नानी के घर गये किशोर की तालाब के पानी मे डूबकर मौत हो गई। किशोर की मौत से उसके परिवार मे कोहराम मचा हुआ है। क्षेत्र के गांव मझरा खुशहालपुर निवासी गुलाम नूर का 12 वर्षीय बेटा मोहम्मद सुबेर अपनी मा के साथ एक सप्ताह पूर्व खुदा गंज तहसील तिलहर शाहज. हांपुर अपनी नानी के घर गया था। बुधवार की दोपहर अपने मामा के लड़के के साथ तालाब पर नहाने गया था कि अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा अपने फुफेरे भाई सुबेर को डूबता देख युवक ने भी पानी मे सुबेर को बचाने के लिए छलांग लगा दी। लेकिन वह भी गहरे पानी मे चला गया देखते ही देखते दोनों मुमेरे फुफेरे भाई पानी मे डूबने लगे दोनों को डूबता देख तालाब पर मौजूद युवको में खल बली मच गई और इसकी सूचना उनके घर वालो दी। सूचना मिलते ही परिवार मे कोहराम मच गया सूचना मिलते ही तिलहर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और दोनों के शवों को तालाब से बाहर निकाला अपने बेटे के डूबने की सूचना जब मझरा खुशहालपुर निवासी गुलाम नूर के परिजनों को लगी तो घर मे कोहराम मच गया और घर मे मातम छा गया और परिवार वाले खुदा गंज शाहजहांपुर के लिए रवाना हो गए।

# शाहबाद में हुआ बहुजन समाज सम्मेलन का आयोजन

**■ सम्मेलन में पहुंचे पूर्व दर्जा राज्यमंत्री सुरेंद्र सिंह सागर**

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद/रामपुर।** जयतोली रोड स्थित अंबेडकर पार्क में बहुजन समाज का विशाल सम्मेलन डॉ भीमराव अंबेडकर परिवर्तन सेवा समिति द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें शाहबाद क्षेत्र के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र से भी बहुजन समाज के लोग एकत्रित हुए। अपने-अपने संबोधन में प्रवक्ताओं ने संविधान रचियता डॉ भीमराव अंबेडकर को एक महान व्यक्तित्व का स्वामी बताते हुए उनके आदर्शों पर चलने की बात कही। इस दौरान पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हरिशंकर सागर ने कहा कि बहुजन समाज को संगठित रहकर शिक्षित भी बनना होगा क्योंकि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा बहुजन समाज के लोग भी उच्च पदों पर आसीन हो सकते हैं। बहुजन समाज को एकजुट रहकर ऐसे लोग या ऐसे समाज से दूर रहने की बात कही गई जो बहुजन समाज को ऊपर नहीं उठने दे देना चाहते। कार्यक्रम में मौजूद पूर्व दर्जा मंत्री सुरेंद्र सिंह सागर ने भी अपने सम्बोधन में बहुजन समाज को संगठित होकर अपने हक की लड़ाई स्वयं लड़ने की बात कही । उन्होंने कहा कि यदि हम आपस में बिखरे रहे तो हमारा भला करने वाला कोई नहीं है और यदि हम संगठित रहे तो हम अपने हक के लिए बड़ी सी बड़ी लड़ाई भी लड़ सकते हैं । इस दौरान राम बहादुर सागर, सुनील कुमार, राजकुमार सागर, माधवराव सहित हजारों बहुजन समाज के लोग मौजूद रहे।



## एक नजर

# उधार के रुपये न लौटाने पर युवक ने की सर्राफ से हाथापाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी/रामपुर।** पांच हजार रुपए न लौटाने पर सर्राफा से एक युवक ने गाली गलौज कर मोबाइल और 15 ग्राम के सोने का आभूषण छीन लिये मामले की शिकायत पुलिस चौकी में की गई है पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। रोहित कुमार वर्मा पुत्र श्री बाबूराम वर्मा निवासी बिजारखाता मसवासी के सदर बाजार में सर्राफ की दुकान चलाता है उस पर गांव मजरा खुशहालपुर निवासी दानिश के 18हजार रुपए थे उसने 13 हजार युवक को लौटा दिए और शेष 5000 की रकम देने का वादा कर लिया। गुरुवार की दोपहर रोहित वर्मा अपने गांव से वापस मसवासी बाजार लौट रहा था की मुरादाबाद चौराहे पर दानिश ने रोहित कुमार को रोक लिया और अपने रुपयों की मांग करने लगा जिस पर उसने रुपए कुछ दिनों में देने का वादा किया। लेकिन दानिश उसकी बात पर संतुष्ट नहीं हुआ और वह गाली गलौज करने लगा गाली गलौज करने के बाद मामला मारपीट तक पहुंच गया। सर्राफ का आरोप है कि युवक ने उससे मोबाइल और 15 ग्राम के सोने के आभूषण छीन लिए और फरार हो गया उसने इस मामले की तहरीर पुलिस चौकी में देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस का कहना है कि मामला लेन देन का है और आभूषण छीनने की घटना झूठी है।

# मेधावियों को किया गया पुरस्कृत

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्वार/रामपुर।** नगर के जावेद मांटेसरी एजुकेशनल अकेडमी स्कूल में समाजसेवी मो.आसिफ व समाजस. ेवी मोहम्मद फईम ने मेधावियों छात्रो को पुरस्कृत किया,परीक्षाफल व शील्ड मिलते ही मेधावी छात्र/छात्राओं के चेहरों पर मुस्कान बिखर गई। विद्यालय में गुरुवार को आयोजित सम्मान एवं पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मो.आसिफ व मोहम्मद फईम ने कहा कि परिजन बच्चों की शिक्षा में खर्च करने से कतराए नही बल्कि खूब खर्च करें ताकि स्वार के विद्यार्थी भी शिक्षा प्राप्त कर देश में नाम रोशन करें। स्कूल संचालक जावेद अली व डायरेक्टर एड. परवेज अख्तर ने संयुक्त रूप से बच्चो को तालीम हासिल करने के साथ साथ तरबियत पर भी जोर दिया, उन्होंने अपने बड़ो ओर गुरुजनों का मन से आदर की नसीहत दी। इसके बाद सभी कक्षावार होनहार बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर परवेज अख्तर,ईशान मियां, फरहा खान, इकरा बी,मो. सुफियान, जावेद अली, मो. आसिफ,मोहम्मद अनस, रियाज खान, शकील अहमद, सिराज अहमद, रेहान अंसारी, आफताब आलम, इम्तियाज अली, शादाब मन्नू, फुरकान जाफर, निजाम एडवोकेट, नवीन कुमार, सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।



# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा कार्यालय से निकली तिरंगा यात्रा

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद/रामपुर।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को शाहबाद नगर में तिरंगा यात्रा निकाली।

तिरंगा यात्रा नगर के मोहल्ला नालापार में निकाली गई। तिरंगा यात्रा में कार्यकर्ताओं ने जोश से भरे नारा लगाते हुए भ्रमण किया। भारत माता के जयकारे से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया।

मौके पर ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए भारतीय सेना के वीर जवानों को नमन किया गया।

तिरंगा यात्रा में भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश बाबू गुप्ता,भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष भटनागर,सोशल मीडिया प्रभारी मनीष शर्मा, महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष रेनू श्रीवास्तव, भाजपा युवा मोर्चा जिला सोशल मीडिया प्रभारी विशाल जोशी, सुमित भटनागर, विजय आदि मौजूद रहे।



# समर कैम्प में बच्चों ने झूलों का लिया आनंद



शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं कंपोजिट विद्यालय में लगने वाले समर कैंप के क्रम में सैदनगर ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल घाटमपुर में आज समर कैंप के तीसरे दिन बच्चों ने सुबह के सत्र में फिटनेस और योग पर ध्यान केंद्रित किया। बच्चों ने विद्यालय के प्रांगण में लगे ओपन जिम पर जोर आजमाइश की और झूलों का आनंद लिया। और व्यायाम किया। उसके बाद योगा में कपालभाति और अनुलोम विलोम किया। बच्चों को संबोधित करते हुए शिक्षक चिरंजीव कुमार ने कहा कि गर्मियों की छुट्टी में समर कैंप का आयोजन सार्थक एवं रचनात्मक वातावरण के सृजन में सहायक होता है। समर कैंप एक संरचित और आकर्षक वातावरण प्रदान करता है जहां बच्चे जीवन कौशल सीख सकते हैं। समर कैंप के दौरान बच्चे विद्यालय में होने वाली नियमित पढ़ाई से भिन्न रोचक गतिविधियों का आनंद ले सकते हैं तथा विभिन्न सामाजिक कौशलों का विकास कर सकते हैं। इसके बाद बच्चों को बिस्किट के पैकेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर कंपोजिट स्कूल घाटमपुर में शिक्षामित्र अहमद अली और शिक्षामित्र खुर्शीद एवं शिक्षक चिरंजीव कुमार उपस्थित रहे।

# एसडीएम के खिलाफ अनर्गल ब्यानबाजी करने वाले सफाई कर्मी पर विभागीय कार्यवाही की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक/रामपुर।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार ने जिलाधिकारी एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को पत्र भेजकर विकास खण्ड शाहबाद के ग्राम मड़ैयान बुद्धपुर में तैनात सफाई कर्मी के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की मांग की है। जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार ने बताया कि तहसील मिलक में एक धरना प्रदर्शन के दौरान विकास खण्ड शाहबाद के ग्राम मड़ैयान बुद्धपुर में तैनात एक सफाई कर्मी के द्वारा उपजिलाधिकारी मिलक के खिलाफ अनर्गल ब्यानबाजी की गई है जो किसी भी दशा में उचित नहीं है। आपको बताते चलें कि सफाई कर्मी का नाम उसके विभाग में कुछ लिखा हुआ है तथा संगठन की जिम्मेदारी में अलग नाम लिखा गया है। जबकि मूल निवासी ग्राम किरा है और हाल निवासी ज्वाला नगर रामपुर है। इस व्यक्ति की जिस गांव में नियुक्ति है वहां पर काम करने के लिए नहीं जाता है घर पर बैठकर सरकारी वेतन प्राप्त कर रहा है लेकिन विभागीय अधिकारियों का ध्यान इस ओर नहीं है। आज पत्र भेजकर कठोरतम विभागीय कार्यवाही की मांग की गई है। अब देखना होगा कि क्या सफाई कर्मी पर कोई कार्यवाही होगी या फिर नेतागिरी हावी होगी।

# सैफनी में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा

शाह टाइम्स संवाददाता

**सैफनी/रामपुर।** नगर में गुरुवार को राष्ट्रीय एकता का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए भव्य तिरंगा यात्रा निकाली थाने से प्रारंभ हुई जिसका शुभारंभ पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने किया तथा लोगो ने भी सांसद जी का फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया यह तिरंगा बस स्टैंड अंबेडकर मूर्ति पर पहुंचकर संपन्न हुई तिरंगा यात्रा में भारी संख्या में नागरिकों, युवाओं ,स्कूली बच्चों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया लोगो के हाथों में तिरंगे और होठों पर भारत माता की जय,वन्देमातरम और हिंदुस्तान जिंदाबाद जैसे देशभक्ति नारों की गूंज ने पूरे नगर का वातावरण देशप्रेम से सराबोर कर दिया यात्रा के मार्ग में जगह जगह लोगो ने फूलों की वर्षा कर तिरंगा यात्रा का स्वागत किया जिसमें उपस्थित आशीष गुप्ता,गौरव भटनागर,योगेश शर्मा(टिंकू), अजीम अंसारी(सभासद),भीम जोशी,आकाश सक्सेना,हिमांशु गुप्ता,श्लोक शर्मा, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे वही थाना प्रभारी हम्वीर सिंह जादौन भी अपनी पुलिस फोर्स के साथ उपस्थित रहे।



# वाइक की टक्कर लगने से बाइक पेड़ से टकराने से युवक की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक/रामपुर।** दो बाइको के आपस मे टकराने के बाद एक बाइक सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई जिसके वाद बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गयी उसका पुत्र घायल हो गयाआज दोपहर मिलक विलासपुर रोड पर ग्राम खमरिया के पास स्थित सत्संग के पास दो बाइको मे टक्कर हो गयी जिसमे से एक वाइक सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई जिससे उस वाइक चालक हिमाचल गंगवार पुत्र मुन्ना लाल (35) निवासी ग्राम कल्यानपुर थाना मिलक की मौके पर ही मौत हो गयी उसके पीछे बैठा उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया टक्कर मारने के बाद दूसरा वाइक सवार फरार हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेजा और घायल को नगर के सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पर भर्ती कराया।

हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एवं विज्ञापन, नाम परिवर्तन, सम्बंध विच्छेद, खोया-पाया आदि सूचनाएं प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें।
इमरान हुसैन
जिला प्रभारी रामपुर
कार्यालय निकट कचहरी का गेट नं. 02 कपूर फोटो स्टेट वाली गली रामपुर मो. नं.
9720093014
shahtimesrmp@gmail.com

# प्रकाश इण्टर कालेज द्वारा अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर शर्बत वितरण

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक/रामपुर।** लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी जयंती के उपलक्ष्य में उनके लोक कल्याणकारी विचारों को मूर्त रुप देते हुए प्रकाश इण्टर कालेज मिलक द्वारा ज्येष्ठ की भीषण गर्मी से मुक्ति हेतु शर्बत का वितरण किया गया।

शर्बत वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन समाजसेवी डॉ.विकास शुक्ला ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर माल्यार्पण तथा लोगों को शर्बत पिलाकर किया। डा.शुक्ला ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोक माता अहिल्याबाई जी का सम्पूर्ण जीवन संघर्ष से भरा रहा। इसके बाद भी उन्होंने भारतीय संस्कृति की रक्षार्थ -विश्वनाथ मन्दिर के साथ ही अनेक मन्दिरों का जीर्णोद्धार किया और समाज सेवा हेतु कुएं, धर्मशाला, विद्यालयों की स्थापना की।

उनका जीवन हम सबके लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर ही भीषण गर्मी में विद्यालय द्वारा राहगीरों को शर्बत का वितरण करना सराहनीय व पुण्य कार्य है जिसके लिए विद्यालय के संस्थापक डॉ.चन्द्रप्रकाश शर्मा व समस्त स्टाफ बधाई का पात्र है।विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ ही प्रबन्धिका शशि कान्ता शर्मा, प्रधानाचार्य मनीराम, सुरेश कुमार, दीपक शर्मा, राजेन्द्र गंगवार, महेन्द्र पाल, श्री पाल, कु. फायमा,कु.संजोग,कु.रेशमा,अनुराग शर्मा, कुनाल,अजय, अनुराग, सचिन, महक, सोनू, सानिया,पूजा आदि ने शर्बत वितरण में सहयोग किया।



# भाकियू टिकैत के प्रदेश सचिव सहित शाहबाद में 20 लोगों ने दिया अपने पदों से इस्तीफा

■ आरोप- जिला अध्यक्ष की गलत नीतियों को देखते हुए दिए इस्तीफे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद/रामपुर।** शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के शाहाबाद स्थित कार्यालय पर भाकियू टिकैत के पदाधिकारी और सदस्य इकट्ठा हुए जहां पर भाकियू के प्रदेश सचिव दरियाव सिंह यादव के नेतृत्व में बैठक आयोजन हुआ जिसमें प्रदेश सचिव दरियाव सिंह सहित जिला सलाहकार रामदास मौर्या, तहसील प्रमुख राहत खान, नगर अध्यक्ष अखलाक हुसैन ,पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रमोद यादव, ग्राम अध्यक्ष योगराज, जिला संगठन मंत्री बुंदु फौजी, ग्राम अध्यक्ष लाला मदन, ग्राम अध्यक्ष शंकर लाल लोधी, ग्राम अध्यक्ष शिव सहाय,



न्याय पंचायत अध्यक्ष राजवीर सिंह, न्याय पंचायत अध्यक्ष सुरेश मुखिया, ग्राम अध्यक्ष शीशपाल सिंह, कोषाध्यक्ष डॉ फूल सिंह, ग्राम अध्यक्ष सोमपाल सिंह, ग्राम अध्यक्ष टिंकू शर्मा, ग्राम अध्यक्ष गेंदन लाल ,ग्राम अध्यक्ष चौधरी तेजपाल सिंह, मीडिया प्रभारी सरफराज हुसैन, ग्राम अध्यक्ष नजीर अहमद ने अपने पदों से यह आरोप लगाते हुए इस्तीफा दे दिया कि जिला अध्यक्ष कि गलत नीतियों एवं जिला अध्यक्ष रामपुर द्वारा पदाधिकारियों को दबाना चाहते हैं और जो पदाधिकारी लोग हैं उनके इशारे पर बहुत लंबे समय से पदाधिकारी को नए गैर पदाधिकारी सदस्यों से झगड़ा कराते हैं और उन्हें हटाने की बात करते हैं इसी बात को लेकर शाहबाद के समस्त पदाधिकारी व प्रदेश सचिव दरियाव सिंह के नेतृत्व में सभी पदाधिकारी अपने अपने पदों से इस्तीफा दे रहे हैं।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से पति-पत्नी सहित तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** बाइक पर गांव से मिलक आ रहे दंपति अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गए कोतवाली क्षेत्र के जसमोली गांव निवासी धर्मेंद्र पुत्र चुन्नीलाल उम्र लगभग 24 वर्ष अपनी बाइक से अपनी पत्नी आशा 22 वर्ष तथा बहन 15 वर्ष को बाइक से अपने गांव जसमोली से मिलक को आ रहे थे लोहा पट्टी गांव के निकट अज्ञात बाहन ने इनकी बाइक में टक्कर मार दी जिसमें यह तीन लोग घायल हो गए स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक पर ले गए जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद तीनों लोगों को जिला अस्पताल को रेफर कर दिया।

## उत्तराखंड नदियों से आ रहे दूषित पानी से फसली हो रही नष्ट: भाकियू लोकहित

**( फरमान अली )**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलासपुर/रामपुर।** शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन लोकहित की एक बैठक कार्यालय बिलासपुर में संपन्न हुई जिसमें किसानों से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की गई इस दौरान जिला अध्यक्ष बाबू अली ने कहा उत्तराखंड द्वारा सभी फैक्ट्रियों से गन्दा पानी नदियों में छोड़ा जा रहा है जो नदियां उत्तराखंड रुद्रपुर से होकर आ रही है वह सब नदियों में केमिकल का पानी आ रहा है जैसे क्या कुली नदी में चड्ढा पेपर मिल, गणेश प्लाई आदि फैक्ट्रियां केमिकल युक्त गन्दा पानी नदियों में छोड़ रही है जिस की नदियों का पानी दूषित हो रहा है जिसकी शिकायत पहले भी कई बार की जा चुकी है लेकिन प्रशासन इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा है लगातार दूषित पानी से किसान परेशान है ना तो वे सिंचाई कर पा रहे हैं और ना ही पशुओं को पानी पिला पा रहे हैं किसान जब भी सिंचाई करने के लिए इन नदियों का पानी अपनी खेती के लिए इस्तेमाल करता है तब उसकी फसल नष्ट हो जाती है हमारा अनुरोध है रामपुर प्रशासन जो नदियों पर उत्तराखंड द्वारा गन्दा पानी केमिकल युक्त दूषित पानी आ रहा है उसको तत्काल बंद कराया जाए और फैक्ट्री पर जुर्माना लगाया जाए ताकि भविष्य में किसान इन नदियों से अपनी भूमि के लिए सिंचाई कर सके वहीं भारतीय किसान यूनियन लोक हित में चेतावनी देते हुए कहा है कि अगली मुहिम भारतीय किसान यूनियन लोकित रामपुर इसके खिलाफ आंदोलन करेगी जिसकी जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष लाल बिहारी सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष सुखवंत सिंह, तहसील अध्यक्ष गुलवेज अली, नगर अध्यक्ष नंदकिशोर गंगवार, ग्राम अध्यक्ष सोहनलाल, प्रभजोत सिंह, तौफीक अहमद आदि लोग उपस्थित रहे।

# राणा शुगर मिल ने किसानों को विशेष प्रशिक्षण के लिए भेजा बरकातपुर मिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** शुक्रवार को मुख्यमंत्री गन्ना कृषक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत राणा शुगर्स लिमिटेड करीमगंज एवं गन्ना विकास परिषद के संयुक्त तत्वाधान में मिल के संसाधनों द्वारा मिल परिक्षेत्र के किसानों के एक समूह को गन्ने की फसल के प्रति रुझान व आधुनिक तकनीकों से परिचित कराने हेतु राणा शुगर्स लिमिटेड के मिल उपाध्यक्ष साकेत बसल एवं सहायक महाप्रबन्धक (गन्ना) अनुज कुमार आर्य के द्वारा गन्ना कृषको के समूह को हरी झंडी दिखाकर जिला बिजनौर की बरक. ातपुर चीनी मिल क्षेत्र को रवाना किया। बरकातपुर मिल में जाने का उद्देश्य है कि मिल क्षेत्र के किसान आधुनिक तकनीकों से परिचित होकर आधुनिक तरीकों से गन्ने की




खेती कर कम लागत में अधिक पैदावार प्राप्त कर सके। जिससे उन्हे देखकर अन्य किसान का भी गन्ने के प्रति रुझान आये और मिल क्षेत्र में अधिक से अधिक गन्ना क्षेत्रफल में गन्ने की बुवाई हो और अधिक उत्पादन लिया जा सके। कृषक समूह को रवाना करने के लिये मिल प्रबन्धन तन्त्र के अधिकारी सुर्यभान सिंह, संजीव सिंह, अंशुल शर्मा, विनित कुमार, कृष्णपाल सिंह, सुनील सिंह, रमाकान्त, राजेश यादव एवं शैलेन्द्र यादव आदि मौजूद रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और शौर्य को सलाम करते हुए पूरे देश में भाजपा की ओर से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर पंचायत शाहबाद में भी भाजपा कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई । इस यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए, जिन्होंने देश भक्ति के रंग के सराबोर होकर भारतीय सेना के प्रति अपना सम्मान और गर्व व्यक्त किया। शाहबाद ब्लॉक से रामलीला मैदान तक यह रैली निकाली गई,जिसमें पाकिस्तान मुर्दाबाद, भारतीय सेना जिंदाबाद, हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए गए। भाजपा नेता सुरेश बाबू गुप्ता ने कहा कि जिन लोगों ने हमारी बहनों के सिंदुर को मिटाया था, हमारी भारतीय सेना ने पाकिस्तान के घर में घुसकर उनके ठिकानों को उड़ाया है, इस मौके पर भाजपा नेता सुरेश बाबू गुप्ता,पूर्व विधायक काशीराम दिवाकर,गन्ना समिति के चेयरमैन एडवोकेट विवेक पांडेय,पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष भटनागर,पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश गंगवार,सुमित भटनागर, राजकुमार गुप्ता,केपी सिंह,सुशील फौजी,वेद प्रकाश चंद्रवंशी,मंडल अध्यक्ष दर्शन सिंह लोधी,महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रेनू श्रीवास्तव,अमित दिवाकर, एडवोकेट रामओतार सिंह यादव अनुभव शर्मा,भाजयूमो सोशल मीडिया प्रभारी विशाल जोशी,मनीष शर्मा,जोगेंद्र यादव, एडवोकेट रोहित कुमार ,अमित चंद्रवंशी,विजय,व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### सैफनी पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर शांतिभंग में किया चालान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** पुलिस अधीक्षक रामपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन कराए जाने के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक रामपुर के निकट पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी के कुशल नेतृत्व में शुक्रवार को एक अभियुक्त टीटू यादव पुत्र राम. सिंह(35)वर्ष निवासी ग्राम बिचपुरी लाल जी थाना सैफनी जनपद रामपुर को चलते फिरते लोगो के साथ आमदा फसाद करने पर गिरफ्तार कर न्यायालय उपजिला मजिस्ट्रेट शाहाबाद पेश किया गया।

### हाई स्कूल में बेहतर प्रदर्शन करने वाली छात्राओ को पुलिस ने किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** नगर के धीमरखेड़ा स्थित आर्य कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हाई स्कूल में बेहतर प्रदर्शन करने वाली छात्राओ को पुलिस ने उपहार भेंट कर सम्मानित किया इस दौरान क्षेत्र के तमाम भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। शुक्रवार को पुलिस चौकी के उपनिरीक्षक मनोज कुमार मिश्रा नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष व भाजपा नेता महेश कुमार मौर्य ने हाई स्कूल में बेहतर प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और कहा कि मेहनत करने से सफलता कदम चूमती है छात्रों को भविष्य में भी मेहनत के साथ आगे बढ़ना है आज के युग में महिलाएं हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं शिक्षा के साथ-साथ आगे बढ़ने के लिए प्रयास जरूरी है किसी भी कार्य में प्रयास असफल नहीं होता है और सफलता कदम चूमती है। इस मौके पर प्रधानाचार्य अनिल कुमार, संजय कुमार कश्यप, परविंदर कुमार मौर्य, मास्टर नदीम अहमद आदि शामिल रहे।

### डंपर ने बाइक सवार को मारी टक्कर ,दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** बाइक पर सवार होकर दवा लेने आ रहे पिता,पुत्री को डंपर ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए,दोनों को एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी लाया गया। जहां से डॉक्टरों ने पुत्री रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को थाना मिलक क्षेत्र के ग्राम अशोकपुर निवासी अली हसन अपनी 20 वर्षीय पुत्री नरगिस को दवा दिलाने के लिए बाइक से शाहबाद आ रहे थे। तभी रास्ते में गांव रेबड़ी कला के मोड पर शाहबाद की ओर से तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे पिता पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे पर लोगो भी भीड़ जमा हो गई। घटना पर रेबड़ी चौकी पुलिस ने पहुंचकर डंपर को कब्जे में ले लिया। घटना की जानकारी एंबुलेंस को दी घटना पर पहुंची यूपी 32 ईजी 4691 पायलट सत्यपाल ई एम टी शिव ओम ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुंचाया। डॉक्टर ने घायलों को प्राथमिक उपचार दिया। नरगिस की हालत को गंभीर देखते हुए उसको जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## शाहबाद पुलिस ने दो वारंटियों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** शाहबाद पुलिस द्वारा दो वारंटियों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की गई। कोतवाल पंकज पंत ने बताया कि शाहबाद पुलिस द्वारा ग्राम खंजीपुरा निवासी दो अभियुक्त 24 वर्षीय टिंकू पुत्र भूरे और 40 वर्षीय नन्हे पुत्र रायसिंह को उनके मकान से गिरफ्तार कर



न्यायालय में पेश किया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक मनोज कुमार चौधरी, हेड कांस्टेबल अंकित कुमार और महेंद्र सिंह रहे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत बकनौरी विकास खण्ड मिलक जिला रामपुर**

**पत्रांकः-मीमो./ग्रा.पं./सामग्री आपूर्ति/विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2025 दिनांकः-23/05/2025**

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बकनौरी विकास खण्ड मिलक जिला रामपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/मनरेगा/15 वां वित/राज्य वित्त/ RGSA व OSR की मद से प्राप्त धनराशि एवं अन्य शासकीय मदों से निर्माण कार्य कराये जाने हेतु प्राप्त धनराशि से निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण कार्य स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद सीलबंद निविदाएं/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मे/आपूर्तिकर्ता दिनांक 24/05/2025 से 31/05/2025 तक कार्यालय दिवस में समय 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बॉक्स में सीलबंद निविदा/कुटेशन सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 02/06/2025 को ग्राम पंचायत की कमेटी के समक्ष सम्बंधित ग्राम पंचायत के क्लस्टर मुख्यालय पर खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर ग्राम पंचायत के लिखित आदेश पर की जायेगी, जो कि ग्राम पंचायत को समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर होगी। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत (प्रधान एवं सचिव) के लिखित आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा आवश्यकता अनुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. पंजीकरण संबंधित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी.डब्ल्यू.डी. की दरों की अनुरूप पी.डब्ल्यू.डी. के रेट ऑफ शेड्यूल के अनुसार होगी। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में से नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | यूनिट मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 01. | सीमेन्ट | प्रति बैग/टन | |
| 02. | बालू रेत/मिट्टी दूरी सहित/लोकल रेत | घन मी. | |
| 03. | बजरफुट/ बजरी 20 एम.एम. | घन मी. | |
| 04. | ईंट 40 एम.एम./रोड़ी/ पत्थर रोड़ी 40 एम.एम. | घन मीटर | |
| 05. | ईंट प्रथम श्रेणी एम-150/ईंट बालदार एम-275 | प्रति नग हजार | |
| 06. | इंटरलॉक टाइल्स 80 एम.एम./ 60 एम.एम./पुस्तके | प्रति नग | |
| 07. | पंचायत घर ऑफिस इम्प्रूवमेंट ,पुस्तकालय इक्विपमेंट | प्रति नग/यूनिट | |
| 08. | एम.आर.एफ.सेन्टर व अन्य सामग्री/कम्प्लीट कार्य | प्रति घन मी./वर्ग मी. | |
| 09. | दीवार टाइल्स/फर्श टाइल्स | वर्ग मीटर | |
| 10. | सरिया/लोहे का जाल/लोहे का गेट खिड़की | प्रति कुंतल | |
| 11. | लोहे की ऐंगल/पाइप/डोर माईल्डस | प्रति कुंतल | |
| 12. | सीमेन्ट की चादर/टीन शेड की चादर | वर्ग मीटर/नग | |
| 13. | लकड़ी के दरवाजे/कामर्शियल/टिम्बर/प्लाई | प्रति नग/वर्ग मी. | |
| 14. | सौलर लाइट नया/मरम्मत उपकरण शौचालय सीट | प्रति नग | |
| 15. | स्ट्रीट लाइट नया/मरम्मत उपकरण/यूरिन सीट | प्रति नग | |
| 16. | बिजली उपकरण/इलेक्ट्रीशियन कार्य सामग्री | प्रति नग | |
| 17. | सेनेट्री सामग्री/ लोहे का फ्रेसिंग तार,ग्राश कटर | प्रति नग/वर्ग मी. | |
| 18. | फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन,सी.सी. बेंच/ डेस्क का बेंच | प्रति नग | |
| 19. | ऑफिस फर्नीचर,कम्प्यूटर प्रिन्टर,इन्वर्टर,बैटरी,सीसी टी.वी.कैमरा,अलमारी,दरी पंखा,डेस्कटॉप,सोलर पैनल, आदि उपयुक्त होने वाली सामग्री। | प्रति नग | |
| 20. | डस्टबिन/इन्सीनेटर/प्लम्बरिंग सामग्री प्लाम्बिंग कार्य | प्रति नग | |
| 21. | कूड़ा गाड़ी/ठेली एवं सफाई किट/ ई-रिक्शा | प्रति नग/यूनिट | |
| 22. | सोडियम, हाइड्रोक्लोराइड, ब्लीचिंग पाउडर व अन्य कीटनाशक व संक्रमक रोधक दवाएं | प्रति ली./किलो ग्राम/ प्रति पैकेट | |
| 23. | प्राईमर लोहा, लकड़ी /प्लाई एवं माइका | प्रति ली./वर्ग फुट/मी. | |
| 24. | डिस्टेम्पर, वॉल पुट्टी, पेंट, समोसम आदि | प्रति कि.ग्रा./कु./ली. | |
| 25. | पी.वी.सी. पाइप एवं जी.आई. पाइप समरसेबिल पम्प | प्रति नग/ रनिंग मीटर | |
| 26. | हैण्डपम्प मरम्मत/रीवोर सामग्री | प्रति नग/रनिंग मीटर | |
| 27. | ओपन जिम/खेल मैदान उपकरण/इंसीनरेटर | प्रति नग | |
| 28. | आर.सी.सी. पाइप, ह्यूम पाइप | प्रति नग/रनिंग मीटर | |
| 29. | वाटर स्टोरेज टैंक/वाटर कूलर आर.ओ.सहित | प्रति नग/लीटर | |
| 30. | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/रनिंग मी. | |
| 31. | अन्त्येष्टि स्थल/ समूह शेड | ................ | |
| 32. | ओडीएफ+ से सम्बंधित समस्त कार्य | ................ | |

**नोटः-यदि किसी भी फर्म/सप्लायर/ आपूर्तिकर्ता के लिए कोई भी नया विभागीय नियम प्रचलन में आता है तो संबंधित को उसकी भी कार्रवाई के मानकों को अनिवार्य रूप से पूर्ण करना होगा।**

**( ग्राम प्रधान ) ग्राम पंचायत बकनौरी विकास खण्ड मिलक ( रामपुर )**

**( सचिव ) ग्राम पंचायत बकनौरी विकास खण्ड मिलक ( रामपुर )**

**कार्यालय ग्राम पंचायत जादोपुर विकास खण्ड मिलक जिला रामपुर**

**पत्रांकः-मीमो./ग्रा.पं./सामग्री आपूर्ति/विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2025 दिनांकः-23/05/2025**

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जादोपुर विकास खण्ड मिलक जिला रामपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/मनरेगा/15 वां वित/राज्य वित्त/ RGSA व OSR की मद से प्राप्त धनराशि एवं अन्य शासकीय मदों से निर्माण कार्य कराये जाने हेतु प्राप्त धनराशि से निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण कार्य स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद सीलबंद निविदाएं/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मे/आपूर्तिकर्ता दिनांक 24/05/2025 से 31/05/2025 तक कार्यालय दिवस में समय 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बॉक्स में सीलबंद निविदा/कुटेशन सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 02/06/2025 को ग्राम पंचायत की कमेटी के समक्ष सम्बंधित ग्राम पंचायत के क्लस्टर मुख्यालय पर खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर ग्राम पंचायत के लिखित आदेश पर की जायेगी, जो कि ग्राम पंचायत को समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर होगी। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत (प्रधान एवं सचिव) के लिखित आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा आवश्यकता अनुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. पंजीकरण संबंधित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी.डब्ल्यू.डी. की दरों की अनुरूप पी.डब्ल्यू.डी. के रेट ऑफ शेड्यूल के अनुसार होगी। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में से नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | यूनिट मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 01. | सीमेन्ट | प्रति बैग/टन | |
| 02. | बालू रेत/मिट्टी दूरी सहित/लोकल रेत | घन मी. | |
| 03. | बजरफुट/ बजरी 20 एम.एम. | घन मी. | |
| 04. | ईंट 40 एम.एम./रोड़ी/ पत्थर रोड़ी 40 एम.एम. | घन मीटर | |
| 05. | ईंट प्रथम श्रेणी एम-150/ईंट बालदार एम-275 | प्रति नग हजार | |
| 06. | इंटरलॉक टाइल्स 80 एम.एम./ 60 एम.एम./पुस्तके | प्रति नग | |
| 07. | पंचायत घर ऑफिस इम्प्रूवमेंट ,पुस्तकालय इक्विपमेंट | प्रति नग/यूनिट | |
| 08. | एम.आर.एफ.सेन्टर व अन्य सामग्री/कम्प्लीट कार्य | प्रति घन मी./वर्ग मी. | |
| 09. | दीवार टाइल्स/फर्श टाइल्स | वर्ग मीटर | |
| 10. | सरिया/लोहे का जाल/लोहे का गेट खिड़की | प्रति कुंतल | |
| 11. | लोहे की ऐंगल/पाइप/डोर माईल्डस | प्रति कुंतल | |
| 12. | सीमेन्ट की चादर/टीन शेड की चादर | वर्ग मीटर/नग | |
| 13. | लकड़ी के दरवाजे/कामर्शियल/टिम्बर/प्लाई | प्रति नग/वर्ग मी. | |
| 14. | सौलर लाइट नया/मरम्मत उपकरण शौचालय सीट | प्रति नग | |
| 15. | स्ट्रीट लाइट नया/मरम्मत उपकरण/यूरिन सीट | प्रति नग | |
| 16. | बिजली उपकरण/इलेक्ट्रीशियन कार्य सामग्री | प्रति नग | |
| 17. | सेनेट्री सामग्री/ लोहे का फ्रेसिंग तार,ग्राश कटर | प्रति नग/वर्ग मी. | |
| 18. | फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन,सी.सी. बेंच/ डेस्क का बेंच | प्रति नग | |
| 19. | ऑफिस फर्नीचर,कम्प्यूटर प्रिन्टर,इन्वर्टर,बैटरी,सीसी टी.वी.कैमरा,अलमारी,दरी पंखा,डेस्कटॉप,सोलर पैनल, आदि उपयुक्त होने वाली सामग्री। | प्रति नग | |
| 20. | डस्टबिन/इन्सीनेटर/प्लम्बरिंग सामग्री प्लाम्बिंग कार्य | प्रति नग | |
| 21. | कूड़ा गाड़ी/ठेली एवं सफाई किट/ ई-रिक्शा | प्रति नग/यूनिट | |
| 22. | सोडियम, हाइड्रोक्लोराइड, ब्लीचिंग पाउडर व अन्य कीटनाशक व संक्रमक रोधक दवाएं | प्रति ली./किलो ग्राम/ प्रति पैकेट | |
| 23. | प्राईमर लोहा, लकड़ी /प्लाई एवं माइका | प्रति ली./वर्ग फुट/मी. | |
| 24. | डिस्टेम्पर, वॉल पुट्टी, पेंट, समोसम आदि | प्रति कि.ग्रा./कु./ली. | |
| 25. | पी.वी.सी. पाइप एवं जी.आई. पाइप समरसेबिल पम्प | प्रति नग/ रनिंग मीटर | |
| 26. | हैण्डपम्प मरम्मत/रीवोर सामग्री | प्रति नग/रनिंग मीटर | |
| 27. | ओपन जिम/खेल मैदान उपकरण/इंसीनरेटर | प्रति नग | |
| 28. | आर.सी.सी. पाइप, ह्यूम पाइप | प्रति नग/रनिंग मीटर | |
| 29. | वाटर स्टोरेज टैंक/वाटर कूलर आर.ओ.सहित | प्रति नग/लीटर | |
| 30. | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/रनिंग मी. | |
| 31. | अन्त्येष्टि स्थल/ समूह शेड | ................ | |
| 32. | ओडीएफ+ से सम्बंधित समस्त कार्य | ................ | |

**नोटः-यदि किसी भी फर्म/सप्लायर/ आपूर्तिकर्ता के लिए कोई भी नया विभागीय नियम प्रचलन में आता है तो संबंधित को उसकी भी कार्रवाई के मानकों को अनिवार्य रूप से पूर्ण करना होगा।**

**( ग्राम प्रधान ) ग्राम पंचायत जादोपुर विकास खण्ड मिलक ( रामपुर )**

**( सचिव ) ग्राम पंचायत जादोपुर विकास खण्ड मिलक ( रामपुर )**

**कार्यालय ग्राम पंचायत हरजीपुर विकास खण्ड मिलक जिला रामपुर**

**पत्रांकः-मीमो./ग्रा.पं./सामग्री आपूर्ति/विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2025 दिनांकः-23/05/2025**

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हरजीपुर विकास खण्ड मिलक जिला रामपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/मनरेगा/15 वां वित/राज्य वित्त/ RGSA व OSR की मद से प्राप्त धनराशि एवं अन्य शासकीय मदों से निर्माण कार्य कराये जाने हेतु प्राप्त धनराशि से निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण कार्य स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद सीलबंद निविदाएं/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मे/आपूर्तिकर्ता दिनांक 24/05/2025 से 31/05/2025 तक कार्यालय दिवस में समय 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बॉक्स में सीलबंद निविदा/कुटेशन सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 02/06/2025 को ग्राम पंचायत की कमेटी के समक्ष सम्बंधित ग्राम पंचायत के क्लस्टर मुख्यालय पर खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर ग्राम पंचायत के लिखित आदेश पर की जायेगी, जो कि ग्राम पंचायत को समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर होगी। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत (प्रधान एवं सचिव) के लिखित आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा आवश्यकता अनुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. पंजीकरण संबंधित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी.डब्ल्यू.डी. की दरों की अनुरूप पी.डब्ल्यू.डी. के रेट ऑफ शेड्यूल के अनुसार होगी। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में से नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | यूनिट मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 01. | सीमेन्ट | प्रति बैग/टन | |
| 02. | बालू रेत/मिट्टी दूरी सहित/लोकल रेत | घन मी. | |
| 03. | बजरफुट/ बजरी 20 एम.एम. | घन मी. | |
| 04. | ईंट 40 एम.एम./रोड़ी/ पत्थर रोड़ी 40 एम.एम. | घन मीटर | |
| 05. | ईंट प्रथम श्रेणी एम-150/ईंट बालदार एम-275 | प्रति नग हजार | |
| 06. | इंटरलॉक टाइल्स 80 एम.एम./ 60 एम.एम./पुस्तके | प्रति नग | |
| 07. | पंचायत घर ऑफिस इम्प्रूवमेंट ,पुस्तकालय इक्विपमेंट | प्रति नग/यूनिट | |
| 08. | एम.आर.एफ.सेन्टर व अन्य सामग्री/कम्प्लीट कार्य | प्रति घन मी./वर्ग मी. | |
| 09. | दीवार टाइल्स/फर्श टाइल्स | वर्ग मीटर | |
| 10. | सरिया/लोहे का जाल/लोहे का गेट खिड़की | प्रति कुंतल | |
| 11. | लोहे की ऐंगल/पाइप/डोर माईल्डस | प्रति कुंतल | |
| 12. | सीमेन्ट की चादर/टीन शेड की चादर | वर्ग मीटर/नग | |
| 13. | लकड़ी के दरवाजे/कामर्शियल/टिम्बर/प्लाई | प्रति नग/वर्ग मी. | |
| 14. | सौलर लाइट नया/मरम्मत उपकरण शौचालय सीट | प्रति नग | |
| 15. | स्ट्रीट लाइट नया/मरम्मत उपकरण/यूरिन सीट | प्रति नग | |
| 16. | बिजली उपकरण/इलेक्ट्रीशियन कार्य सामग्री | प्रति नग | |
| 17. | सेनेट्री सामग्री/ लोहे का फ्रेसिंग तार,ग्राश कटर | प्रति नग/वर्ग मी. | |
| 18. | फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन,सी.सी. बेंच/ डेस्क का बेंच | प्रति नग | |
| 19. | ऑफिस फर्नीचर,कम्प्यूटर प्रिन्टर,इन्वर्टर,बैटरी,सीसी टी.वी.कैमरा,अलमारी,दरी पंखा,डेस्कटॉप,सोलर पैनल, आदि उपयुक्त होने वाली सामग्री। | प्रति नग | |
| 20. | डस्टबिन/इन्सीनेटर/प्लम्बरिंग सामग्री प्लाम्बिंग कार्य | प्रति नग | |
| 21. | कूड़ा गाड़ी/ठेली एवं सफाई किट/ ई-रिक्शा | प्रति नग/यूनिट | |
| 22. | सोडियम, हाइड्रोक्लोराइड, ब्लीचिंग पाउडर व अन्य कीटनाशक व संक्रमक रोधक दवाएं | प्रति ली./किलो ग्राम/ प्रति पैकेट | |
| 23. | प्राईमर लोहा, लकड़ी /प्लाई एवं माइका | प्रति ली./वर्ग फुट/मी. | |
| 24. | डिस्टेम्पर, वॉल पुट्टी, पेंट, समोसम आदि | प्रति कि.ग्रा./कु./ली. | |
| 25. | पी.वी.सी. पाइप एवं जी.आई. पाइप समरसेबिल पम्प | प्रति नग/ रनिंग मीटर | |
| 26. | हैण्डपम्प मरम्मत/रीवोर सामग्री | प्रति नग/रनिंग मीटर | |
| 27. | ओपन जिम/खेल मैदान उपकरण/इंसीनरेटर | प्रति नग | |
| 28. | आर.सी.सी. पाइप, ह्यूम पाइप | प्रति नग/रनिंग मीटर | |
| 29. | वाटर स्टोरेज टैंक/वाटर कूलर आर.ओ.सहित | प्रति नग/लीटर | |
| 30. | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/रनिंग मी. | |
| 31. | अन्त्येष्टि स्थल/ समूह शेड | ................ | |
| 32. | ओडीएफ+ से सम्बंधित समस्त कार्य | ................ | |

**नोटः-यदि किसी भी फर्म/सप्लायर/ आपूर्तिकर्ता के लिए कोई भी नया विभागीय नियम प्रचलन में आता है तो संबंधित को उसकी भी कार्रवाई के मानकों को अनिवार्य रूप से पूर्ण करना होगा।**

**( ग्राम प्रधान ) ग्राम पंचायत हरजीपुर विकास खण्ड मिलक ( रामपुर )**

**( सचिव ) ग्राम पंचायत हरजीपुर विकास खण्ड मिलक ( रामपुर )**

# पंजाब का लक्ष्य शीर्ष दो में जगह बनाना



● श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स टीम का सामना आज दिल्ली कैपिटल्स के साथ होगा

**जयपुर, वार्ता।** पंजाब किंग्स का लक्ष्य 11 साल बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के प्लेऑफ में जगह पक्की करने के बाद शीर्ष दो में जगह बनाना है। वर्तमान में, टीम तीसरे स्थान पर है और उसका लक्ष्य शीर्ष दो में जगह बनाकर क्वालिफायर 1 में खेलने और फाइनल में पहुंचने का मौका बनाना है।

श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली पंजाब किंग्स टीम का सामना शनिवार को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में 66वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स से होगा, जो पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है और अपने निराशाजनक सीजन का शानदार तरीके से अंत करना चाहेगी। पंजाब इस सीजन में सबसे लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम रही है, जिसने 12 मैचों में 17 अंक प्राप्त किये हैं और दो मैच शेष रहते प्लेऑफ में जगह पक्की कर ली है। अय्यर ने आईपीएल 2025 में 175 के स्ट्राइक रेट से 435 रन बनाए हैं, इसके अलावा पंजाब की बल्लेबाजी को प्रभसिमरन सिंह (458 रन) और प्रियांश आर्य (356 रन) के लगातार प्रदर्शन से मजबूती मिली है। विदेशी खिलाड़ियों मार्कस स्टोइनिस और जोश इंगलिस की वापसी से टीम बल्लेबाज और गें. दबाजी में ज्यादा मजबूती मिली है। गेंदबाजी के प्रारूप में तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने अब तक 16 विकेट चटकाकर बेहतरीन प्रदर्शन किया है। स्पिनर युजवेंद्र चहल और ऑलराउंडर हरप्रीत बरार, जिन्होंने अपने पिछले मैच में 22 रन देकर तीन विकेट चटकाए थे, संतु. लित गेंदबाजी का प्रदर्शन किया है, जो खेल को नियंत्रित करने में काफी सक्षम रहे हैं। दूसरी ओर, दिल्ली कैपिटल्स ने इस सीजन में मजबूत शुरुआत के बाद संघर्ष किया है, अपने पिछले नौ मैचों में से केवल दो में जीत हासिल की है और प्लेऑफ की उम्मीदें खो दी हैं। उनकी बल्लेबाजी केएल राहुल पर काफी निर्भर है, जिन्होंने 504 रन बनाए हैं, जबकि अभिषेक पोरेल और अक्षर पटेल ने कभी-कभार टीम के लिए मददगार साबित हुए हैं। प्रमुख गेंदबाज मिशेल स्टार्क की अनुपस्थिति ने उनके गेंदबाजी आक्रमण को कमजोर कर दिया है, हालांकि मुस्तफिजुर रहमान और कुलदीप यादव ने टीम को काफी संभालने की कोशिश की है। सवाई मानसिंह स्टेडियम की पिच से शुरुआत में अच्छा उछाल और गति की सहायता मिलने की उम्मीद है, जो तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल है।




# खेलो इंडिया बीच गेम्स में हरियाणा का बोलबाला

■ कबड्डी फाइनल मुकाबलों में पुरुष और महिला दोनों वर्गों में जीते स्वर्ण पदक

**दीव, वार्ता।** खेलो इंडिया बीच गेम्स 2025 शुक्रवार को खेले गए कबढी फाइनल मुकाबलों हरियाण की महिला और पुरुष वर्ग की टीमों ने स्वर्ण पदक जीते। सुबह घोघला बीच पर खेले पुरुष वर्ग के फाइनल में हरियाणा के कप्तान मोनू हुढा की अगुवाई में टीम ने राजस्थान पर पूरी तरह से दबदबा बनाते हुए 48-29 से एकतरफा जीत दर्ज की। इस हार के साथ राजस्थान को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। महाराष्ट्र को दोनों वर्गों में कांस्य पदक मिला। दो सीजन तक प्रो कबढी में हरियाणा स्टीलर्स की ओर से खेल चुके 23 वर्षीय मोनू हुढावर्तमान में साईसोनीपत में प्रशिक्षण ले रहे हैं। मोनू ने मैच के बाद साई मीडिया से कहाकि यहां और मैट पर खेलने में तकनीकी अंतर है। यहां हर रेड 'डू ऑर डाई' होती है और हमें रस्सी पार नहीं करनी होती। हमें अंदर ही रहना होता है। उन्होंने कहाकि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हमें यहां खेलने का मौका मिला और हम स्वर्ण पदक जीत पाए। खेलो इंडिया बीच गेम्स में प्रबंधन और सुविधाएं बहुत अच्छी हैं। रेत पर खेलने से पकड़ की ताकत और संतुलन बढ़ता है, जबकि मैट पर स्पीड अधिक होती है। इस वजह से हमें यहां स्थिरता पर अधिक ध्यान देना पड़ता है। वहीं महिला वर्ग के फाइनल में हरियाणा की टीम को हिमाचल प्रदेश की मजबूत चुनौती का सामना करना पड़ा। हरियाणा की युवा महिला टीम ने कड़े मुक. ाबले में हिमाचल प्रदेश पर 45-38 से जीत दर्ज की।

# गिल कप्तान बनने की दौड़ में सबसे आगे

● जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल और ऋषभ पंत भी टीम की कप्तानी की रेस में बराबर बने हुए है



**मुंबई, वार्ता।** दाएं हाथ के बल्लेबाज शुभमन गिल को टेस्ट में भारतीय टीम का कप्तान बनाया जा सकता है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने 7 मई और विराट कोहली ने 12 मई को टेस्ट से संन्यास ले लिया था। उनके रिटायरमेंट से टीम में लीडरशिप को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। गिल कप्तान बनने की दौड़ में सबसे आगे हैं। उनके अलावा, जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल और ऋषभ पंत भी कप्तानी की दौड़ में बने हुए हैं। पंत अगर कप्तान नहीं बनते हैं तो उन्हें उप कप्तान बनाया जा सकता है। सिलेक्शन कमेटी शनिवार, 24 मई को इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम का ऐलान कर सकती है। यह दौरा 20 जून से शुरू होगा। भारत को वहां 5 टेस्ट की सीरीज खेली जाएगी। शुभमन कप्तानी की दौड़ में सबसे आगे शुभमन कप्तानी की दौड़ में बुमराह से आगे चल रहे हैं। वे वनडे और टी-20 में टीम की कप्तानी कर चुके हैं। युवा बैटर्स में यशस्वी, पंत और शुभमन ही फिलहाल परमानेंट नजर आते हैं। शुभमन 25 साल के हैं और लगभग इसी उम्र में विराट ने भी कप्तानी संभाली थी, अगर शुभमन अभी कप्तान नहीं भी बने तो टीम उन्हें उप कप्तान बनाकर आगे के लिए तैयार कर सकती है। पिछले 5 सालों में दुनियाभर की पिचें बैटिंग के लिए मुश्किल रहीं। इसके बावजूद शुभमन ने बेहतरीन बैटिंग करते हुए 5 शतक लगाए हैं। फिटनेस परेशानी जसप्रीत बुमराह ने आस्ट्रेलिया दौरे पर 2 टेस्ट में कप्तानी की। पर्थ में टीम को जीत मिली, लेकिन सिडनी टेस्ट आस्ट्रेलिया ने जीत लिया। मुकाबले की पहली पारी में ही बुमराह इंजर्ड हो गए, उन्हें बैक स्पास्म की शिकायत हुई। जिसके बाद वह मैच में दोबारा बालिंग नहीं कर सके, इस कारण भारत दूसरी पारी में दबाव भी नहीं बना सका। बुमराह अक्सर फिटनेस से जूझते नजर आए हैं, 2022 में आखिरी बार इंजर्ड होने के बाद वह करीब 15 महीने तक क्रिकेट से दूर रहे थे।

# किदांबी श्रीकांत मलेशिया मास्टर्स के सेमीफाइनल में

■ भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी ने फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव को हराया

**बुकित जलील, वार्ता।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने फ्रांस के टोमा जूनियर पोपाव को हराकर मलेशियाई मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली हैं।

यहां पुरुष एकल के रोमांचक क्वार्टर फाइनल में किदांबी श्रीकांत ने फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव को हराने के लिए कड़ी मेहनत की। श्रीकांत ने एक घंटे 14 मिनट तक चले मैच में विश्व नंबर 18 पोपोव पर 24-22, 17-21, 22-20 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही अब श्रीकांत इस साल का पहला सेमीफाइनल खेलेंगे।

राउंड ऑफ 16 में आयरलैंड के विश्व नंबर 33 न्हाट गुयेन को हराने वाले किदांबी श्रीकांत शनिवार को सेमीफाइनल में जापान के विश्व नंबर 22 युशी तनाका से भिड़ेंगे। इस बीच तनिषा क्रैस्टो और ध्रुव कपिला की भारत की मिश्रित युगल जोड़ी का सफर खत्म हो गया। भारतीय बैडमिंटन जोड़ी क्वार्टर फाइनल में चीन के जियांग जेनबैंग और वेई याक्सिन के खिलाफ 22-24, 13-21 से हार गए।

खेल विशेष

## एंजेलो मैथ्यूज जून में टेस्ट क्रिकेट से लेंगे संन्यास

**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका के पूर्व कप्तान और ऑलराउंडर एंजेलो मैथ्यूज जून में बंगलादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के बाद टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। एंजेलो मैथ्यूज ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया मंच पर अपने संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि वह सीमित ओव. रों की क्रिकेट के लिए जब भी देश को जरुरत होगी वह उपलब्ध रहेंगे। मैथ्यूज को एक साल से अधिक समय से किसी भी सीमित ओवर मैच के लिए श्रीलंका टीम में शामिल नहीं किया गया है। गॉल में होने वाला यह आगामी टेस्ट उनके टेस्ट करियर का 119वां और अंतिम मुक. ाबला होगा। उन्होंने एक्स पर लिखाकि मेरे प्रिय मित्रो और परिवार, दिल से धन्यवाद और अनगिनत यादों के साथ, अब टेस्ट क्रिकेट से विदाई लेने का समय आ गया है। श्रीलंका के लिए खेलना मेरे लिए बड़े सम्मान की बात है। जब भी मैंने राष्ट्रीय जर्सी पहनी, उस देशभक्ति की भावना का कोई मुकाबला नहीं है।

# भारतीय टेक्नीशियंस नहीं लौटे पाक, बिना डीआरएस हो रहे मैच

■ पीसीएल में तकनीकी पर छाए संकट के बादल, 25 मई को होना है फाइनल मैच

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान सुपर लीग के बाकी मैच डिसीजन रिव्यू सिस्टम (डीआरएस) के बिना खेले जाएंगे। यह तकनीक मुहैया कराने वाली टेक्नीशियन टीम लीग के फिर से शुरू होने के बाद पाकिस्तान वापस नहीं आई। रिपोर्ट के मुताबिक, टेक्निकल टीम में ज्यादातर भारतीय हैं।

पीसीबी ने 9 मई को पाकिस्तान-भारत के बीच टकराव के कारण पीसीएल स्थगित कर दिया था। सीजफायर के बाद 17 मई से इसे फिर शुरू किया गया है। पांच मैच बिना डीआरएस के ही खेले गए क्रिकेट की वेबसाइट क्रिकइंफो के मुताबिक, फिर शुरू हुए पीसीएल में अब तक 5 मैच हुए हैं। ये बिना डीआरएस के ही खेले गए हैं। हालांकि, इस बीच विवाद का मामला सामने नहीं आया है। वहीं, पीसीबी ने अभी तक इस पर सार्वजनिक रूप से कुछ नहीं कहा है। लीग के अब 2 मैच ही बाकी हैं। फाइनल 25 मई को है, जबकि क्वालिफायर 23 मई यानी आज खेला जाना है। 2017 से पीसीएल में उपलब्ध था डीआरएस पीसीएल में डीआरएस का इस्तेमाल 2017 से शुरू हुआ था। इसका इस्तेमाल भी अब भी हो रहा था। भारत-पाक के बीच बढ़ते तनाव की वजह से पीसीएल को स्थगित किए जाने से पहले तक डीआरएस का इस्तेमाल किया जा रहा है। पहले पीसीबी बचे हुए मैच यूएई में करवाना चाहता था पीसीबी अपनी लीग के बचे मैच दुबई में कराना चाहता था, लेकिन ईसीबी ने मैच होस्ट करने से इन्कार कर दिया। 8 मई की सुबह पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पीसीएल के बाकी मैचों को यूएई में कराने का ऐलान किया था। इसके बाद अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने कहा था तनाव के बीच पीसीएल के मैच यूएई में कराना मुश्किल है। जिसके बाद पंजाब ने इसे स्थगित कर दिया है। वहीं 7 मई को भारत के ड्रोन हमले में रावलपिंडी का स्टेडियम बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसके बाद पीसीएल मैच री-शेडयूल कर दिया गया था। क्वेटा ग्लैडिएटर्स फाइनल में पहुंच चुकी है पीसीएल का फाइनल 25 मई को लाहौर में खेला जाएगा। क्वेटा ग्लैडिएटर्स फाइनल में पहुंच चुकी है। दूसरा फाइनलिस्ट के फैसला आज लाहौर कैलंदर्स और इस्लामाबाद यूनाइटेड के बीच खेले जाने वाले दूसरे क्वालिफायर्स मैच से हेगा। यह मैच भी लाहौर में खेला जाना है। डीआरएस डीआरएस यानी डिसीजन रिव्यू सिस्टम एक ऐसी प्रणाली है, जिसमें कोई खिलाड़ी अंपायर के फैसले को चुनौती देता है। इसके बाद वीडियो रीप्ले और बॉल ट्रैकर, हॉकआई, हॉट स्पॉट, पिच मैपिंग जैसी तकनीक मदद से फैसले का रिव्यू किया जाता है।

## गैफनी व इलिंगवर्थ करेंगे डब्ल्यूटीसी फाइनल में अंपायरिग

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने 11 से 15 जून तक लॉड्स में खेली जाने वाली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए न्यूजीलैंड के क्रिस गैफनी और इंग्लैंड के रिचर्ड इलिंगवर्थ को शुक्रवार को मैदानी अंपायर नियुक्त किया है। क्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल का मुकाबला खेला जायेगा। इलिंगवर्थ को वर्तमान आईसीसी अंपायर ऑफ द ईयर से सम्मानित किया है।

वह 2021 और 2023 के फाइनल में अंपायरिंग टीम का भी हिस्सा थे। वहीं गैफनी ने पिछले साल पुरुष टी-20 विश्व कप फाइनल में अंपायरिंग में इलिंगवर्थ के साथ भागीदारी की थी और भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच डब्ल्यूटीसी 2023 फाइनल में भी अंपायरिंग की थी। इंग्लैंड के रिचर्ड केटलबोरो को टीवी अम्पायर बनाया है। भारत के नितिन मेनन को मैच का चौथा अम्पायर नियुक्त किया गया है।

# इंग्लैंड ने 565 रन पर पारी घोषित की



■ जैक क्रॉली, बेन डकेट और ऑली पोप ने शानदार शतक लगाए

**नॉटिंघम, वार्ता।** जैक क्रॉली (124), बेन डकेट (140) और ऑली पोप (171) रनों की शानदार शतकीय और हैरी ब्रूक (58) की अर्द्धशतकीय पारियों के दम पर इंगलैंड ने एकमात्र टेस्ट मैच के दूसरे दिन जिम्बाब्वे के खिलाफ छह विकेट पर 565 रन बनाने के बाद पारी घोषित कर दी।

ट्रेंट ब्रिज स्टेडियम में शुक्रवार को कल के तीन विकेट पर 498 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। अभी टीम के स्कोर में चार रन का इजाफा हुआ था कि टनका चिवंगा ने ऑली पोप को आउटकर जिम्बाब्वे को दिन की पहली सफलता दिलाई। ऑली पोप ने 166 गेंदों में 24 चौके और दो छक्के लगाते हुए (171) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान बेन स्टोक्स (नौ) और उसके बाद हैरी ब्रूक (58)रन बनाकर आउट हुये। इन दोनों ही बल्लेबाजों को मुजारबा. नी ने आउट किया। हैरी ब्रूक के आउट होने के बाद इंग्लैंड ने छह विकेट पर 565 के स्कोर पर अपनी पारी घोषित कर दी। जेमी स्मिथ चार रन बनाकर नाबाद रहे। पहले दिन जिम्बब्वे ने टॉस जीतकर इंग्लैंड को बल्लेबाजी का न्यौता दिया था। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड के लिए जैक क्रॉली और ब्रेन डकेट की सलामी जोड़ी बेहतरीन शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 231 रनों की साझेदारी की और दोनों ही बल्लेबाजों ने अपने-अपने शतक बनाये। वेस्ली मधेवेरे ने 42वें ओवर में बेन डकेट को आउटकर जिम्बाब्वे को पहली सफलता दिलाई।

बेन डकेट ने 134 गेंदों में 20 चौके और दो छक्के लगाते हुए 140 रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये ऑली पोप ने जैक क्रॉली के साथ 137 रनों की साझेदारी। सिकंदर रजा ने जैक क्रॉली को पगबाधा आउटकर जिम्बाब्वे के लिए दूसरा विकेट झटका। जैक क्रॉली ने 171 गेंदों में 14 चौकों की मदद से (124) रन बनाये। इंग्लैंड का तीसरा विकेट दिन के आखिरी सत्र में जो रूट (34) के रूप में गिरा।

# चोट से उबर चुके जोश हेजलवुड प्लेऑफ में कर सकते है वापसी



**बेंगलुरु, वार्ता।** चोट से उबर चुके ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी जॉश हेजलवुड इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के प्लेऑफ के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) में वापसी कर सकते हैं। हेजलवुड कंधे की चोट के रिहैब से गुजरने के बाद वह पूरी तरह फिट हो चुके हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार वह प्लेऑफ के लिए आरसीबी के लिए वापसी कर सकते है।

हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है। वह आईपीएल के स्थगन से पहले आरसीबी के लिए पिछला मैच नहीं खेल पाए थे। वह ऑस्ट्रेलिया लौट गए थे और ब्रिस्बेन में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की तैयारियों के तहत अभ्यास कर रहे थे। उन्होंने इस सीजन में अब तक 10 मैचों में 17-27 की औसत से 18 विकेट झटके हैं। आरसीबी प्लेऑफ में जगह पक्की कर चुकी है और लीग चरण में उनके दो मुक. ाबले खेले जाने हैं। आरसीबी शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ और 27 मई को एलएसजी के साथ मैच खेलेगी।

आईपीएल 2025 हेजलवुड के लिए चोट से जूझने वाले घरेलू सीजन के बाद वापसी का मंच बना। उन्होंने भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट में पिंडली की चोट के बाद कोई और मैच नहीं खेला था और इसके पहले एडिलेड टेस्ट में साइड स्ट्रेन की वजह से बाहर थे।

# रोहित-कोहली के बिना मुश्किल, पर युवाओं को मौका मिलेगा: गंभीर



● भारतीय कोच ने कहा: रिटायमेंट उनका निजी मामला, किसी को फैसला लेने का अधिकार नहीं

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने माना है कि रोहित-विराट की गैर मौजूदगी टीम के लिए बड़ी चुनौती होगी। लेकिन यह युवाओं के पास खुद को साबित करने का शानदार मौका होगा। दोनों के जाने के बाद भारत को नए टेस्ट कप्तान की जरूरत भी होगी।

इन दोनों की जगह लेना आसान नहीं होगा। रोहित-को. हली के संन्यास पर गंभीर ने सीएनएन न्यूज 18 से कहा, श्मेरा मानना है कि आप कब खेलना शुरू करते हैं और कब खत्म करना चाहते हैं, यह व्यक्तिगत फैसला है। किसी और को हक नहीं है। कोच हो, चयनकर्ता या देश में कोई और, क्या किसी को किसी को भी यह बताने का अधिकार है कि उसे कब संन्यास लेना है और कब नहीं। यह खुद का फैसला होता है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने 7 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया था। उनके 5 दिन बाद 12 मई को विराट कोहली ने भी क्रिकेट के सबसे लंबे फार्मेट को अलविदा कह दिया था। उसके बाद कयास लगाए जाने लगे कि रोहित-कोहली ने कोच गंभीर और चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर के कारण रिटायरमेंट लिया है। गंभीर ने कहा हम अपने दो सबसे अनुभवी खिलाड़ियों के बिना जाएंगे। कई बार मुझे लगता है कि यह दूसरे खिलाड़ियों के पास अपनी उपयोगिता साबित करने का मौका भी है। गंभीर ने इसकी तुलना चैम्पियंस ट्राफी में भारत की जीत से की, जो जसप्रीत बुमराह की गैर मौजूदगी में मिली थी। उन्होंने कहा कि यह कठिन होगा, लेकिन ऐसे खिलाड़ी होंगे। जो जिम्मेदारी लेने को तैयार होंगे। यह सवाल मुझे चैम्पियंस ट्राफी से पहले भी पूछा गया था। जब जसप्रीत बुमराह नहीं था, तब भी मैने यही बात कही थी। किसी के नहीं होने से दूसरे खिलाड़ी को कुछ खास करने का मौका मिलता है। उम्मीद है कि ऐसे खिलाड़ी होंगे जो इस मौके का इंतजार कर रहे होंगे। गंभीर क्या रोहित-कोहली वनडे वर्ल्ड कप टीम में होंगे? इस सवाल पर गंभीर ने कहा- श्अभी उसमें काफी समय है। उससे पहले टी-20 वर्ल्ड कप होना है। यह बड़ा टूर्नामेंट है, जो फरवरी मार्च में भारत में होगा। अभी पूरा फोकस उसी पर है। 24 मई को हो सकता है टीम इंडिया का ऐलान भारत को 20 जून से इंग्लैंड दौरे पर जाना है, जहां 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जाएगी।

## वेस्टइंडीज ने आयरलैंड को दिया 353 रनों का लक्ष्य

**डबलिन, वार्ता।** केसी कार्टी (102) रनों की शतकीय, मैथ्यू फोर्ड (58), शे होप (49) और जस्टिन ग्रीव्स (नाबाद 44) रनों की पारियों के दम पर वेस्टइंडीज ने शुक्रवार को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में आयरलैंड को जीत के लिए 353 रनों का लक्ष्य दिया। यहां कैसल ऐवन्यू स्टेडियम में आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने अपना पहला विकेट 20 और उसके बाद दूसरा विकेट 46 के स्कोर पर गवां दिया। ब्रैंडन किंग (आठ) और एविन लुइस (20) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद केसी कार्टी और कप्तान शे होप की जोड़ी ने पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 81 रनों की साझेदारी हुई। 23वें ओवर में लियाम मैकार्थी ने शे होप को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। शे होप ने 57 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए (49) रनों की पारी खेली। आमिर जंगू (13) को जॉर्ज डॉकरेल ने आउट किया। वेस्टइंडीज का पांचवां विकेट 37वें ओवर में केसी कार्टी के रूप में गिरा। केसी कार्टी ने 109 गेंदों में 13 चौके और एक छक्का लगाते हुए (102) रनों की शतकीय पारी खेली। 44वें ओवर की पहली गेंद पर रॉस्टन चेज (24) रन बनाकर आउट हुए।

# सम्पादकीय

शनिवार, 24 मई 2025

## विदेश नीति पर सवाल

एक तरफ आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त पाक को बेनकाब करने के लिए हमारे सात डेलिगेशन विदेशी दौरों पर हैं, जिसमें 50 से अधिक सांसद व राजनयिक हैं। तो दूसरी तरफ देश में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। निश्चित रूप से यह बेहद विचित्र स्थिति है। असल सवाल यह है कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है सरकार या विपक्ष। विपक्ष का मानना है कि सरकार की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल पूछना कोई अपराध नहीं है। अगर सवाल सरकार से नहीं पूछा जाएगा तो फिर किससे पूछा जाएगा। तो वहीं सरकार का मानना है कि यह समय इस तरह के सवालों का नहीं है जिस तरह के सवाल विपक्ष कर रहा है। बेशक हर बात का जवाब नहीं दिया जा सकता, लेकिन यह तो सरकार को भी मानना पड़ेगा कि हर चीज गोपनीयता के खोल में लपेटी नहीं जा सकती। कुछ का बताया जाना बेहद जरूरी होता है। विशेषकर उन चीजों का, जिनको देश नंगी आंखों से देख रहा हो। इस समय नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सरकार की विदेश नीति पर सवाल खड़े कर रहे हैं। शुक्रवार को उन्होंने मोदी सरकार की विदेश नीति पर खुलकर आरोप लगाते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर की कार्यशैली पर कई सवाल खड़े किए। अपनी एक पोस्ट के माध्यम से उन्होंने सरकार से जानना चाहा कि कुछ देश पाक को भारत की बराबरी पर क्यों रख रहे हैं। उनकी पोस्ट कहती है कि एक भी देश पाकिस्तान की निंदा करने में हमारा साथ क्यों नहीं दे रहा है। उन्होंने अपनी पोस्ट में यह भी सवाल उठाया कि डोनाल्ड ट्रम्प को भारत-पाक के बीच मध्यस्थता करने के लिए किसने कहा। बात यहीं खत्म नहीं होती ट्रम्प ने दोनों देशों के बीच कश्मीर मुद्दे पर भी मध्यस्थता करने की अपनी इच्छा जताई। इस तरह अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने बयानों में भारत-पाक को समान स्तर पर रखा है। इसमें कोई दो राय नहीं है, पहलगाम में 22 अप्रैल को पाक आतंकियों द्वारा 26 निर्दोष लोगों की हत्या करने के बाद कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया। उससे उपजे तनाव में भारत के साथ कोई भी देश खुलकर आता दिखाई नहीं दिया, जबकि पाक के साथ तुर्कीए, अजरबेजान व चीन जैसे देश खुलकर भारत के विरुद्ध युद्ध के मैदान में खड़े दिखाई दे रहे थे, जबकि युद्ध अभी पूरी तरह शुरू भी नहीं हुआ था। निश्चित रूप से यह भारत की विदेश नीति की कमजोरी ही कहा जाएगा चाहे सरकार स्वीकार करे या न करे, उससे बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। रही-सही कसर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प पूरी करते दिखाई दे रहे हैं। दस मई को जो सीज फायर हुआ था, उसका श्रेय वह स्वयं लेते दिखाई दे रहे हैं। जबकि भारत का कहना है कि सीजफायर पाक व भारत के साथ सीधी बातचीत के चलते ही संभव हुआ। अब सवाल यह है कि फिर ट्रम्प ऐसा क्यों कह रहे हैं। उनकी बातों का खंडन सार्वजनिक रूप से क्यों नहीं किया जा रहा है। यही बात राहुल गांधी भी उठा रहे हैं। सवाल यहां किसी की राजनीतिक नाकामी का नहीं है, यह कोई हार-जीत का मामला नहीं है, बल्कि अपनी कमियों को दूर करने का मामला है।

### सरकार विदेश नीति को कमजोर कर रही



केंद्र की मोदी सरकार विदेश नीति को कमजोर कर रही है और विदेशमंत्री जयशंकर की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं, श्री जयशंकर को यह जवाब देना चाहिए कि कुछ देश पाकिस्तान को भारत के बराबरी पर क्यों रख रहे हैं और एक भी देश पाकिस्तान की निंदा करने में हमारा साथ क्यों नहीं दे पा रहा है, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को भारत, पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता करने के लिए किसने कहा था, भारत की विदेश नीति लड़खड़ा गई है, ट्रम्प लगातार कह रहे हैं कि उन्होंने भारत, पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और वह दोनों देशों के बीच कश्मीर मुद्दे पर भी मध्यस्थता करने को तैयार हैं।

-राहुल गांधी
लोकसभा में विपक्ष के नेता

## किशोरों में हिंसक प्रवृत्ति गंभीर चुनौती




ललित गर्ग

भारतीय बच्चों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति एवं क्रूर मानसिकता चिन्ताजनक है, नए भारत एवं विकसित भारत के भाल पर यह बदनुमा दाग है। पिछले कुछ समय से स्कूली बच्चों में बढ़ती हिंसा की प्रवृत्ति निश्चित रूप से डरावनी, मर्मांतक एवं खौफनाक है। चिंता का बड़ा कारण इसलिए भी है, क्योंकि जिस उम्र में बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास की नींव रखी जाती है, उसी उम्र में कई बच्चों में आक्रामकता एवं क्रूर मानसिकता घर करने लगी है और उनका व्यवहार हिंसक होता जा रहा है।

कैथल जनपद के गांव धनौरी में दो किशोरों की निर्मम एवं क्रूर हत्या की हृदयविदारक घटना न केवल उद्वेलित एवं भयभीत करने वाली है बल्कि चिन्ताजनक है। 14-15 साल के दो किशोरों की गला रेतकर हत्या कर देना और वह भी उनके हमउम्र साथियों द्वारा, हर संवेदनशील इंसान को हिला देने वाली डरावनी एवं खौफनाक घटना है, जो किशोरों में पनप रहे हिंसक बर्ताव एवं हिंसक मानसिकता का घिनौना एवं घातक रूप है। जिस उम्र में बच्चों को पढ़ाई-लिखाई और खेलकूद में व्यस्त रहना चाहिए, उसमें उनमें बढ़ती आक्रामकता, हिंसा एवं क्रूरता एक अस्वाभाविक और परेशान करने वाली बात है। जाहिर है दसवीं-11वीं के छात्रों की क्रूर हत्या हमारे समाज में बढ़ती संवेदनहीनता को भी दर्शाती है। ऐसी कई अन्य घटनाओं में स्कूल में पढ़ने वाले किसी बच्चे ने अपने सहपाठी पर चाकू या किसी घातक हथियार से हमला कर दिया और उसकी जान ले ली। भारत के बच्चों में हिंसक मानसिकता का पनपना हमारी शिक्षा, पारिवारिक एवं सामाजिक संरचना पर कई सवाल खड़े करती है।

जैसाकि घटना से संबंधित तथ्यों में बताया गया कि हत्या में शामिल युवक धनौरी गांव के ही थे और कुछ दिन पहले किशोरों को धमकाने उनके घर आए थे। मारे गए किशोरों पर हत्या आरोपियों ने आरोप लगाया था कि वे उनकी बहनों से छेड़खानी करते थे। निश्चय ही ऐसे छेड़खानी के कथित आरोप को नैतिक दृष्टि से अनुचित ही कहा जाएगा, लेकिन उसका बदला हत्या कदापि नहीं हो सकती। यह दुखद है कि एक मृतक किशोर पांच बहनों का अकेला भाई था। घटना से उपजी त्रासदी से उसके परिवार पर हुए वज्रपात को सहज महसूस किया जा सकता है। उनके लिए जीवनभर न भुलाया जा सकने वाला दुख एवं संत्रास पैदा हुआ है। बड़ा सवाल है कि जिन वजहों से बच्चों के भीतर आक्रामकता एवं हिंसा पैदा हो रही है, उससे निपटने के लिए क्या किया जा रहा है? पाठ्यक्रमों का स्वरूप, पढ़ाई-लिखाई के तौर-तरीके, बच्चों के साथ घर से लेकर स्कूलों में हो रहा व्यवहार, उनकी रोजमर्रा की गतिविधियों का दायरा, संगति, सोशल मीडिया या टीवी से लेकर सिनेमा तक उसकी सोच-समझ को प्रभावित करने वाले अन्य कारकों से तैयार होने वाली उनकी मनः स्थितियों के बारे में सरकार, समाजकर्मी एवं अभिभावक क्या समाधान खोज रहे हैं। बच्चों के व्यवहार और उनके भीतर घर करती प्रवृत्तियों पर मनोवैज्ञानिक पहलू से विचार किए बिना समस्या को कैसे दूर किया जा सकेगा? बहरहाल, इस हृदयविदारक एवं त्रासद घटना ने नई बन रही समाज एवं परिवार व्यवस्था पर अनेक सवाल खड़े किए हैं। सवाल नए बन रहे समाज की नैतिकता एवं चरित्र से भी जुड़े हैं। निश्चित ही किसी परिवार की उम्मीदों का यूं कत्ल होना मर्मांतक एवं खौफनाक ही है, लेकिन सवाल यह है कि 14-15 साल के किशोरों पर यूं किन्हीं लड़कियों को छेड़ने के आरोप क्यों लग रहे हैं? पढ़ने-लिखने की उम्र में यह सोच कहां से आ रही है? क्यों हमारे अभिभावक बच्चों को ऐसे संस्कार नहीं दे पा रहे हैं ताकि वे किसी की बेटी व बहन को यूं परेशान न करें? क्यों लड़कियों से छेड़छाड़ की अश्लील एवं कामुक घटनाएं बढ़ रही है। क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था में नैतिक शिक्षा का वह पक्ष उपेक्षित हो चला है, जो उन्हें ऐसा करने से रोकता है? क्या शिक्षक छात्रों को सदाचारी व नैतिक मूल्यों का जीवन जीने की प्रेरणा देने में विफल हो रहे हैं? हत्या की घटना हत्यारों की मानसिकता पर भी सवाल उठाती है कि उन्होंने क्यों सोच लिया कि छेड़खानी का बदला हिंसा एवं क्रूरता से गला काटना हो सकता है? धनौरी की घटना के पूरे मामले की पुलिस अपने तरीके से जांच करेगी, लेकिन किशोर अवस्था में ऐसी घटना को अंजाम देने के पीछे बच्चे की मानसिकता का पता लगाना भी ज्यादा जरूरी है। दरअसल, दशकों तक बॉलीवुड की हिंदी फिल्मों ने समाज एवं विशेषतः किशोर पीढ़ी में जिस अपसंस्कृति का प्रसार किया, आज हमारा समाज उसकी त्रासदी झेल रहा है। इसमें दो राय नहीं कि किशोरवय में राह भटकने का खतरा ज्यादा रहता है। अब तक हिन्दी सिनेमा से समाज के किशोरवय और युवाओं में गलत संदेश गया कि निजी जीवन में छेड़खानी ही प्रेम कहानी में तब्दील हो सकती है। हमारे टीवी धारावाहिकों की संवेदनहीनता ने गुमराह किया है। बॉक्स ऑफिस की सफलता और टीआरपी के खेल ने मनोरंजक कार्यक्रमों में ऐसी नकारात्मकता एवं हिंसक प्रवृत्ति भर दी कि किशोरों में हिंसक एवं अराजक सोच पैदा हुई।



**हमारे देश में भी शीर्ष अदालत ने समय-समय पर ऐसी घटनाओं पर तल्ख टिप्पणियां की हैं। क्या इन दर्दनाक घटनाओं से हमारे अभिभावकों, समाज-निर्माताओं एवं हमारे सत्ताधीशों की आंख खुलेगी? बच्चों से जुड़ी हिंसा की इन वीभत्स एवं त्रासद घटनाओं से जिन्दगी सहम गई है। हमें मानवीय मूल्यों के लिहाज से भी विकास एवं नई समाज-व्यवस्था की परख करनी होगी। बच्चों के भीतर हिंसा मनोरंजन की जगह ले रही है। इसी का नतीजा है कि छोटे स्कूली बच्चे भी अपने किसी सहपाठी की हत्या तक कर रहे हैं।**

इंटरनेट के विस्तार और सोशल मीडिया के प्रसार से स्वच्छंद यौन व्यवहार का ऐसा अराजक एवं अनियंत्रित रूप सामने आया कि जिसने किशोरों व युवकों को पथभ्रष्ट एवं दिग्भ्रमित करना शुरू कर दिया। आज संकट यह है कि हर किशोर के हाथ में आया मोबाइल उसे समय से पहले वयस्क बना रहा है। जिस पर न परिवार का नियंत्रण है और न ही शिक्षकों का। मन जो चाहे वही करो की मानसिकता वहां पनपती है जहां इंसानी रिश्तों के मूल्य समाप्त हो चुके होते हैं, जहां व्यक्तिवादी व्यवस्था में बच्चे बड़े होते-होते स्वच्छन्द हो जाते हैं। अर्थप्रधान दुनिया में माता-पिता के पास बच्चों के साथ बिताने के लिए समय ही नहीं बच पा रहा। आज किशोरों एवं युवाओं को प्रभावित करने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व नए-नए एप पश्चिमी अपसंस्कृति से संचालित हैं। इन पर अश्लीलता और यौन-विकृतियों वाले कार्यक्रमों का बोलबाला है। ऐसे कार्यक्रमों की बाढ़ हैं जिनमें हमारे पारिवारिक व सामाजिक रिश्तों में स्वच्छंद यौन व्यवहार को हकीकत बनाने का खेल चल रहा है। पारिवारिक एवं सामाजिक उदासीनता एवं संवादहीनता से ऐसे बच्चों के पास सही जीने का शिष्ट एवं अहिंसक सलीका नहीं होता। वक्त की पहचान नहीं होती। ऐसे बच्चों में मान-मर्यादा, शिष्टाचार, संबंधों की आत्मीयता, शांतिपूर्ण सहजीवन आदि का कोई खास ख्याल नहीं रहता। भौतिक सुख-सुविधाएं एवं यौनाचार ही जीवन का अंतिम लक्ष्य बन जाता है। भारतीय बच्चों में इस तरह का एकाकीपन उनमें गहरी हताशा, तीव्र आक्रोश और विषैले प्रतिशोध का भाव भर रहा है। वे मानसिक तौर पर बीमार बन रहे हैं, वे आत्मघाती-हिंसक बन रहे हैं और अपने पास उपलब्ध खतरनाक एवं घातक हथियारों का इस्तेमाल कर हत्याकांड कर बैठते हैं।

ऑस्ट्रिया के क्लागेनफर्ट विश्वविद्यालय की ओर से किशोरों पर किए गए अध्ययन में पता चला है कि दुनिया भर में 35.8 प्रतिशत से ज्यादा किशोर मानसिक तनाव, अनिद्रा, अकारण भय, पारिवारिक अथवा सामाजिक हिंसा, चिड़चिड़ापन अथवा अन्य कारणों से जूझ रहे हैं। एकाकीपन बढ़ने से वे ज्यादा आक्रामक और विध्वंसक सोच की तरफ बढ़ने लगे हैं। मोबाइल व कथित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बह रहे नीले जहर से किशोर अराजक यौन व्यवहार एवं हिंसक प्रवृत्तियों की तरफ उन्मुख हुए हैं। किशोरों को समझाने वाला कोई नहीं है कि यह रास्ता आत्मघात का है। आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड व ब्रिटेन जैसे देश किशोरों को मोबाइल से दूर रखने हेतु कानून बना रहे हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## सबसे खूबसूरत महारानी थी गायत्री देवी

**इंदिरा गांधी और गायत्री देवी गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के बंगाल में स्थापित शांतिनिकेतन के स्कूल पाठ भवन में एक साथ पढ़ी थीं। दोनों तभी से एक-दूसरे को जानती थीं। हालांकि, दोनों में दुश्मनी की वजह खूबसूरती थी या कुछ और इस बारे में कोई दस्तावेजी साक्ष्य उपलब्ध नहीं है। वरिष्ठ पत्रकार खुशवंत सिंह ने जरूर अपनी लेखनी और साक्षात्कारों में यह इशारा किया था कि इंदिरा गांधी खुद से सुंदर महिला को अपने आसपास भी बर्दाश्त नहीं कर पाती थीं।**

भारत की महिलाएं हर क्षेत्र में विश्व स्तर पर अपना परचम लहरा रही हैं। आज ही के दिन यानी की 23 मई को महारानी गायत्री देवी का जन्म हुआ था। वह शाही परिवार से ताल्लुक रखती थीं। गायत्री देवी ने शादी के बाद न सिर्फ अपने राज्य को संभाला बल्कि राजनीति में भी अहम योगदान दिया था। उस दौर में महारानी गायत्री देवी की टक्कर इंदिरा गांधी से हुआ करती हैं। माना जाता है कि वह किसी भी मामले में इंदिरा गांधी से कम नहीं थीं। वहीं कुछ लोगों का ऐसा भी मानना है कि इंदिरा गांधी को गायत्री देवी से जलन थीं। तो आइए जानते हैं उनकी बर्थ एनिवर्सरी के मौके पर गायत्री देवी के राजशाही जीवन और राजनीतिक करियर के बारे में।।।

### जन्म और परिवार

लंदन में 23 मई 1919 को महारानी गायत्री देवी का जन्म हुआ था। वह जयपुर के राजघराने से ताल्लुक रखती थीं। इनके पिता का नाम राजकुमार जितेंद्र नारायण था, जोकि बंगाल में कूचबिहार के युवराज के छोटे भाई थे। कूंच बिहार के राजा की मृत्यु के बाद जितेंद्र नारायण वहां के राजा बन गए। महारानी गायत्री और उनके अन्य भाई-बहन छोटे ही थे, जब उनके पिता का निधन हो गया था। जिसके बाद माता इंदिरा राजे ने राजघराने और बच्चों को संभाला था।

### लव लाइफ और शादी

गायत्री देवी प्यार और शादी के मामले में अपनी मां इंदिरा राजे जैसी ही थीं। सिर्फ 12 साल की उम्र में उनको जयपुर के राजा मानसिंह बहादुर से प्यार हो गया। जबकि मानसिंह की पहले से दो शादियां हो चुकी थीं। मानसिंह गायत्री देवी से 9 साल बड़े थे। जब गायत्री देवी 16 साल की हुईं, तो मानसिंह ने उनसे शादी के बारे में पूछा, वहीं गायत्री देवी ने हामी भर दी और समाज के खिलाफ जाकर मानसिंह से शादी कर ली।

### राजनीतिक जीवन

मानसिंह बहादुर से शादी के बाद गायत्री सिंह जयपुर की महारानी बन गईं। उनको न तो बंगाली और न ही राजस्थानी भाषा सही से बोलनी आती थी। वह अंग्रेची और फ्रेंच में बात किया करती थीं। उस दौर में गायत्री सिंह को सबसे सुंदर महिला का खिताब मिला था। हालांकि राजनीति में गायत्री देवी को अपनी बेबाकी के लिए भी जाना जाता था। साल 1962 में स्वतंत्र पार्टी के टिकट पर उन्होंने पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ा और 1 लाख 92 हजार वोटों से जीत हासिल की थी। उस दौरान इतनी बड़ी जीत की वजह से उनका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल हो गया था।

### इंदिरा गांधी से विवाद

एक बार गायत्री देवी की संसद में जवाहर लाल नेहरू से बहस हो गई थी। हालांकि नेहरू और गायत्री देवी के बीच राजनीतिक विरोध था, लेकिन जब इंदिरा गांधी राजनीति में आई, तो यह निजी बन गया। गायत्री देवी और इंदिरा गांधी दोनों एक-दूसरे को बचपन से जानती थीं। एक बार सदन में इंदिरा गांधी ने गायत्री देवी को कांच की गुड़िया कहकर पुकारा था। दोनों का एक किस्सा मशहूर है, जब महारानी गायत्री देवी को जेल में डालकर इंदिरा गांधी ने जयगढ़ के किले में फौज भेज दी थी।



### मृत्यु

वहीं 29 जुलाई 2009 को 90 साल की उम्र में महारानी गायत्री देवी का निधन हो गया था।

## आज भी विकासशील अवस्था में है भारत की शिक्षा व्यवस्था

भारत में शिक्षा प्रणाली एक लंबे समय से विकासशील अवस्था में है। स्वतंत्रता के पश्चात शिक्षा नीति में अनेक सुधार किए गए, लेकिन आज भी यह प्रणाली कई चुनौतियों से जूझ रही है। बदलते समय के साथ एक ऐसी शिक्षा प्रणाली की आवश्यकता है जो न केवल रोजगारपरक हो, बल्कि मानवीय मूल्यों, नवाचार, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सामाजिक समानता को भी बढ़ावा दे। भारत में एक सर्वोत्तम शिक्षा प्रणाली कैसे विकसित की जा सकती है।

भारत में शिक्षा की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए यह आवश्यक है कि हम इसे केवल स्कूल या विश्वविद्यालय तक सीमित न रखें। शिक्षा को जीवन के हर स्तर पर समझने की आवश्यकता है चाहे वह प्राथमिक स्तर हो, माध्यमिक हो, उच्च शिक्षा हो या व्यावसायिक प्रशिक्षण। वर्तमान समय में जो सबसे बड़ी चुनौती सामने है वह है शिक्षा की गुणवत्ता और उसका असमान वितरण। महानगरों में जहां आधुनिक तकनीक, अच्छे शिक्षक और संसाधन उपलब्ध हैं, वहीं ग्रामीण भारत आज भी बुनियादी सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा है। इस अंतर को पाटे बिना एक समावेशी और उत्कृष्ट शिक्षा प्रणाली की कल्पना अधूरी है।

एक सशक्त शिक्षा प्रणाली का निर्माण प्रारंभिक शिक्षा से ही होता है। यह वह आधारशिला है जिस पर विद्यार्थी का सम्पूर्ण बौद्धिक विकास निर्भर करता है। इस स्तर पर शिक्षकों की भूमिका निर्णायक होती है। यदि शिक्षक को प्रेरणा, प्रशिक्षण और आत्मनिर्भरता मिले, तो वह समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है। भारत में शिक्षकों की स्थिति को सुधारने की आवश्यकता है। उन्हें केवल पाठ्यपुस्तक पढ़ाने वाला माध्यम न समझा जाए, बल्कि एक मार्गदर्शक, विचारक और प्रेरक के रूप में देखा जाए। शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा पास करना या नौकरी पाना नहीं होना चाहिए। यह व्यक्ति को सोचने, समझने, सवाल करने और समाधान निकालने की क्षमता देनी चाहिए। आज की शिक्षा प्रणाली में यह दृष्टिकोण अभी सीमित रूप से ही देखने को मिलता है। अधिकतर स्कूलों और कॉलेजों में छात्रों को रटने के लिए मजबूर किया जाता है। यह प्रवृत्ति छात्रों की रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच को दबा देती है। इसलिए हमें मूल्य आधारित शिक्षा को बढ़ावा देना होगा। इसमें केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों, सामाजिक जिम्मेदारियों, और सांस्कृतिक समझ को भी स्थान मिलना चाहिए।



**भारत एक बहुभाषी देश है, और यहां बच्चों को उनकी मातृभाषा में शिक्षा देना आवश्यक है। शोध बताते हैं कि बच्चे अपनी पहली भाषा में जल्दी सीखते हैं। जब वे प्रारंभिक शिक्षा अपनी मातृभाषा में प्राप्त करते हैं, तो वे बेहतर समझ पाते हैं और अभिव्यक्ति में भी सशक्त होते हैं। इसलिए शिक्षा नीति में मातृभाषा को प्राथमिकता देना चाहिए, साथ ही धीरे-धीरे राष्ट्रीय और वैश्विक भाषाओं का भी समावेश करना चाहिए ताकि बच्चों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार किया जा सके। भारत में शिक्षा को सर्वोत्तम बनाने के लिए एक और महत्वपूर्ण आवश्यकता है।**

पाठ्यक्रम और मूल्यांकन प्रणाली भी शिक्षा की गुणवत्ता को प्रभावित करते हैं। भारत में आज भी परीक्षा प्रणाली का मूल आधार अंक प्राप्त करना है, न कि ज्ञान की गहराई को परखना। बच्चों को नंबर की दौड़ में शामिल कर दिया जाता है, जिससे उनके मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर पड़ता है। आवश्यकता है कि हम ऐसी परीक्षा प्रणाली विकसित करें जो बच्चों की समझ, नवाचार, और व्यावहारिक ज्ञान का आकलन कर सके। यह तभी संभव है जब हम शिक्षा को एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि सीखने की प्रक्रिया के रूप में देखें। तकनीक के इस युग में डिजिटल शिक्षा की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। भारत में डिजिटल इंडिया के अंतर्गत अनेक प्रयास किए गए हैं, लेकिन इनका लाभ सभी तक नहीं पहुंच पाया है। एक समतामूलक शिक्षा प्रणाली के लिए यह आवश्यक है कि देश के प्रत्येक कोने में इंटरनेट, मोबाइल उपकरण और डिजिटल सामग्री उपलब्ध कराई जाए। इसके साथ ही शिक्षकों को भी तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाए ताकि वे इसे प्रभावी ढंग से कक्षा में उपयोग कर सकें। डिजिटल शिक्षा केवल शहरी बच्चों का विशेषाधिकार न बने, यह सुनिश्चित करना राज्य और केंद्र सरकार दोनों की जिम्मेदारी है। शिक्षा में भाषा का महत्व भी विशेष है।

### शिक्षा का माध्यम

भारत एक बहुभाषी देश है, और यहां बच्चों को उनकी मातृभाषा में शिक्षा देना आवश्यक है। शोध बताते हैं कि बच्चे अपनी पहली भाषा में जल्दी सीखते हैं। जब वे प्रारंभिक शिक्षा अपनी मातृभाषा में प्राप्त करते हैं, तो वे बेहतर समझ पाते हैं और अभिव्यक्ति में भी सशक्त होते हैं। इसलिए शिक्षा नीति में मातृभाषा को प्राथमिकता देना चाहिए, साथ ही धीरे-धीरे राष्ट्रीय और वैश्विक भाषाओं का भी समावेश करना चाहिए ताकि बच्चों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार किया जा सके। भारत में शिक्षा को सर्वोत्तम बनाने के लिए एक और महत्वपूर्ण आवश्यकता है। नीति और क्रियान्वयन में समन्वय। अक्सर देखा जाता है कि नीतियां तो बहुत अच्छी बनती हैं, लेकिन उनका क्रियान्वयन कमजोर होता है। इसके लिए सरकार, शैक्षणिक संस्थाएं, शिक्षक और समाज सभी को मिलकर कार्य करना होगा। स्कूलों और कॉलेजों को केवल परीक्षा केंद्र नहीं, बल्कि ज्ञान के केंद्र बनाना होगा। अभिभावकों को भी यह समझने की आवश्यकता है कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि संपूर्ण विकास का माध्यम है। इसके अतिरिक्त शिक्षा में नवाचार को भी बढ़ावा देना होगा। नवाचार का अर्थ केवल तकनीकी बदलाव नहीं, बल्कि सोचने के तरीके में भी परिवर्तन से है। विद्यार्थियों को ऐसे प्रोजेक्ट्स, समस्याएं और चुनौतियां दी जाएं जो उन्हें सोचने, विश्लेषण करने और समाधान निकालने में मदद करें। इसके लिए कक्षाओं में प्रयोग, चर्चा, समूह कार्य और परियोजना आधारित शिक्षा को अपनाया जाना चाहिए। अंत में यह समझना आवश्यक है कि भारत की शिक्षा प्रणाली में सुधार केवल सरकार या संस्थानों की जिम्मेदारी नहीं है। यह एक सामाजिक प्रयास है जिसमें हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है। जब तक हम शिक्षा को एक सामाजिक मिशन के रूप में नहीं देखेंगे, तब तक हम उसमें व्यापक और गहरा परिवर्तन नहीं ला सकेंगे।

यदि हम वास्तव में भारत में एक सर्वोत्तम शिक्षा प्रणाली चाहते हैं, तो हमें शिक्षा को केवल लाभ का साधन नहीं, बल्कि जीवन के परिवर्तन का माध्यम मानना होगा। तभी हम एक ऐसे भारत की कल्पना कर पाएंगे जहां हर बच्चा अपने सपनों को साकार कर सके, और जहां शिक्षा केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला बन जाए। यही एक समृद्ध, सशक्त और संवेदनशील राष्ट्र की आधारशिला होगी।

...साभार

## ट्रम्प का मिजाज निराला

# हार्वर्ड में अब विदेशी छात्रों के दाखिले पर रोक

**न्यूयार्क।** अमेरिका के डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन ने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की विदेशी स्टूडेंट्स को एडमिशन देने की योग्यता रद्द कर दी है। अमेरिका की होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने गुरुवार देर रात होमलैंड सुरक्षा विभाग (डीएचएस) को हार्वर्ड के स्टूडेंट एंड एक्सचेंज विजिटर प्रोग्राम (एसईवीपी) का सर्टिफिकेशन तत्काल प्रभाव से रद्द करने का आदेश दिया। विदेशी स्टूडेंट्स को एडमिशन देने की योग्यता वापस पाने के लिए हार्वर्ड को 72 घंटों में मौजूदा बाहरी स्टूडेंट्स की जानकारी देनी होगी।

अभी यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे सभी विदेशी छात्रों को दूसरे संस्थानों में ट्रांसफर लेने के लिए कहा गया है। नहीं तो उन्हें देश छोड़ना पड़ सकता है। बीते कुछ दिनों से हार्वर्ड और सरकार के बीच विदेशी छात्रों से जुड़े रिकार्ड को लेकर खींचतान चल रही थी। क्रै ने अप्रैल में कहा था कि अगर हार्वर्ड ने 30 अप्रैल तक विदेशी स्टूडेंट्स के अवैध और हिंसक मामलों का पूरा रिकार्ड नहीं दिया, तो उसका एसईवीपी सर्टिफिकेशन छीन लिया जाएगा। यूनिवर्सिटी ने जो रिकार्ड दिया था, उससे प्रशासन संतुष्ट नहीं है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में लगभग 27 प्रतिशत बाहरी छात्र हैं। वहां अभी लगभग 6800 विदेशी स्टूडेंट्स पढ़ रहे हैं। इनमें भारत के 788 छात्र हैं। ज्यादातर स्टूडेंट्स एफ-1 या जे-1 वीजा पर हैं। एफ-1 वीजा अमेरिकी शैक्षणिक संस्थान में पढ़ने वाले छात्रों के लिए है, जबकि जे वीजा स्कालर्स, रिसर्चर्स सहित एक्सचेंज विजिटर्स के लिए है। अमेरिका की होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने हार्वर्ड को दो पेज का एक लेटर भेजा है। ट्रम्प प्रशासन बोला: यूनिवर्सिटी यहूदी-विरोधी सोच को बढ़ावा दे रही ट्रम्प प्रशासन में होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने हार्वर्ड को लिखा लेटर एक्स पर शेयर किया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा कि ट्रम्प प्रशासन हार्वर्ड को अपने कैंपस में हिंसा, यहूदी-विरोधी सोच को बढ़ावा देने और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के साथ समन्वय बनाने के लिए जिम्मेदार ठहराता है। यूनिवर्सिटीज के लिए विदेशी छात्रों को एडमिशन देना और उनसे मोटी फीस लेना, जिससे वे अपनी मल्टी-अरब डालर के खजाने को बढ़ा सके, एक विशेषाधिकार है, न कि अधिकार। हार्वर्ड को कई मौके दिए, लेकिन वह कानून का पालन करने में विफल रही। यह कार्रवाई इसे देश भर के सभी यूनिवर्सिटी और शैक्षणिक संस्थानों के लिए एक चेतावनी है। होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने एक्स पर अपने पोस्ट के साथ लेटर शेयर किया। होमलैंड सुरक्षा विभाग (डीएचएस) अपने बयान में कहा कि हार्वर्ड को लीड कर रहे लोगों ने अमेरिका विरोधी, आतंकवाद समर्थक आंदोलनकारियों को कई यहूदी छात्रों को परेशान करने और शारीरिक रूप से हमला करने की अनुमति दी।



**ट्रम्प प्रशासन का फैसला, अभी यहां सात हजार विदेशी छात्र इनमें 788 भारतीय शामिल**

### कनाडा में विदेशी छात्रों का पढ़ाई करना हुआ मुश्किल

**ओटावा।** कनाडा ने इंटरनेशनल स्टूडेंट को दिए जाने वाले स्टडी परमिट की संख्या में कटौती की है। पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 2025 की पहली तिमाही में भारतीय स्टूडेंट को दिए गए परमिट में 31 प्रतिशत की गिरावट आई है। इमिग्रेशन, रिफ्यूजीज एंड सिटिजनशिप कनाडा (आईआरसीसी) के आंकड़ों के मुताबिक जनवरी-मार्च 2025 के बीच सिर्फ 30640 स्टूडेंट को स्टडी परमिट दिया गया। जबकि 2024 में इसी अवधि के दौरान यह संख्या 44295 थी। जनवरी 2025 में, कनाडा की आबादी 4 करोड़ 15 लाख थी, जिसमें अस्थायी निवासियों की संख्या 3 करोड़ 2 लाख थी। यह लगभग 7.25 प्रतिशत है। कनाडा सरकार इसे 2028 तक 5 प्रतिशत से कम पर ले जाना चाहती है। लिए स्टडी परमिट की लिमिट 437000 कर दी है, जो 2024 के मुकाबले 10 प्रतिशत कम है। यह सीमा 2026 तक लागू रहेगी। कनाडा ने साल 2023 से ही इंटरनेशनल स्टूडेंट की संख्या को कम करने के लिए कोशिश शुरू कर दी थी। कनाडा ने 2023 में कुल 6.81 लाख स्टडी परमिट जारी किए, जिनमें से 2.78 लाख भारतीय छात्रों के लिए थे।

## इंडोनेशिया, नेपाल में भूकंप के झटके

**जकार्ता।** इंडोनेशिया और नेपाल में शुक्रवार को भूकंप के तीव्र झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इंडोनेशिया में भूकंप की तीव्रता 6.0 जबकि नेपाल में 4.3 मापी गई। इंडोनेसिया के पश्चिमी बेंगकुलु प्रांत में भूकंप से कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए और कुछ लोग घायल हो गए। भूकंप के झटके स्थानीय समयानुसार तड़के 02:52 बजे महसूस किए गए। इसका केंद्र बेंगकुलु शहर से 47 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में समुद्र तल से 84 किलोमीटर नीचे था। बेंगकुलु प्रांत की आपदा प्रबंधन एजेंसी के सचिव रेजा अफ्यिान्टो ने बताया कि बेंगकुलु शहर के लोगों ने भूकंप के बहुत तेज झटके महसूस किए। शहर में 33 घर क्षतिग्रस्त हो गए।




**जम्मू-कश्मीर। किश्तवाड़ में चल रहे आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान कड़ी सुरक्षा के बीच एक पुलिस अधिकारी पहरा देते हुए।**

# सिंधु जल संकट पर पाक के सांसद का भी गला सूखा

## पीटीआई सांसद ने कहा: पाकिस्तान की 90% फसलें इसी पर निर्भर, संकट नहीं सुलझा, तो भूखे मर जाएंगे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सांसद सैयद अली जफर ने सिंधु जल संकट को बताया वाटर बम बताया है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि वो जल्द से जल्द से संकट से बाहर निकलने के लिए कोई कदम उठाए। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी से सांसद अली जफर ने शुक्रवार को पाकिस्तान संसद में कहा कि हमारा हर 10 में से 9 आदमी इसी पर नदी पर निर्भर है। हमारी 90 प्रतिशत फसलों को इसी नदी से पानी मिलता है।

उन्होंने कहा: अगर हम इस जल संकट को अभी नहीं सुलझाते, तो हम भूख से मर सकते हैं। इसकी वजह यह है कि सिंधु बेसिन हमारी लाइफ लाइन है। हमारा तीन-चौथाई पानी देश के बाहर से आता है। पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता अहमद शरीफ चौधरी ने भारत को धमकी भरा बयान दिया है। शरीफ ने एक बयान में कहा, अगर तुम (भारत) हमारा पानी बंद करोगे, तो हम तुम्हारी सांसें बंद कर देंगे। चौधरी ने कहा भारत सोचता है कि वह पाकिस्तान का पानी रोक देगा। यह एक पागलपन से भरी सोच है। 24 करोड़ लोगों का पानी रोकना संभव ही नहीं है। प्रवक्ता चौधरी ने यह बयान पाकिस्तान के एक विश्वविद्यालय में भाषण के दौरान की। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हो गया है। हालांकि, यह वीडियो किस कार्यक्रम और जगह का है, इसकी फिलहाल जानकारी नहीं है। 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में 5 आतंकियों ने 26 टूरिस्ट्स की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके अगले दिन पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए भारत ने 5 बड़े फैसले लिए थे। इसमें 65 साल पुरानी सिंधु जल संधि को रोका गया था। अटारी चेक पोस्ट बंद कर दिया गया था। वीजा बंद कर दिया गया और उच्चायुक्तों को हटा दिया था। सिंधु नदी प्रणाली में कुल 6 नदियां हैं। सिंधु, झेलम, चिनाब, रावी, ब्यास और सतलुज। इनके किनारे का इलाका करीब 11.2 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इसमें 47: जमीन पाकिस्तान, 39 प्रतिशत जमीन भारत, 8 प्रतिशत जमीन चीन और 6 प्रतिशत जमीन अफगानिस्तान में है। इन सभी देशों के करीब 30 करोड़ लोग इन इलाकों में रहते हैं। 1947 में भारत और पाकिस्तान के बंटवारे के पहले से ही भारत के पंजाब और पाकिस्तान के सिंध प्रांत के बीच नदियों के पानी के बंटवारे का झगड़ा शुरू हो गया था।



**24 करोड़ लोगों का पानी रोकना संभव ही नहीं है**

## यूरेनियम संवर्धन पर रोक को लेकर तेहरान बिफरा

**तेहरान।** ईरान ने स्पष्ट कहा है कि अगर अमेरिका उसके यूरेनियम संवर्धन को रोकना चाहता है तो उसके साथ कोई परमाणु समझौता नहीं होगा। ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने शुक्रवार को इटली की राजधानी रोम में ईरान और अमेरिका के प्रतिनिधिमंडलों के बीच अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता के पांचवें दौर से पहले सरकारी आईआरआईबी टीवी के साथ एक साक्षात्कार में यह टिप्पणी की।

उन्होंने कहा हमारे बीच अभी भी बुनियादी मतभेद मौजूद हैं। अमेरिकी पक्ष ईरान में यूरेनियम संवर्धन में विश्वास नहीं करता है। अगर यह उनका उद्देश्य है, तो कोई समझौता नहीं होगा। अराघची ने अमेरिकी अधिकारियों की हाल की उन मांगों के संदर्भ में यह टिप्पणी की जिसमें कहा गया था कि वह (अमेरिका) चाहता है कि ईरान अपनी धरती पर यूरेनियम संवर्धन को पूरी तरह से रोक दे। उन्होंने कहा यदि वे चाहते हैं कि ईरान परमाणु हथियारों की ओर न बढ़े, तो यह हासिल किया जा सकता है। हम परमाणु हथियार नहीं चाहते हैं। उन्होंने कहा कि 2015 में ईरान और कई अन्य देशों के बीच हस्ताक्षरित परमाणु समझौता अब प्रभावी नहीं है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि समझौता खत्म हो गया है तथा औपचारिक रूप से संयुक्त व्यापक कार्य योजना के रूप में जाना जाने वाला समझौता फिर से शुरू किया जा सकता है।

**ईरान के विदेश मंत्री ने कहा: अमेरिका के साथ परमाणु समझौता नहीं**

# बांग्लादेश में यूनुस के विदाई के आसार, इस्तीफे की पेशकश

## बढ़ते विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार विचलित

**ढाका।** बंगलादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस देश में बढ़ते विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर अपने पद से इस्तीफा देने पर विचार कर रहे हैं।

नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) के संयोजक नाहिद इस्लाम ने बीबीसी बंगला से बातचीत में कहा कि देश के मुख्य सलाहकार इस्तीफा देने पर विचार कर रहे हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यूनुस ने गुरुवार को अपने कार्यालय में सलाहकार परिषद की बैठक में इस्तीफा देने की इच्छा व्यक्त की तथा अपनी सरकार के प्रदर्शन और कर्तव्यों को लेकर बढ़ते सवालों पर चिंता भी व्यक्त की। इस्लाम ने कहा कि यूनुस ने परस्पर विरोधी मांगों को लेकर बढ़ते विरोध प्रदर्शनों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने मुख्य सलाहकार के हवाले से कहा कि मैं इस तरह काम नहीं कर सकता, अगर आप सभी राजनीतिक दल एकमत नहीं हो सकते। एनसीपी नेता ने यूनुस से जल्दबाजी में ऐसा कोई फैसला न लेने का आग्रह किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि वह (यूनुस) पार्टियों के बीच एकता सुनिश्चित करेंगे और सभी उनका सहयोग करेंगे। सोशल मीडिया पर बढ़ती अटकलों के बीच नाहिद के अलावा सूचना सलाहकार महफूज आलम और स्थानीय सरकार सलाहकार आसिफ महमूद शोजिब भुइयां ने भी कल शाम यूनुस से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की।


**यूनुस ने परस्पर विरोधी मांगों को लेकर बढ़ते विरोध प्रदर्शनों पर चिंता व्यक्त की**



# पाकिस्तान में कोरोना से एक हफ्ते में चार लोगों की मौत

**इस्लामाबाद/नई दिल्ली।** पाकिस्तान के कराची में बीते एक हफ्ते में कोरोना की वजह से 4 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में ज्यादातर बुजुर्ग थे और ये लोग पहले से ही कई बीमारियों से जूझ रहे थे। ये सभी मौतें आगा खान यूनिवर्सिटी हास्पिटल में हुई है। यहां पर बीते कुछ दिनों से लगातार कोरोना मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। वहीं, भारत में अब तक कोरोना के 312 नए मामले मिले हैं।

केरल में सबसे ज्यादा 95, तमिलनाडु में 66 और महाराष्ट्र में 56 नए केस मिले हैं। इन नए मामलों के लिए कोरोना के जेएन1 वैरिएंट को वजह माना जा रहा है। कराची के श्वसन रोग एक्सपर्ट्डा. जावेद खान ने मीडिया को बताया कि पिछले हफ्ते से हर दिन 8 से 10 कोविड-19 के पॉजिटिव मामले देखे जा रहे हैं। वहीं, सिंध की स्वास्थ्य मंत्री डा. आजरा पेचुहो ने कहा कि फिलहाल पर मौजूदा हालात पर कुछ भी बयान नहीं दे सकती। पाकिस्तान के नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ हेल्थ (एनआईएच) के एक अधिकारी ने मीडिया को बताया: हमें बहुत कम सैंपल मिल रहे हैं, लेकिन उनमें से 10 से 20 प्रतिशत सैंपल कोविड पॉजिटिव हैं। समस्या की गंभीरता समझने के लिए हमें और डेटा चाहिए। इस बार कोरोना के नए वैरिएंट का सबसे ज्यादा असर बुजुर्ग और कम इम्यूनिटी वाले लोगों पर हो रहा है। बीते कुछ वक्त से एशिया भर में कोरोना के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी देखने को मिली है। सिंगापुर में 13 मई तक कोरोना के 14200 और थाईलैंड में 17 मई तक 33030 नए मरीज मिले। हान्गकान्ग में 10 मई तक 1042 नए केस दर्ज किए गए। भारत में भी 12 मई के बाद से केस बढ़े हैं। 11 राज्यों में नए केस सामने आए हैं। ज्यादातर मामले केरल, महाराष्ट्र और तमिलनाडु से हैं।



**हर दिन मिल रहे करीब 8-10 पॉजिटिव केस, भारत में अब तक कोरोना के 312 नए मामले**

## इजरायल, यूरोपीय संघ के संबंधों में कूटनीतिक क्षरण: रेगेव

**तेल अवीव।** यूरोपीय संघ में इजरायल के राजदूत हैम रेगेव ने समूचे महाद्वीप में इजरायल के प्रति बढ़ते असंतोष के बीच यूरोपीय संघ के साथ इजरायली संबंधों के कूटनीतिक तौर पर नाजुक होने की चेतावनी दी है। रेगेव ने कल ब्रसेल्स में पत्रकारों के साथ बातचीत में यह चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि गाजा में हमास आतंकवादियों के साथ देश का युद्ध लंबा खिच रहा है और यूरोपीय जनता की इजरायल के प्रति सहानुभूति कम हो रही है, इसके कारण इजरायल और यूरोपीय संघ के संबंधों में कूटनीतिक क्षरण देखा जा सकता है। उन्होंने कथित तौर पर कहा कि यह कोई कूटनीतिक सुनामी नहीं है, लेकिन निश्चित रूप से एक कूटनीतिक क्षरण है, जिसका निंदान किया जाना चाहिए।

इस बीच द टाइम्स ऑफ इजरायल के अनुसार रेगेव का यह बयान गाजा में इजरायली कार्रवाइयों की बढ़ती जांच और यूरोपीय सरकारों की बदलती भावनाओं के बीच आया है। रेगेव ने हालांकि यह स्वीकार किया कि इजरायली विदेश मंत्रालय यूरोप में समर्थन में कमी के जवाब में काम कर रहा है और एक अत्यधिक गहन कूटनीतिक अभियान चला रहा है। गौरतलब है कि यूरोप में गाजा से आ रही 'ग्राफिक' छवियों ने इजरायल के प्रति सार्वजनिक आक्रोश और राजनीतिक दबाव को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि यूरोप भयावह तस्वीरें देख रहा है और उनसे निपटने के जतन कर रहा है। युद्ध की शुरुआत में हमें जो समर्थन मिला था, वह अब नहीं रहा।

## संयुक्त राष्ट्र ने सूडान में स्थिति बिगड़ने की दी चेतावनी

**जुबा/संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने युद्धग्रस्त सूडान में मानवीय स्थिति बिगड़ने की चेतावनी दी है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कल यहां कहा कि सूडान के विभिन्न क्षेत्रों में संघर्ष बढ़ने से नागरिक घरों से निकलकर आश्रयस्थलों में जा रहे हैं।

प्रवक्ता ने अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी संगठन के हवाले से कहा कि पश्चिमी कोर्डोफन राज्य में बढ़ती असुरक्षा ने इस महीने खिवाई और नुहुद शहरों से लगभग 47000 लोगों को वहां से बाहर निकलने पर मजबूर किया। इनमें से कई लोग पहले से ही आंतरिक रूप से विस्थापित थे और अब दूसरी बार पलायन करने को मजबूर हैं।उत्तरी दारफुर में पिछले सप्ताह ही अबू शौक शिविर और अल फशर शहर से लगभग 1000 लोग विस्थापित हुए हैं जिससे इस महीने इन दो स्थानों से विस्थापित होने वाले लोगों की कुल संख्या 6,000 हो गई है। प्रवक्ता ने कहा कि कुल मिलाकर उत्तरी दारफुर में 17 लाख से अधिक लोगों के विस्थापित होने का अनुमान है।

## आईसीसी से जारी वॉरंट को रूस ने बताया बेहुदा

**मॉस्को।** रूस ने अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) द्वारा राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने को राजनीतिक पूर्वाग्रह एवं कानूनी रूप से अनुचित करार दिया है। रूसी सुरक्षा परिषद के उप सचिव अलेक्जेंडर वेनेडिक्टोव ने न्यायालय पश्चिम देशों की कठपुतली बन गया है।

द रूसी समाचार एजेंसी स्पुतनिक से बात करते हुए वेनेडिक्टोव ने कहा कि हाल के वर्षों में, आईसीसी पूरी तरह से विकृत हो गया है और वह पश्चिमी देशों के हाथों की कठपुतली बन गया है। अपने नियंत्रकों के दबाव में आकार न्यायालय ने हमारे राष्ट्राध्यक्ष और कई अधिकारियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का गैरकानूनी निर्णय लिया है। उन्होंने दावा किया कि अंतर्राष्ट्रीय कानून विशेषज्ञों द्वारा की गई कानूनी समीक्षा में आरोपों का समर्थन करने के लिए कोई विश्वसनीय साक्ष्य नहीं मिला है। स्वतंत्र अंतर्राष्ट्रीय कानून विशेषज्ञों द्वारा आईसीसी के फैसले की कानूनी समीक्षा में साक्ष्य का पूर्ण अभाव और प्रस्तुत आरोपों में विरोधाभास पाया है। ये वारंट अंतर्राष्ट्रीय कानून के सार्वभौमिक स्वीकृत मानदंडों का गंभीर उल्लंघन हैं।

**पुतिन सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई को राजनीतिक पूर्वाग्रह करार दिया**

# पाकिस्तानी सेना के अधिकारी ने भारत के खिलाफ उगला जहर

## आतंकी हाफिज की भाषा में दी धमकी 'तुम्हारी सांसें रोक देंगे'

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सेना पर आतंकी संगठनों को पालने-पोसने के आरोप लगते रहते हैं। अब सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया गया है, जिसमें पाकिस्तानी सेना के अधिकारी भारत के खिलाफ जहर उगलते और आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा के प्रमुख हाफिज सईद की भाषा बोलते नजर आ रहे हैं।

वीडियो पाकिस्तानी सेना के एक शीर्ष अधिकारी का है, जो एक इवेंट के दौरान वही भाषा और शब्द इस्तेमाल कर रहे हैं, जो पूर्व में आतंकी हाफिज सईद कर चुका है। ऐसा लगता है कि स्क्रिप्ट एक ही है, बस बोलने वाले अलग हैं। वीडियो पाकिस्तानी सेना के लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी का है, जो पाकिस्तान की यूनिवर्सिटी में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने भारत के खिलाफ जहर उगलते हुए कहा कि अगर आप हमारा पानी रोकेंगे तो हम आपकी सांसें रोक देंगे। इस बयान को भारत के सिंधु जल समझौते को स्थगित करने से जोड़कर देखा जा रहा है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने यह सख्त कदम उठाया था। पाकिस्तानी सेना के अधिकारी का यह बयान बिल्कुल आतंकी हाफिज सईद के पुराने बयान जैसा है, जिसने कहा था कि अगर तुम पानी रोकेंगे तो इंशाअल्लाह, हम आपकी सांसें रोक देंगे और फिर इन नदियों में खून बहेगा। सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने सेना के अधिकारी और आतंकी की भाषा में इतनी समानता पर सवाल उठाए हैं।



Contact for admission
Seats are Limited
Low Neet Score.... Low Budget Student's (Don't Worry)
Register Today....and Get Discount
Complete Your MBBS in just 20 to 23 Lakhs (Approx) Including
Tuition Fee, Hostel Fee, Food 3 Times, Visa Ext., Insurance Medical, Transportation, Laundry & FMGE Coaching By Experts Regularly (No Extra, No Hidden Charges
➢Russia
➢Georgia
➢Kazakistan
➢Kyragyzstan
➢Uzbekistan
➢Iran
➢Bangladesh
➢Nepal
➢China
➢Europe
➢Egypt
➢Armenia
➢U.K.
➢Canada
➢U.S.A.
Anjum Kaleem
8384872313
9457439020
No need to go Delhi or NCR, Come to Bijnor
100% Sure and Safe
India's Leading Education Consultancy
M.B.B.S./M.D BHMS, BAMS BDS, BUMS
Since 2010
ABROAD ADMISSION & COUNSELLING FOR INDIA
Top Govt. Universities NMC, WHO, WFME, UNESCO, US Assmebly Approved Universities
Indian Hostel And Mess Available
Lowest Price Packages
www.mbbsbijnor.com
M.B.B.S. ABROAD CONSULTANCY
Office Add. : Moin ka Chauraha Opposite Tiranga Enterprise, Chahshreen B-21, Bijnor